CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 16°C
न्यूनतम : 05°C

मुरादाबाद, शुक्रवार 16 जनवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 153 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 26 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



वाशिंगटन सुंदर न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से हुए बाहर खेल टाइम्स



भारत से संघर्ष के बाद हमारे फाइटर-जेट्स डिमांड में: पाकिस्तान पेज 12

# 25 करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर निकले: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

### 28वें CSPOC का पीएम ने किया उद्घाटन

### 42 देशों के 61 स्पीकर्स शामिल



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को संसद परिसर में 28वें कॉमनवेल्थ स्पीकर्स और प्रेसाइडिंग ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस (सीएसपीओसी) का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। पिछले कुछ सालों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।

पीएम मोदी ने कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत में यूपीआई दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पेमेंट सिस्टम है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन प्रोड्यूसर है। दुनिया का नंबर-2 स्टील प्रोड्यूसर है। दुनिया का तीसरा बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन मार्केट है। दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। दुनिया का तीसरा बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क है। सम्मेलन की अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला संभाल रहे हैं। इसमें कॉमनवेल्थ के 42 देशों से 61 स्पीकर्स और प्रेसाइडिंग ऑफिसर्स शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन 14 से 16 जनवरी यानी तीन दिनों तक चलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अश्लील कंटेंट के बीच X ने किया नियमों को सख्त

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने अश्लील और आपत्तिजनक कंटेंट की शिकायतों के बाद अपने नियमों को सख्त करते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) चैटबॉट ग्रोक के लिए नए सुरक्षा नियम लागू किए हैं। एक्स ने नए नियमों के तहत असली लोगों की आपत्तिजनक कपड़ों में तस्वीरों को संपादित करने पर रोक लगाना, चित्र बनाने की सुविधा सिर्फ पेड उपभोक्ताओं तक सीमित करना और ऐसे इलाकों में जियोब्लॉकिंग शुरू करना शामिल है जहां ऐसा कंटेंट गैर-कानूनी है, जो उपभोक्ता सुरक्षा और कानूनी पालन के प्रति प्लेटफॉर्म की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। एक्स ने कहा कि हमने ग्रोक खाते को बिकनी जैसे आपत्तिजनक कपड़ों में असली लोगों की तस्वीरों को संपादित करने से रोकने के लिए तकनीकी उपाय लागू किए हैं।

### मणिकर्णिका घाट पर बुलडोजर से धरोहर को मिटाना दुर्भाग्यपूर्ण : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर बुलडोजर चलाकर मोदी योगी की डबल इंजन सरकार देश की सदियों पुरानी विरासत को ध्वस्त कर घोर पाप कर रही है। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि इस ऐतिहासिक और सदियों पुरानी धरोहर पर बुलडोजर का इस्तेमाल देश की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को ध्वस्त करना है और ऐसा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विकास के नाम पर चंद लोगों के हित के लिए काशी की धार्मिक पहचान मिटाने पर लगे हैं। श्रीमती वाड्रा ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बनारस में मणिकर्णिका घाट पर बुलडोजर चलाकर सदियों पुरानी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को ध्वस्त करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

### चुनावी राज्यों की तैयारी में जुटी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी असम, तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल में चुनावी तैयारी में जुट गई है, जहां अगले कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव संभावित है। इन राज्यों के नेताओं को एक-एक करके दिल्ली बुलाया जा रहा है और पहली बैठक 16 जनवरी को होगी। कांग्रेस असम विधानसभा चुनाव में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। यही वजह है कि पार्टी के बड़े नेताओं को लगातार बड़ी जिम्मेदारी असम में दी जा रही है।

# आई-पैक: ईडी अफसरों पर नहीं होगी FIR

## सुप्रीम कोर्ट ने प.बंगाल सरकार व डीजीपी को जारी किया नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कोलकाता में बीते आठ जनवरी को आई-पैक के कार्यालय और उसके डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर हुई प्रवर्तन निदेशालय की रेड को लेकर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। इस मामले में ईडी और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच तीखी बहस देखने को मिली। सुप्रीम कोर्ट में अब अगली सुनवाई 3 फरवरी को होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार और राज्य के डीजीपी को नोटिस जारी किया है। अदालत ने दोनों को दो हफ्ते में जवाब देने का आदेश दिया है। अदालत ने ईडी की याचिका पर नोटिस जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई तक ईडी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर पर रोक रहेगी। कोर्ट ने कहा कि एजेंसी के काम में दखल नहीं दे सकती। कोर्ट ने सीसीटीवी समेत सभी दस्तावेजों को सुरक्षित रखने का आदेश भी दिया। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस विपुल पंचोली की पीठ ने कहा है कि वह इस मामले में नोटिस जारी कर तथ्यों की जांच करेगी। कोर्ट ने कोलकाता हाईकोर्ट में ईडी की याचिका की सुनवाई के दौरान हुई अव्यवस्था पर भी गंभीर चिंता जताई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि एजेंसी 14 जनवरी को हाईकोर्ट में हुई सुनवाई से संतुष्ट नहीं है। उन्होंने बताया कि सुनवाई के दौरान ईडी को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। ईडी ने आरोप लगाया कि कोर्ट रूम में बार-बार माइक बंद हो रहा था, जिससे पक्ष रखने में दिक्कत आई। इसके अलावा, सुनवाई के दौरान भीड़ जुटाने के लिए बसों और गाड़ियों की व्यवस्था की गई थी। ईडी के अनुसार, हालात ऐसे हो गए थे कि कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश को आदेश देना पड़ा कि वकीलों के अलावा किसी अन्य को कोर्ट में प्रवेश न दिया जाए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि भीड़ ऐसे बुला ली गई थी, जैसे कोई प्रदर्शन स्थल जंतर-मंतर हो। कोर्ट ने इस पूरे घटनाक्रम को गंभीर बताते हुए मामले की जांच का संकेत दिया। ईडी ने कोर्ट में आरोप लगाया कि रेड के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मौके पर पहुंचीं और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों व अहम दस्तावेजों को जबरन अपने साथ ले गईं। ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और विपुल पंचोली की पीठ को बताया कि कहा कि मुख्यमंत्री के साथ बंगाल के डीजीपी और बड़ी पुलिस टीम भी मौजूद थी।

**अगली सुनवाई तीन फरवरी को होगी, कोर्ट ने स्पष्ट किया अगली सुनवाई तक ईडी अफसरों के खिलाफ FIR पर रोक रहेगी**



### पूर्व मंत्री लखमा व अन्य को दी अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री कवासी लखमा और करोड़ों रुपये के शराब घोटाले से जुड़े अन्य आरोपियों को गुरुवार को अंतरिम जमानत देते हुए निर्देश दिया कि उनकी याचिकाओं को विस्तृत विचार के लिए मुख्य मामलों के साथ सूचीबद्ध किया जाए।

पीठ ने जमानत याचिकाओं पर सुनवाई की और याचिकाकर्ताओं को अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

### फिल्म 'जन नायकन' पर सुनवाई से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को अभिनेता विजय की फिल्म 'जन नायकन' संबंधी याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया और याचिकाकर्ता को मद्रास उच्च न्यायालय के समक्ष जाने को कहा। उच्चतम न्यायालय ने इस मसले पर उच्च न्यायालय को 20 जनवरी तक निर्णय लेने का निर्देश भी दिया।

# ईरान से भारतीय नागरिकों को निकालने की तैयारियां शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ईरान में पिछले 15 दिनों से जारी हिंसा और विरोध प्रदर्शनों के चलते स्थिति बेहद ही भयावह हो गई है। भारत सरकार ईरान में फंसे नागरिकों को निकालने की तैयारी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, भारत सरकार नागरिकों को वापस लाने के लिए शुक्रवार से अभियान शुरू कर सकती है।

सूत्रों के अनुसार, विदेश मंत्रालय ईरान में मौजूदा अस्थिर स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहा है और उन भारतीय नागरिकों की घर वापसी की सुविधा प्रदान करने के लिए व्यापक तैयारियां कर रहा है, जो भारत लौटने के इच्छुक हैं। ईरान में पिछले 15 दिनों से विरोध प्रदर्शनों और हिंसा का सिलसिला जारी है, जिसने वहां की आंतरिक स्थिति को अत्यंत गंभीर बना दिया है। रिपोर्टों के अनुसार, सुरक्षा की दृष्टि से स्थिति अब भयावह स्तर तक पहुंच गई है। इससे वहां रह रहे विदेशी नागरिकों, विशेषकर भारतीयों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। इस उभरती हुई परिस्थिति को देखते हुए, केंद्र सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर अपने नागरिकों को वहां से निकालने की योजना को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, भारत सरकार ईरान में फंसे नागरिकों को वापस लाने के लिए शुक्रवार से एक विशेष अभियान की शुरुआत कर सकती है। विदेश मंत्रालय वर्तमान में उन नागरिकों का डेटा और विवरण जुटाने और व्यवस्था करने की प्रक्रिया में है, जो वर्तमान परिस्थितियों के कारण भारत वापस आने की इच्छा रखते हैं। ईरान में अस्थिरता का यह दौर पिछले महीने के अंत में ईरानी मुद्रा रियाल की कीमतों में भारी गिरावट के बाद शुरू हुआ। आर्थिक संकट से उपजा यह असंतोष अब एक व्यापक राजनीतिक आंदोलन में बदल चुका है, जो ईरान के सभी 31 प्रांतों में फैल गया है। ईरान में वर्तमान में इंटरनेट सेवाएं निलंबित हैं और टेलीफोन लाइनें भी केवल रुक-रुक कर काम कर रही हैं। इस संचार अवरोध के कारण, तेहरान स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारी व्यक्तिगत रूप से विभिन्न क्षेत्रों में जाकर भारतीय छात्रों और अन्य नागरिकों से संपर्क कर रहे हैं।

### ईरान से गुजरने वाली कई भारतीय उड़ानें रद्द, अन्य के मार्ग बदले

**नई दिल्ली।** भारतीय विमान सेवा कंपनियों ने ईरान के ऊपर से गुजरने वाली कई उड़ानें रद्द कर दी हैं जबकि कई अन्य के मार्गों में बदलाव किया गया है। ईरान द्वारा वाणिज्यिक उड़ानों के लिए उसके हवाई क्षेत्र को बंद किए जाने के बाद यह फैसला लिया गया है। टाटा समूह की एयर इंडिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि ईरान में बने घटनाक्रम, उसके बाद हवाई क्षेत्र बंद किए जाने और यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर उस क्षेत्र से गुजरने वाली उड़ानों के मार्ग बदले गए हैं, जिससे उड़ानों में देरी हो सकती है। उसने कहा है कि जिन उड़ानों के मार्ग बदलना फिलहाल संभव नहीं है उन्हें रद्द कर दिया गया है। उसने यात्रियों को हवाई अड्डों के लिए निकलने से पहले उड़ान की स्थिति की जानकारी लेने की सलाह दी है और इस असुविधा के लिए खेद जताया है।

**■ आज से शुरू होगा भारत वापस लाने का अभियान**




### दिल्ली में एयर इंडिया का विमान बैगेज कंटेनर से टकराया

**नई दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट पर गुरुवार सुबह एयर इंडिया का विमान बैगेज कंटेनर से टकरा गया। एयरलाइन ने बताया कि घने कोहरे में एयरबस ए350 विमान को पार्किंग के लिए ले जाया जा रहा था, तभी यह घटना हुई। हादसे में विमान के इंजन को नुकसान पहुंचा है। विमान में सवार सभी पैसेंजर और क्रू मेंबर्स सुरक्षित हैं। एयरबस ए350 की फ्लाइट एआई 101 दिल्ली से न्यूयॉर्क के बीच चलती है। ईरानी हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण फ्लाइट को अपना मार्ग बदलना पड़ा और वह वापस दिल्ली लौट आई थी।

# श्रीनगर में पारा माइनस 5.2 डिग्री, डल झील जमी

## राजस्थान में -3 डिग्री, हरियाणा में शून्य के करीब तापमान

**उत्तराखंड के दो जिलों में स्कूल बंद**



**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दी जारी है। कश्मीर में न्यूनतम तापमान पिछले कई दिनों से शून्य से नीचे है। इसके कारण बुधवार को प्रसिद्ध डल झील और कश्मीर के कई जल स्रोत जम गए।

श्रीनगर में मंगलवार की रात न्यूनतम तापमान -5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर, राजस्थान में भी तापमान माइनस में पहुंच गया है। बुधवार को हिल स्टेशन माउंट आबू में तापमान माइनस 3 डिग्री रहा। सीकर के फतेहपुर में तापमान 0.2 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। राज्य में 19 जनवरी से हल्की बारिश की संभावना है। पहाड़ों से आ रही सर्द हवाओं ने हरियाणा में गलन बढ़ा दी है। यहां 8 जिलों में बुधवार को पारा 8 डिग्री तक गिर गया। हिसार में सर्दी का पिछले दो साल का रिकॉर्ड टूट गया। यहां न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री दर्ज हुआ। हिसार में 15 जनवरी, 2025 को 3.5 डिग्री और 16 दिसम्बर, 2024 को 1.1 डिग्री तक पहुंचा था। उत्तराखंड के हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर में भीषण सर्दी के कारण गुरुवार को 12वीं क्लास तक के स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली और पिथौरागढ़ में बारिश और बर्फबारी का अलर्ट है। यहां नदी और झरनों में पानी जम गया है।

# दिल्ली में सर्दी का सितम जारी न्यूनतम तापमान 2.3 डिग्री पहुंचा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में लगातार पांचवें दिन भी शीतलहर की स्थिति बनी रही। मौसम केंद्र सफदरजंग में गुरुवार को न्यूनतम तापमान गिरकर 2.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस इलाके में मौसम का सबसे कम तापमान है।

मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार पालम में न्यूनतम तापमान 2.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो दिल्ली में सबसे कम और सामान्य से लगभग पांच डिग्री सेल्सियस नीचे है। ठंड का असर पूरी राष्ट्रीय राजधानी में देखने को मिला। मौसम विभाग के अनुसार आयानगर में न्यूनतम तापमान 2.7 डिग्री सेल्सियस, लोधी रोड पर 3.4 डिग्री सेल्सियस और रिज में न्यूनतम तापमान 4.5 सेल्सियस दर्ज किया गया। गौरतलब है कि मौसम विभाग वास्तविक न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस या उससे कम हो जाने पर शीतलहर के तौर पर परिभाषित करता है।

### दिल्ली में घने कोहरे के कारण 20 से अधिक उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर और देश के अन्य शहरों में घने कोहरे के कारण गुरुवार को यहां आईजीआई हवाई अड्डे पर 20 से अधिक उड़ानें रद्द रहीं, जबकि 100 से अधिक उड़ानों में देरी की सूचना है। आईजीआई हवाई अड्डे की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली आने वाली 11 और यहां से जाने वाली भी इतनी ही उड़ानें रद्द हैं। इसके अलावा आगमन और प्रस्थान की कुल 100 से अधिक उड़ानों में देरी की सूचना है।

## संक्षिप्त समाचार

### काशी एक्सप्रेस ट्रेन में बम की धमकी देने वाले आरोपी गिरफ्तार

**वाराणसी।** काशी एक्सप्रेस ट्रेन में बम होने की झूठी सूचना देकर सनसनी फैलाने वाले आरा. पी को पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार कर लिया है। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के सहायक पुलिस आयुक्त कुंवर प्रभात सिंह ने गुरुवार को बताया कि वाराणसी और मऊ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में जीआरपी ने आरोपी राजेश शुक्ला को मुंबई से पकड़कर वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन लाया है। यह राजेश शुक्ला की तीसरी ऐसी हरकत है। इससे पहले वह दो बार इसी प्रकार की फर्जी बम धमकी दे चुका है और जेल भी जा चुका है। सिंह ने बताया कि आरोपी ने 18 नवम्बर 2025 और 6 जनवरी 2026 को प्रयागराज कंट्रोल रूम पर फोन कर काशी एक्सप्रेस में बम रखे होने की झूठी सूचना दी थी।

### सुरक्षा एजेंसियां करेंगी संयुक्त आपदा प्रतिक्रिया अभ्यास

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मशहूर स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में सार्वजनिक सुरक्षा उपायों के तहत सुरक्षा बलों के जवान गुरुवार को संयुक्त रूप से आपदा तैयारी और सुरक्षा प्रतिक्रिया रिहर्सल करेंगे। इस संयुक्त अभ्यास में पुलिस, सेना, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और सीमा सुरक्षा बल के जवान शामिल होंगे। इसका मकसद एजेंसियों के बीच तालमेल को मजबूत करना और प्रतिक्रिया की तैयारी का आकलन करना है। पुलिस ने गुरुवार को कहा कि यह रिहर्सल पूरी तरह से एहतियाती है और इसका मकसद भाग लेने वाली सेनाओं के बीच तैयारी के स्तर, प्रतिक्रिया तंत्र और इंटर-एजेंसी तालमेल का आकलन करना है। उन्होंने कहा कि अभ्यास के दौरान, सुरक्षाकर्मी इलाके में और उसके आसपास एरिया डोमिनेशन, रूटीन तलाशी और सार्वजनिक सहायता गतिविधियां करते हुए देखे जा सकते हैं।

### मायावती ने अपने 70वें जन्मदिन के मौके पर किया ऐलान

# 2027 चुनाव में अकेले अपने दम पर लड़ेगी बसपा

शाह टाइम्स ब्यूरो

## पांचवीं बार बनेगी बीएसपी की सरकार



- कहा: गठबंधन से पार्टी को नुकसान होता है, अपर कास्ट का वोट दूसरे दलों में चला जाता है
- जन्मदिन के अवसर पर बुलाई गई प्रेस कांफ्रेंस के दौरान शार्ट सर्किट होने से हाल में धुआं पसरा

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अपने 70वें जन्मदिन के मौके पर लखनऊ स्थित बसपा प्रदेश मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि बसपा आगामी चुनाव किसी से गठबंधन नहीं करेगी और अकेले दम पर मैदान में उतरेगी। इस दौरान उन्होंने ब्लू बुक के 21वें संस्करण का विमोचन भी किया।

गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस करते हुए मायावती ने कहा कि बसपा सुप्रीमो ने साफ कहा कि गठबंधन से पार्टी को नुकसान होता है, क्योंकि अपर कास्ट का वोट दूसरे दलों में चला जाता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में बसपा सभी चुनाव अकेले लड़ेगी। जब अपर कास्ट का भरोसा पूरी तरह बसपा पर हो जाएगा, तब गठबंधन पर विचार होगा, लेकिन इसमें अभी समय लगेगा। मायावती ने आरोप लगाया कि प्रदेश की मौजूदा और पूर्व की सरकारें बसपा सरकार की योजनाओं का नाम बदलकर चला रही हैं, लेकिन उससे आमजन को कोई वास्तविक लाभ नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि बसपा को रोकने के लिए भाजपा, कांग्रेस और अन्य जातिवादी दल लगातार भ्रम फैलाकर पार्टी को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कार्यकर्ता इसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, बीजेपी सहित अन्य जातिवादी पार्टियां अलग-अलग हथकंडे अपना रही हैं। इनको मुंहतोड़ जवाब देकर यूपी में पांचवीं बार बसपा की सरकार बनानी है। उन्होंने कहा कि शीतकालीन सत्र में भाजपा और कांग्रेस के विधायक अपनी उपेक्षा से नाराज होकर जुटे थे। बसपा ने ब्राह्मण को भागीदारी दी। लखनऊ में भाजपा ब्राह्मण विधायकों की बैठक को लेकर उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ सरकार में ब्राह्मणों की स्थिति अच्छी नहीं है। हमारी सरकार में ब्राह्मणों का सम्मान किया गया। ब्राह्मणों को किसी भी पार्टी की बाटी चोखे की जरूरत नहीं है। भाजपा में ब्राह्मण समाज की उपेक्षा है। कुछ यही हाल सपा और कांग्रेस में है। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य समाज का बसपा सरकार पूरा ध्यान रखेगी। बसपा ने हमेशा ही उनका सम्मान किया है। बसपा ऐसी पार्टी है जिसने सभी जातियों और धर्मों का सम्मान किया है। सुश्री मायावती ने सरकारों पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि कांशीराम के मरने पर राष्ट्रीय शोक नहीं घोषित किया। उनकी उपेक्षा की गई। दूसरी जातियों के साथ मुस्लिम समाज के साथ अन्याय हो रहा।

### मुख्यमंत्री ने मायावती को दी जन्मदिन शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती को उनके जन्मदिन के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। योगी ने कहा कि प्रभु श्री राम से वह सुश्री मायावती के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखद जीवन की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में सक्रिय व्यक्तित्वों का अनुभव और योगदान लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करता है। मुख्यमंत्री द्वारा दी गई शुभकामनाओं के बाद राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्रों से भी सुश्री मायावती को बधाइयां मिलने का सिलसिला जारी है। उनके समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश भर में जन्मदिन को उत्साहपूर्वक मनाया। गौरतलब है कि बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री मायावती ने अपने 70वें जन्मदिन के अवसर पर एक अहम प्रेस कांफ्रेंस कर प्रदेश की राजनीति में बड़ा संदेश दिया।

# लोकतांत्रिक प्रक्रिया को ज्यादा पारदर्शी बनाना जरूरी: बिरला

नई दिल्ली, वार्ता



- 28वें राष्ट्रमंडल देशों के अध्यक्षों तथा पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में बोले लोकसभा अध्यक्ष व राज्यसभा में उपसभापति

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तथा राज्यसभा में उपसभापति हरिवंश ने जन आकांक्षाओं पर खरा उतरने की संसदीय चुनौतियों से निपटने के लिए राष्ट्रमंडल देशों के अध्यक्षों तथा पीठासनी अधिकारियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अनुभव साझा करने की जरूरत पर बल दिया और कहा कि इससे समाज के हर वर्ग तक कल्याण की योजनाओं का लाभ पहुंचेगा और संसदीय प्रक्रिया को ज्यादा विचार विमर्श तथा पारदर्शी बनाया जा सकेगा।

श्री बिरला तथा श्री हरिवंश ने गुरुवार को यहां संसद भवर परिसर के संविधान सदन में 28वें राष्ट्रमंडल देशों के अध्यक्षों तथा पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र अपनी उन खूबियों से बना है जिसमें समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण की योजनाओं पर निष्पक्ष विचार-विमर्श होता है और फिर उसका पूरा लाभ समाज के हर वर्ग को मिलता है। उनका कहना था कि यही कारण है कि भारत आज दुनिया में लोकतंत्र का नेतृत्व कर रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व नेतृत्व में हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रिया निरंतर मजबूत हो रही है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत को लोकतंत्र की जननी कहा जाता है और लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं को मजबूत करने में वैश्विक नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन संसदीय सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने का प्रभावी मंच है और इसमें जो सुधार हुए हैं, उसी का परिणाम है कि भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हुआ है। भारत की संसद ने सात दशकों से अधिक की यात्रा में जन-केंद्रित नीतियों, कल्याणकारी कानूनों और निष्पक्ष निर्वाचन प्रणाली के माध्यम से लोकतंत्र को सशक्त बनाया है, जिससे प्रत्येक नागरिक की लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित हुई है और इससे लो. कतंत्र में लोगों की आस्था बढ़ी है। श्री बिरला ने कहा कि संसद और सरकार के साझा प्रयासों से अनावश्यक कानूनों को हटाया गया और जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप नीतियां बनाई गईं, जिसके परिणामस्वरूप देश आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है।

### नैतिक एआई और जिम्मेदार सोशल मीडिया समय की आवश्यकता

एआई और सोशल मीडिया ने लोकतांत्रिक संस्थाओं की दक्षता-कार्यकुशलता का जिक्र किया और कहा कि इनके दुरुपयोग से गलत सूचना और सामाजिक विभाजन जैसी चुनौतियां भी सामने आई हैं इसलिए नैतिक एआई और जिम्मेदार सोशल मीडिया समय की आवश्यकता है। उनका कहना था कि भारत की संसद और विधान मंडलों में डिजिटल तकनीक और एआई का उपयोग बढ़ रहा है। पेपरलेस व्यवस्था और साझा डिजिटल प्लेटफॉर्म ने पारदर्शिता, दक्षता और उत्तरदायित्व की नई मिसाल कायम की है। लोकसभा अध्यक्ष ने संसदों की निष्पक्षता और जनता के विश्वास को लोकतंत्र की आत्मा बताया।

# उत्तर प्रदेश में बनेंगे छह नॉर्थ-साउथ हाईवे कॉरिडोर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में उत्तर-दक्षिण दिशा में सड़क संपर्क को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राज्य सरकार छह नए नॉर्थ-साउथ हाईवे कॉरिडोर विकसित करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन प्रस्तावित कॉरिडोर परियोजनाओं को सैद्धांतिक सहमति प्रदान कर दी है। इनके निर्माण से प्रदेश के कई जिलों में आवागमन सुगम होगा और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार इन कॉरिडोरों के विभिन्न पैकेजों के कार्ययोजना प्रस्तावित किए जा चुके हैं। कैबिनेट से स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा, जिसे दो वर्ष के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रस्तावित छह कॉरिडोर उत्तर प्रदेश के उत्तर और दक्षिणी हिस्सों को सीधे जोड़ेंगे। इनमें प्रमुख रूप से इकौना (श्रावस्ती) से प्रयागराज तक लगभग 262 किलोमीटर लंबा कॉरिडोर शामिल है, जो गोंडा, बलरामपुर, अयोध्या और सुलतानपुर से होकर गुजरेगा। इस मार्ग को सिक्स लेन ग्रीनफील्ड हाईवे के रूप में विकसित किए जाने की योजना है। इसी तरह लखीमपुर-सी तापुर- लखनऊ- नवाबगंज- लालगंज- चौडारा- जौनिया-ललौली होते हुए बांदा तक एक अन्य लंबा कॉरिडोर प्रस्तावित है, जिसकी कुल लंबाई लगभग 502 किलोमीटर बताई जा रही है।

# सेना दिवस पर सैन्यकर्मियों व उनके परिजनों को शुभकामनाएं दी

नई दिल्ली, वार्ता



राष्ट्रपति और तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 78वें सेना दिवस पर सेना के जवानों, अधिकारियों और उनके परिवार. जनों को शुभकामनाएं दी हैं।

श्रीमती मुर्मू ने गुरुवार को अपने संदेश में कहा कि सेना दिवस पर हमारे बहादुर सैनिकों, सेवानिवृत सैनिकों और उनके परिवारों को हार्दिक बधाई। भारतीय सेना हमारे देश की एकता, संप्रभुता और अखंडता की रक्षा करने में दृढ़ है। हमारे सैनिक हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं और आपदाओं और मानवीय संकटों के दौरान जरूरी मदद देते हैं। आपकी अटूट 'राष्ट्र प्रथम' भावना हर भारतीय को प्रेरित करती रहती है। मोदी ने अपने संद. ेश में कहा कि सेना दिवस पर हम भारतीय सेना के साहस और दृढ़ प्रतिबद्धता को सलाम करते हैं। हमारे सैनिक निस्वार्थ सेवा का प्रतीक हैं, जो सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी दृढ़ संकल्प के साथ देश की रक्षा करते हैं। प्रधानमंत्री ने कर्तव्य की वेदी पर सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हम उन लोगों को गहरे सम्मान के साथ याद करते हैं जिन्होंने ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाई है।

उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की कर्तव्यनिष्ठा पूरे देश में विश्वास और कृतज्ञता की भावना पैदा करती है। रक्षा मंत्री ने सेना दिवस के गौरवशाली अवसर पर भारतीय सेना के बहादुर जवानों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दी हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि देश भारतीय सेना के अदम्य साहस, सर्वोच्च बलिदान और देश की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए अटूट प्रतिबद्धता को सलाम करता है।



सेंसेक्स 84695.54
निफ्टी 25942.10



सोना रु. 138161
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 243883
प्रति किलो



# लगातार तीसरी तिमाही में बना निर्यात का रिकॉर्ड

नई दिल्ली, वार्ता



वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर देश का कुल निर्यात लगातार तीसरी तिमाही में नए रिकॉर्ड स्तर पर रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों में कहा गया है कि अक्टूबर-दिसम्बर 2025 के दौरान देश का कुल निर्यात किसी भी तीसरी तिमाही का नया रिकॉर्ड है।

पहली और दूसरी तिमाही में भी संबंधित तिमाही के निर्यात का उच्चतम स्तर रहा था। इस प्रकार यह पूरे नौ महीने का नया रिकॉर्ड है। आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीने में अप्रैल से दिसम्बर तक देश का कुल निर्यात 634.26 अरब डॉलर रहा। इसमें 4.33 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं आयात भी 4.95 फीसदी बढ़कर 730.84 अरब डॉलर रहा। इस प्रकार, कुल व्यापार घाटा 9.21 फीसदी की वृद्धि के साथ 96.58 अरब डॉलर रहा। इसमें वस्तुओं का निर्यात 2.44 प्रतिशत बढ़कर 330.29 अरब डॉलर और सेवाओं का 6.46 प्रतिशत बढ़कर 303. 97 अरब डॉलर दर्ज किया गया। वहीं वस्तु आयात 5.90 प्रतिशत बढ़कर 578.61 अरब डॉलर और सेवा आयात 1.48 प्रतिशत बढ़कर 152.23 अरब डॉलर पर रहा।

पहले नौ महीने की अवधि में अमे. रिका को वस्तुओं का निर्यात 9.75 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 65.88 अरब डॉलर दर्ज किया गया। चीन को वस्तु निर्यात में 36.68 फीसदी का उछाल आया और यह 14.25 अरब डॉलर हो गया। अप्रैल से दिसम्बर के दौरान, गैर-पेट्रोलियम वस्तु निर्यात 5.51 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 288.16 अरब डॉलर और आयात 9.45 प्रतिशत बढ़कर 443.18 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पेट्रोलियम आयात में 4.25 प्रतिशत की कमी आई है और यह 135.43 अरब डॉलर दर्ज किया गया। अप्रैल-दिसम्बर के दौरान भारत से सबसे ज्यादा निर्यात होने वाली वस्तुओं में अभियांत्रिकी वस्तुएं, पेट्रोलियम उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं शीर्ष तीन पर रहीं। वहीं, आयात के मामले में पेट्रोलियम, कच्चा तेल और उनके उत्पाद शीर्ष पर रहे। इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं और सोने का आयात रहा।मूल्य में 49.39 अरब डॉलर के सोने का आयात किया गया।

# दिसम्बर में वस्तु व्यापार घाटा बढ़कर 25.04 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** निर्यात के मुकाबले आयात में तेज बढ़ोतरी से देश का वस्तु व्यापार घाटा दिसम्बर 2025 में बढ़कर 25.04 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पिछले साल दिसम्बर में यह 20.63 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि दिसम्बर 2025 में वस्तु निर्यात 1.88 प्रतिशत बढ़कर 38.51 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं वस्तु आयात 8.67 फीसदी की वृद्धि के साथ 63.55 अरब डॉलर हो गया। सेवाओं का निर्यात एक साल पहले के 36.97 अरब डॉलर से घटकर 35.50 अरब डॉलर रह गया। सेवाओं के आयात में भी कमी आई है और यह 17.80 अरब डॉलर की तुलना में 17.38 अरब डॉलर रह गया। इस प्रकार, सेवाओं और वस्तुओं को मिलाकर कुल निर्यात 74.01 अरब डॉलर और कुल आयात 80.94 अरब डॉलर रहा। इसमें सालाना आधार पर निर्यात घटा है जबकि आयात बढ़ा है। कुल व्यापार घाटा दिसम्बर 2024 के 1.46 अरब डॉलर से बढ़कर 6. 92 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

# चावल, गेहूं नरम, चीनी के दाम बढ़े, दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव गिर गए। गेहूं में भी गिरावट रही। चीनी की कीमतों में तेजी देखी गई जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 55 रुपये घटकर 3,759 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं 23 रुपये सस्ता हुआ और 2,862 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटे की कीमत भी 12 रुपये घट गई। दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। तुअर दाल की कीमत 29 रुपये और चना दाल की 23 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मूंग दाल के दाम 29 रुपये घटे। मसूर दाल 25 रुपये और उड़द दाल 20 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 66 रिंगिट उतरकर 3,993 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.59 प्रतिशत गिरकर 50.53 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया।

स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल की औसत कीमत 89 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। वनस्पति 66 रुपये और सरसों तेल 15 रुपये फिसल गया। पाम ऑयल छह रुपये सस्ता हुआ। मूंगफली तेल 62 रुपये और सोया तेल छह रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 31 रुपये प्रति क्विंटल टूट गए। वहीं, चीनी आठ रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7790.64 रुपये, मसूर काली 8144.86 रुपये, मूंग दाल 10088.51 रुपये, उड़द दाल 10421.39 रुपये, तुअर दाल 10642.28 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2862.30 रुपये और चावल 3759 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3313.21 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4318.26 रुपये और गुड़ 4979. 20 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

# कश्मीर में नए पश्चिमी विक्षोभ से पहले रात के तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी

श्रीनगर, वार्ता

जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार से नए पश्चिमी विक्षोभ के आने की संभावना से पहले कश्मीर में ज्यादातर जगहों पर रात के तापमान में थोड़ा सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी ठंड का कहर जारी है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक श्रीनगर में कल रात न्यूनतम तापमान 3.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो पिछली रात के 5.2 से ज्यादा है।

कश्मीर का गेटवे शहर काजीगुंड के तापमान में भी थोड़ी बढ़ोतरी हुई, जो पहले के 5.3 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले 4.7 पर आ गया। दक्षिणी कश्मीर में कड़ाके की ठंड जारी रही। पुलवामा और शोपियां सबसे ठंडे इलाके रहे, दोनों में तापमान 6.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, हालांकि यह पिछली रात के 7.0 डिग्री सेल्सियस और शोपियां के 7.5 से बेहतर था। पहलगाम पर्यटक रिसॉर्ट में तापमान 5.0 से. रिकॉर्ड किया गया, जो एक रात पहले 6.0 डिग्री सेल्सियस था। दूसरे पर्यटक स्थल गुलमर्ग में भी तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो पहले 3.8 से. था, जबकि सोनमर्ग में पिछली रात के 2.2 से तेजी से गिरकर 5.8 डिग्री सेल्सियस हो गया। उत्तरी कश्मीर में, कुपवाड़ा में तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो 6.2 से बेहतर है। बुधवार को प्रदेश का मौसम अनिश्चिता वाला रहा जहां जम्मू शहर बर्फ से ढके रिसॉर्ट गुलमर्ग से भी ज्यादा ठंडा हो गया। जम्मू में अधिकतम तापमान सिर्फ 7.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो शहर के इतिहास में चौथा सबसे कम तापमान था। इस बीच श्रीनगर में अधिकतम तापमान 13. 3 से. रिकॉर्ड किया गया, पहलगाम में 10.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि गुलमर्ग में 8.2 रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में 16 जनवरी से प्रदेश में कम से कम तीन हफ्ते का पश्चिमी विक्षोभ आने की उम्मीद है एवं अगले दो दिनों में कुछ जगहों पर हल्की बारिश या बर्फबारी का अनुमान है। विभाग ने कहा कि 19 और 20 जनवरी को कुछ जगहों पर हल्की बारिश या बर्फबारी होने की संभावना है। 22 से 24 जनवरी तक, ज्यादातर जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश या बर्फबारी के साथ मौसम आमतौर पर बादल छाए रहने की उम्मीद है। 23 और 24 जनवरी के दौरान चिनाब घाटी, उदमपुर, रियासी और दक्षिण कश्मीर के कुछ हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश या बर्फबारी की भी संभावना है।

# योगी ने अर्पित की गुरु गोरखनाथ को आस्था की खिचड़ी

गोरखपुर, वार्ता



मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को ब्रह्म मुहूर्त में चार बजे गोरखनाथ मंदिर में नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार महायोगी गुरु गोरखनाथ को विधि विधान से आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाई।

इस अवसर पर उन्होंने शिवावतार महायोगी से लो. कमंगल तथा सभी नागरिकों के सुखमय-समृद्धमय जीवन की प्रार्थना की। महायोगी गुरु गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नागरिकों, संतों और श्रद्धालुओं को मकर संक्रांति की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए मीडियाकर्मियों से बात. चीत में कहा कि बुधवार से ही पूरे प्रदेश में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पवित्र धर्मस्थलों पर जाकर आस्था को नमन कर रहे हैं। गोरखपुर में बुधवार को लाखों श्रद्धालुओं ने महायोगी भगवान गोरखनाथ जी को आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाई। उन्होंने कहा कि इस पव पर लाखों श्रद्धालुओं ने प्रयागराज के संगम में आस्था की पवित्र डुबकी भी लगाई। उन्होंने कहा कि यह सिलसिला लगातार आज गुरुवार को भी जारी है। योगी ने कहा कि आज गुरुवार को गोरखपुर में भगवान गोरखनाथ जी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करने के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालुजन पंक्ति में लगकर श्रद्धापूर्वक खिचड़ी चढ़ा रहे हैं। यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे भी प्रातः 4 बजे गोरखनाथ मंदिर की विशिष्ट पूजा संपन्न होने के उपरांत भगवान गोरखनाथ जी को आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाने का अवसर प्राप्त हुआ है। गोरखनाथ मंदिर में लाखों की संख्या में श्रद्धालुजन आए हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मकर संक्रांति भारत के पर्व और त्योहारों की परंपरा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। वास्तव में सूर्यदेव इस जगत की आत्मा हैं। जगतपिता सूर्य की उपासना का यह पर्व, हर प्रकार के शुभ और मांगलिक कार्यों के लिए प्रशस्ति तिथि माना जाता है। आज के बाद सनातन धर्म की परंपरा में सभी मांगलिक कार्यक्रम प्रारंभ हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि सूर्य का जो अयन वृत्त है। ज्योतिषीय परंपरा के अनुसार वह 12 विभिन्न भागों में विभाजित है। एक राशि से दूसरी राशि में सूर्यदेव के संक्रमण को संक्रांति कहा जाता है और जब धनु राशि से मकर राशि में भगवान सूर्य का संक्रमण होता है, तो यह मकर संक्रांति कहलाता है। मकर राशि से अगले छह माह तक यानी मिथुन राशि तक सूर्य भगवान उत्तरायण रहेंगे। उत्तरायण का जो समय होता है, उसमें दिन बड़े और रात्रि छोटी होती है। जीवंतता के लिए सूर्य का प्रकाश कितना महत्वपूर्ण है और भारत की ऋषि परंपरा ने इसे कितना महत्व दिया है, इसका अनुमान इस पर्व के माध्यम से लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति एक ऐसा पर्व है, जो देश के अंदर पूरब, पश्चिम, उत्तर व दक्षिण, सभी हिस्सों में अलग-अलग नाम व रूप में आयोजित होता है।

### योगी ने मकर संक्रांति व पोंगल पर्व पर दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक आस्था और जगत पिता भगवान सूर्य की उपासना के पावन पर्व मकर संक्रांति के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पवित्र संगम में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित करने वाले सभी श्रद्धालु भगवान भास्कर की कृपा से अभिभूत हों और मां गंगा, यमुना व सरस्वती का आशीर्वाद सभी पर सदैव बना रहे। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि मकर संक्रांति लोक आस्था, आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक परंपराओं का महापर्व है, जो सामा. जिक समरसता और आध्यात्मिक उन्नयन का संदेश देता है।

# डिलीवरी ऑपरेशन के बाद हालत बिगड़ी

## स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से फल-फूल रहे झोलाछाप अस्पताल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** स्वास्थ्य विभाग की घोर लापरवाही और कथित मिलीभगत के चलते नगर व ग्रामीण क्षेत्र में झोलाछाप चिकित्सकों के अस्पताल कुकुरमुत्ते की तरह फैलते जा रहे हैं। इन कथित अस्पतालों में न सिर्फ सामान्य बीमारियों का इलाज किया जा रहा है, बल्कि बिना मान्य डिग्री और विशेषज्ञता के बड़े-बड़े ऑपरेशन भी धड़ल्ले से किए जा रहे हैं, जिससे मरीजों की जान पर लगातार खतरा मंडरा रहा है। ऐसा ही एक गंभीर मामला एक बार फिर धामपुर क्षेत्र में सामने आया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार धामपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव नसीरपुर बनवारी निवासी दीपा रानी को डिलीवरी के लिए सुहागपुर के पास स्थित मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में मौजूद महिला चिकित्सक द्वारा सामान्य प्रसव का भरोसा दिया गया था, लेकिन बाद में बिना स्पष्ट जानकारी दिए ऑपरेशन कर दिया गया। बताया जाता है कि 3 जनवरी को किए गए इस ऑपरेशन के बाद से महिला की हालत लगातार बिगड़ती चली गई और उसके शरीर में कोई सुधार नहीं हुआ।

महिला की हालत गंभीर होने पर परिजनों ने उसे एक अन्य अस्पताल में भर्ती कराया, जहां जांच के दौरान ऑपरेशन में गंभीर लापरवाही सामने आने का दावा किया गया। इसके बाद गुरुवार को बड़ी संख्या में परिजन और ग्रामीण मैक्स हॉस्पिटल पहुंचे और महिला चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा और प्रदर्शन किया।

परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में बिना मान्य डिग्री के ऑपरेशन किया गया, जिसके कारण महिला की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

### बीयूएमएस डिग्री धारक महिला चिकित्सक ने किया ऑपरेशन

**धामपुर।** मैक्स अस्पताल संचालिका डॉ. प्रीति सिंह ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि वह बीयूएमएस की डिग्री धारक हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या उक्त डिग्री के आधार पर ऑपरेशन करने की अनुमति है, तो उन्होंने यह कहकर सवाल टाल दिया कि धामपुर में कई अस्पताल इससे भी कम योग्यता वाले चिकित्सकों द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। महिला चिकित्सक का यह बयान स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। इससे यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता और कथित मिलीभगत के चलते धामपुर क्षेत्र में झोलाछाप चिकित्सक बेखौफ होकर मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं।

### गरीबी और अशिक्षा बना रही झोलाछापों को 'चिकित्सक'

**धामपुर।** जानकारों का कहना है कि गरीबी और अशिक्षा झोलाछाप चिकित्सकों के लिए सबसे बड़ा हथियार बन गई है। कम खर्च के लालच में गरीब और अशिक्षित मरीज अपने परिजनों की जान ऐसे कथित चिकित्सकों के भरोसे छोड़ देते हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग में नीचे से लेकर ऊपर तक मजबूत पकड़ के चलते इन झोलाछापों पर कार्रवाई के नाम पर औपचारिकताएं ही निभाई जाती हैं, जिससे उनके हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। एक सप्ताह में सामने आए ऐसे दूसरे गंभीर मामले ने एक बार फिर धामपुर में फलते-फूलते झोलाछाप चिकित्सकों और स्वास्थ्य विभाग की भूमिका पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

### डेढ़ लाख में समझौते की कोशिश

**धामपुर।** हंगामे के दौरान अस्पताल से जुड़े कथित दलाल सक्रिय हो गए। बताया जाता है कि भारतीय किसान यूनियन सहित कुछ संगठनों से जुड़े लोग मौके पर पहुंचे और बिचौलिये की भूमिका निभाते हुए अस्पताल प्रबंधन और पीड़ित परिजनों के बीच सौदेबाजी कराने लगे। सूत्रों के अनुसार अस्पताल प्रबंधन की ओर से परिजनों को करीब डेढ़ लाख रुपये तक का प्रस्ताव दिया गया। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों के बीच समझौता वार्ता जारी थी।

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में हाथी की मौत



**नजीबाबाद।** ढाका नानू में हाथी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद वन विभाग पर सवाल उठ रहे है। वहीं हाथी की मौत ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। सवाल यह है कि आखिर हाथी की मौत कैसे हुई है। इसका जवाब देने के बजाय वन विभाग के अधिकारी मामले को दबा रहे हैं। मीडियाकर्मियों को घटनास्थल के पास जाने से रोक दिया गया है, जिससे लगता है वन विभाग कुछ छिपा रहा है। इस संबंध में एसडीओ वन विभाग द्वारा जानकारी दी गई की मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा बनाए गए पैनल द्वारा मृतक हाथी का पोस्टमार्टम किया गया है। पोस्टमार्टम बिसरा रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

### डिम्पल यादव का जन्मदिन मनाया



**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में महिला शक्तिकरण की पहचान व चार बार की सांसद श्रीमती डिम्पल यादव का कार्यकर्ताओं ने केक काटकर जन्मदिन धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन ने कहा कि आज सभी कार्यकर्ता संकल्प ले। पार्टी कि उन्नति व तरक्की के लिए उनके पद चिन्हों पर चलकर संघर्ष करके आने वाले 2027 के चुनाव में सरकार बनाने का प्रण ले तथा उत्तर प्रदेश कि जनता को जंगलराज से तभी छुटकारा मिलेगा। जन्मदिन कार्यक्रम में अखलाक पप्पू के संचालन में हुआ। जिसमें मुख्यरूप से गजेंद्र देवल, प्रभा चौधरी, वीके कश्यप एड., हनी फैसल, हाजी जावेद राईन, राधा सैनी, देवानन्द भुईयार, भानु प्रताप सिंह, संजय पाल, सुहेब भूरा, सरफराज, कामिल आदि मौजूद रहे।

### ओवरलोड ट्रक ने बिजली खंभा तोड़ा



**स्योहारा।** नगर के फव्वारा चौक पर एक ओवरलोड गन्ना ट्रक ने बिजली का खंभा तोड़ दिया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और एक बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गन्ने से लदा ट्रक अत्यधिक ओवरलोड था और गन्ने की ऊंचाई सामान्य से काफी अधिक थी। फव्वारा चौक के पास पहुंचते ही, ट्रक में लदे गन्ने बिजली के खंभे से गुजर रहे तारों में उलझ गए। ट्रक के आगे बढ़ने पर तार खिंचते चले गए, जिससे बिजली का खंभा टूटकर गिर गया। खंभा गिरने से आसपास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। घटना के बाद कुछ देर के लिए यातायात भी बाधित हो गया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और इलाके की बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्योहारा और आसपास के क्षेत्रों में गन्ना सीजन के दौरान ओवरलोड ट्रकों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की आवाजाही एक आम समस्या बन गई है। आरोप है कि प्रशासन द्वारा इन ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### कड़ाके की ठंड में लगाई आस्था की डुबकी



**बिजनौर।** जिले में मकर संक्रांति के अवसर पर गंगा बैराज घाट समेत अन्य घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। आज सुबह से ही कड़ाके की ठंड के बावजूद हजारों भक्तों ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। जिले में तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। फिर भी श्रद्धालुओं का उत्साह बना रहा। सुबह तड़के से ही भक्तों ने 'जय गंगा मैया' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष के साथ पवित्र स्नान किया। गंगा स्नान के लिए पुरुष, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सहित सभी आयु वर्ग के लोग पहुंचे। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने खिचड़ी, तिल, गुड़, कंबल और वस्त्र जैसी वस्तुओं का दान किया। कई भक्तों ने स्नान के उपरांत पूजा-अर्चना भी की। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। प्रमुख गंगा घाटों पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। यातायात पुलिस भी व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय रही। गंगा बैराज घाट पर श्रद्धालुओं के पहुंचने और स्नान करने का सिलसिला दिनभर जारी रहा। परिवार सहित पहुंचे भक्तों ने श्रद्धापूर्वक गंगा में डुबकी लगाकर पर्व मनाया।

### पिता, पुत्र व नौकर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**नहटौर।** ग्राम जरीफपुर चतर निवासी अभिषेक कुमार ने पुलिस को दी तहरीर मे कहा है कि 11 जनवरी की शाम को वह अपने भाई रजत कुमार के साथ घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान जंगल की ओर से आ रहे महकार सिंह, उसके पुत्र हेमंत कुमार उर्फ शानू तथा नौकर ने रजत से माचिस मांगी। मना करने पर गाली गलौच शुरू कर दी। बताया कि दोनों भाई घर के अंदर चले गए तो तीनों आरोपियो ने लोहे की पाटल, डंडा व गन्ना काटने का धारदार हथियार लेकर घर में घुस आए तथा जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। इससे दोनों भाइयों को गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर मोहल्ले के लोगों और घर की महिलाओं ने किसी तरह उन्हें बचाया तथा उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## नूरपुर में चोरी की घटनाओं का खुलासा करने में पुलिस नाकाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** क्षेत्र में चोरों-बदमाशों का आतंक चरम सीमा पर है। चोर-बदमाश बड़ी से बड़ी घटना को अंजाम देकर आसानी से निकल जाते हैं और पुलिस हाथ मलते हुए रह जाती है। चोरों को पुलिस का कोई डर खौफ नहीं है।

ग्राम आजमपुर निवासी सुरेंद्र देव प्रयाग उत्तराखंड में नौकरी करता है। पिछले हफ्ते उसकी पत्नी घर का ताला बंद करके अपने पति के पास चली गई। बीती शाम जब उसकी पत्नी घर वापस लौटी, तो घर के बाहर के दरवाजे का ताला लगा हुआ था। जब उसने घर के अंदर कदम रखा, तो कमरे में लगा ताला टूटा पड़ा हुआ था। ताला टूटा देखकर उसके पैरों की जमीन खिसक गई। कमरें में जाकर देखा, तो संदूक में रखे सोने-चांदी के जेवरात चोरी करके ले गए। लाखों रुपए की चोरी होने से परिवार वालों में हड़कंप मच गया। लाखों रुपए की चोरी की घटना के बारे में पीड़ित परिवार ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर चोरी की घटना का बारीकी के साथ जायजा लिया। पुलिस ने पीड़ित परिवार को चोरी का खुलासा करने का भरोसा दिलाया है। क्षेत्र में लगातार चोरी की घटना बढ़ने से नगर व क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है। बीस दिन पहले हुई लाखों रुपए की डकैती का खुलासा पुलिस अब तक नहीं कर पाई है। पुलिस चोरी को खोलने में नाकाम नजर आ रही है। चोर बेखौफ होकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे है।

## देह व्यापार के रैकेट का भंडाफोड़

### तीन युवक व दो महिलाएं गिरफ्तार, पांच मोबाइल व नकदी बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मंडावली थाना क्षेत्र में पुलिस ने देह व्यापार के एक रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में दो महिलाओं सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने अनैतिक देह व्यापार (निवारण) अधिनियम, 1956 की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई आज क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद के निर्देश पर की गई।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अमित कुमार पुत्र नरपाल सिंह, निवासी कामगारपुर, सोनू पुत्र मुन्ने, निवासी मौहल्ला चमरिया बिलाल बाग, भागूवाला और वसीम पुत्र अमीर हसन, निवासी नारायणपुर शामिल हैं। इन तीनों के साथ दो महिलाओं को भी गिरफ्तार किया गया है, जिनकी पहचान उजागर नहीं की गई है। पूछताछ के दौरान, गिरफ्तार महिलाओं में से एक ने बताया कि मुख्य आरोपी महिला उसे अनैतिक कार्य के लिए उकसाती थी। वह उन्हें स्थान और आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध कराती थी, जिसके लिए पैसे भी दिए जाते थे।



मुख्य आरोपी महिला ने स्वीकार किया कि वह धन कमाने के उद्देश्य से इस अनैतिक कार्य का संचालन करती थी और करवाती थी, जिससे प्राप्त धनराशि को आपस में बांट लिया जाता था। पुलिस ने आरोपियों के पास से पांच मोबाइल फोन, 3300 रुपये नकद और कुछ आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद की हैं।

इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में सीओ नितेश प्रताप सिंह, मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार, उप निरीक्षक संजय कुमार और राहुल कुमार, कांस्टेबल मोनू मलिक और पंकज कुमार तथा महिला पुलिस आरक्षी पूजा और मानसी शामिल थीं।

## गुलदार के हमले में किसान घायल

### ग्रामीणों में दहशत का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** कालागढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र से सटे ग्राम में गन्ने के खेत में काम कर रहे एक किसान पर गुलदार ने पीछे से अचानक हमला कर दिया। जिससे किसान गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना से क्षेत्र के किसानों में दहशत का माहौल है।

थाना क्षेत्र के ग्राम मुरलीवाला निवासी किसान कृष्ण कुमार पुत्र नंदा सिंह ग्राम के समीप अपने खेत पर गन्ना छिलाई कर रहा था। तभी झाड़ियों में छिपे गुलदार ने पीछे से उस पर हमला कर झपट्टा मार दिया। अचानक हुए हमले से किसान खेत में गिर पड़ा और शोर मचाने लगा।



किसान की चीख-पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे अन्य किसान मौके की ओर दौड़े। जिन्हें देखकर गुलदार जंगल की ओर भाग गया। हमले में किसान के सिर, हाथ और पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं। ग्रामीणों की मदद से घायल किसान को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसको छुट्टी दे दी। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग के कर्मचारियों की टीम मौके पर पहुंच गई। वन विभाग की टीम ने क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है और ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की है। लगातार गुलदार की मौजूदगी से किसानों में भय बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पहले भी गुलदार देखे जाने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन समय रहते ठोस कार्रवाई न होने से ऐसे हमले हो रहे हैं।

## नहर किनारे अजगर दिखने से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** नहर किनारे एक अजगर दिखाई देने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम और सर्प मित्र ने कड़ी मशक्कत के बाद अजगर का सुरक्षित रेस्क्यू कर अपने साथ ले गये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम नूरपुर छिपरी के जंगल मे पिछले करीब एक सप्ताह से ग्रामीणों द्वारा विशालकाय अजगर देखे जाने की सूचना मिल रही थी। गुरुवार सुबह जब किसान अपने खेतों की ओर जा रहे थे, तभी उन्होंने सड़क के पास अजगर को देखा। अजगर को देखते ही किसानों में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते यह खबर गांव में आग की तरह फैल गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलने पर सर्प मित्र बी. भास्कर वन विभाग की टीम के सदस्य विपिन कुमार व अन्य कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालते हुए अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू किया। वन विभाग के अनुसार अजगर की लंबाई लगभग 15 से 18 फीट तथा वजन करीब 75 से 80 किलोग्राम आंका गया है। अजगर की हालत देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि उसने हाल ही में किसी जानवर, संभवत: बंदर का शिकार किया है। रेस्क्यू के बाद अजगर को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। अजगर के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

## हाईवे पार कर रही वृद्धा को डंपर ने उड़ाया, मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** सड़क पार कर रही वृद्ध महिला को एक डंपर ने कुचल दिया, जिससे उनके चिथड़े उड़ जाने से परिवार मे कोहराम मच गया। पुलिस ने डम्पर व चालक को हिरासत मे लेकर कार्यवाही शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार देर शाम को नफीसा (90 वर्ष) पत्नी सत्तार मोहल्ला खुराडा निवासी चुंगी नम्बर 5 स्थित हाईवे पार कर रही थीं। इसी दौरान धामपुर से अफजलगढ़ की ओर जा रहे डंपर ने उन्हें कुचल दिया। हादसे के बाद आरोपी डंपर चालक को लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। महिला की पहचान उनके पास मिले पर्ची पर लिखे मोबाइल नंबर से हुई। बताया जाता है कि मृतका की पौत्री की शादी थी, जिसमें शामिल होने वह जा रही थी। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया और शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। पुलिस ने डंपर चालक को गिरफ्तार कर लिया।

### परिवार में मचा कोहराम

वहीं मृतका के शव को देख आसपास खड़े लोगों के रोंगटे खड़े हो गए।

## इनरव्हील ने मकर संक्रांति पर बांटे कंबल

### जरूरतमंदों और 19 लड़कियों को खाद्य सामग्री भी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** इनर व्हील क्लब ने मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर जरूरतमंदों को 50 कंबल वितरित किए।

यह कार्यक्रम नीरू तागरा की अध्यक्षता और प्रोजेक्ट चेयरमैन रश्मि अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस दौरान 50 कंबलों के साथ-साथ मूंगफली, केले, रेवड़ी और बर्तन भी बांटे गए। इसके अतिरिक्त, 19 लड़कियों को खाद्य सामग्री भी प्रदान की गई। प्रोजेक्ट चेयरमैन रश्मि अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि मकर संक्रांति दान और स्नान का पर्व है, जिसमें किया गया दान कभी व्यर्थ नहीं जाता। उन्होंने इनर व्हील क्लब के सेवा कार्यों के उद्देश्य पर भी प्रकाश डाला। क्लब का प्रयास है कि वह हमेशा सेवा कार्यों में सक्रिय रहे। इस आयोजन में क्लब की सक्रिय सदस्य सचिव मनीषा शर्मा, इंदु गुप्ता, अंजू मेहरा, पूषण पाठक, रूपन अग्रवाल, उमा गुप्ता, उमा मित्तल और सीमा कपूर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

उधर स्योहारा में इनरव्हील क्लब स्योहारा द्वारा लिहाफ व कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम भरद्वाज मैटरनिटी एवं अल्ट्रासाउंड सेंटर पर संपन्न हुआ। इस दौरान 100 से अधिक जरूरतमंद लोगों को लिहाफ और कंबल वितरित किए गए।



कार्यक्रम में लाभार्थियों के लिए भोजन और नाश्ते की व्यवस्था भी की गई थी। क्लब की अध्यक्षा बबीता रस्तोगी ने बताया कि जरूरतमंदों की मदद करना ही सबसे बड़ा पुण्य है और उनका क्लब इसी तरह के सामाजिक कार्य करता रहता है।

क्लब की सेक्रेटरी रजनी भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि इनरव्हील क्लब स्योहारा लगातार सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहता है। सर्दी में ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण, गर्मी में शीतल जल प्याऊ, बरसात में छाते और बच्चों की शिक्षा के लिए किताबें व ड्रेस जैसे कार्य नियमित रूप से किए जाते हैं।

क्लब ने यह भी बताया कि भविष्य में भी इस तरह के सेवा कार्य जारी रहेंगे। इस अवसर पर अध्यक्षा बबीता रस्तोगी, सेक्रेटरी रजनी भारद्वाज, गिन्नी अग्रवाल, मानसी गुप्ता, रेनू अरोड़ा, सुरभि जैन, पर्ल रस्तोगी, अंजू जैन, सिम्मी अरोड़ा, डॉ प्रियंका, डॉ श्रद्धा शर्मा, दीप्ति जैन, सारिका गर्ग, नीना शर्मा और रेनू वर्मा सहित क्लब के अन्य सदस्य व पदाधिकारी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# चालक ने नशे की हालत में दौड़ाई बस

## बस अनियंत्रित होकर घर की दीवार से टकराकर गड्ढे में घुसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** भूतपुरी से ठाकुरद्वारा मार्ग पर चलने वाली प्राइवेट बस के चालक ने नशे की हालत में बस दौड़ा दी। बस अनियंत्रित होकर घर की दीवार से टकराकर गढ्ढे में घुस गई। बस में बैठी चार सवारियां घायल हो गई, जबकि घर के आंगन में अलाव पर बैठे ताप रहे लोगों ने भागकर जान बचाई।



भूतपुरी से ठाकुरद्वारा मार्ग पर चलने वाली प्राइवेट बस को सोनू कुमार पुत्र शिवकुमार निवासी ठाकुरद्वारा चालक के रुप में कार्य करता है। बताया गया कि गुरुवार को बस संख्या UP21 AN 1609 बस स्टैंड पर अपने नम्बर पर लगी थी। बस में मात्र चार यात्री सुआवाला निवासी अजरुद्दीन, जाफर, यासमीन व सुखवर सवार हुए ही थे कि नशे में धुत चालक ने बस को दौड़ा दिया। बस सुआवाला से आगे जाकर एक घर की दीवार से टकराकर गड्ढे में जाकर रूकी। घर के आंगन में अलाव पर ताप रहे लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई। घटना में बस में सवार चारों यात्री घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक बड़ी घटना होने से बच गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने चालक सोनू कुमार को हिरासत में लेकर मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने कहा कि चालक सोनू कुमार के विरुद्ध लापरवाही बरतने के आरोप में कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# झालू में आज दस घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, सुरक्षित एवं निर्बाध बनाने के उद्देश्य से 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पर वीसीबी (वैक्यूम सर्किट ब्रेकर) लगाए जाने का कार्य प्रस्तावित है। इस महत्वपूर्ण तकनीकी कार्य के चलते 16 जनवरी को क्षेत्र के उपभोक्ताओं को निर्धारित समय तक बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा।



विद्युत विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उपकेंद्र से जुड़े तीन नंबर फीडर पर वीसीबी की स्थापना एवं संबंधित मरम्मत कार्य किया जाएगा। इसके कारण सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। इस संबंध में उपखंड अधिकारी द्वितीय अरविंद कुमार बिंद ने बताया कि वीसीबी लगाए जाने से भविष्य में फाल्ट की स्थिति में बिजली आपूर्ति जल्दी बहाल की जा सकेगी और ट्रिपिंग की समस्या से भी राहत मिलेगी।

उन्होंने कहा कि यह कार्य दीर्घकालिक लाभ को ध्यान में रखकर किया जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर और स्थिर विद्युत सेवा मिल सके। उपखंड अधिकारी द्वितीय अरविंद कुमार बिंद ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि कार्य के दौरान होने वाली असुविधा के लिए विभाग को खेद है।

## एक नजर

### मकर संक्रांति पर खिचड़ी का वितरण



**नजीबाबाद।** मकर संक्रांति के अवसर पर खिचड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एमडीकेबी रोड स्थित कौशिक स्टूडियो द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान गरीब और बेसहारा लोगों को गर्म चादरें भी वितरित की गईं। यह कार्यक्रम कौशिक स्टूडियो परिवार द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें अनूप कौशिक, आयुष्मान कौशिक, आराध्या कौशिक और आशु कौशिक सहित परिवार के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। मकर संक्रांति पर खिचड़ी वितरण एक महत्वपूर्ण परंपरा है। इस दिन चावल, दाल और सब्जियों से बनी खिचड़ी बांटने से सामाजिक एकता को बढ़ावा मिलता है और लोग एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा करते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, इस दिन खिचड़ी खाने से भगवान सूर्य देव और उनके पुत्र शनि देव की कृपा प्राप्त होती है, जिससे जीवन में सुख-समृद्धि आती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रफुल्ल वशिष्ठ, मोनू नेगी, कृष्णा, आकाश कटारिया, नीरज कुमार एड., बिट्टू, विनोद, कोमल, निक्कू और बंटी सहित कई अन्य लोगों ने सहयोग किया।

### बैराज घाट पर भंडारा आज



**बिजनौर।** बैराज गंगा घाट के पास श्री मां त्रिमूर्ति गंगा आश्रम की संस्थापक साध्वी रामसकी देवी (98 वर्ष) 1 जनवरी 2026 की रात्रि को स्वर्ग लोक पधार गई थीं। जिनका आश्रम पर ही दाह संस्कार कर समाधि स्थापित की गई है। उनके स्वर्गगामी होने के सोलहवें दिन 16 जनवरी कल (आज) आश्रम पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जैसा की साधु, संतों, साध्वियों के शरीर पूरा करने के 16वें दिन भंडारा किए जाने की परंपरा है। आश्रम के सेवक सीताराम योगीराज ने बताया कि माताजी मां गंगा की भक्ति में लीन रहकर सभी प्राणियों के लिए कल्याण की प्रार्थना करती थीं। वह जीवन भर आश्रम में रहकर तपस्या करती थी। किसी भी मौसम में उन्होंने अपना आश्रम नहीं छोड़ा। भले ही गंगा बैराज पर बाढ़ का कहर क्यों न रहा हो। उनकी इच्छा अनुसार उनकी समाधि आश्रम में ही बनाई गई है। वह अपने आश्रम में एक विशाल धर्मशाला बनाना चाहती थी, लेकिन उनका सपना अधूरा ही रह गया। जिसके लिए आश्रम से संबंधित भक्तजन एक धर्मशाला का शीघ्र ही निर्माण करेंगे। उन्हें ऐसा विश्वास है। महाराज सीताराम योगीराज ने आश्रम से जुड़े सभी लोगों से भंडारे में उपस्थित होकर माताजी को श्रद्धांजलि अर्पित करने का आह्वान किया है।

### खिलेन्द्र कुमार का अग्निवीर में चयन



**चांदपुर।** ग्राम हीमपुर बुजुर्ग निवासी खिलेन्द्र कुमार प्रजापति पुत्र लामेश कुमार का भारतीय सेना अग्निवीर में चयन होने पर गांव मे हर्ष का माहौल है। खिलेन्द्र कुमार प्रजापति के दादा मास्टर रामसिंह रिटायर्ड शिक्षक अपने पौत्र के बारे मे बताते है कि उनके पौत्र ने बीएससी पास कर पुन: बीएसएलटी प्रथम ईयर एवं कम्प्यूटर कोर्स किया। आज उसे भारतीय सेना अग्नीवीर में चयन होने पर उनका पूरा परिवार व गांव खुशी से सराबोर है। ग्राम प्रधान समाजसेवी अली वारिस ने प्रजापति परिवार के होनहार बेटे खिलेन्द्र कुमार के बारे मे कहा कि मेरी पंचायत का होनहार बेटा मेरे भारत देश की सेना में भर्ती हुआ है, यह मेरे लिये बड़े ही गर्व की बात है। हमें अपने सभी सैनिकों पर गर्व करना चाहिए।

### मौहम्मद हनीफ सिद्दीकी का इंतकाल



**अफजलगढ़।** नगर के मौहल्ला मुमताज हुसैन के वार्ड नंबर 15 नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद मौहम्मद हनीफ सिद्दीकी का हृदयगति रुक जाने के कारण इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल की खबर मिलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई। उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। मौहम्मद हनीफ नगर पालिका परिषद में सभासद रहते हुए जनसेवा के लिए जाने जाते थे। वह मिलनसार, ईमानदार और समाजसेवी स्वभाव के व्यक्ति थे। जिनका हर वर्ग में सम्मान था। मृतक अपने पीछे चार बेटियों को छोड़ गए हैं, जिनमें से एक बेटी की शादी हो चुकी है। उनका कोई पुत्र नहीं था। नगर के सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक संगठनों व दैनिक शाह टाइम्स परिवार ने उनके इंतकाल पर गहरा शोक व्यक्त किया।

### घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**नगीना।** तीन दिन पहले रविवार की रात को नगीना रायपुर मार्ग पर हुए सड़क हादसे में घायल हुए नगीना निवासी 20 वर्षीय एक युवक उजैर की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। बाइक और पैदल जा रहे युवक की जोरदार टक्कर में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। स्थानीय लोगों द्वारा दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना ले जाया गया था, जहां स्थिति चिंताजनक देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। वहीं इस दुर्घटना में घायल दूसरे युवक रोहित कुमार पुत्र गोविंद सिंह निवासी टांडा साहूवाला का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया है।

### मेढ़ पर पेड़ लगाने को लेकर विवाद

**नहटौर।** ग्राम पहाड़पुर चतर निवासी राजीव कुमार (48 वर्ष) का आरोप है कि वह अपने खेत की मेढ़ पर पॉपुलर के पेड़ लगा रहा था। इसी को लेकर उसके पड़ोसी व्यक्ति ने अपने पुत्र व पत्नी के साथ मिलकर गाली-गलौच करना शुरू कर दिया। जब राजीव कुमार ने इसका विरोध किया तो लाठी डंडों से हमला करते हुए मारपीट की। राजीव कुमार के सिर में गंभीर चोट आई है। घायल को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया गया है। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि घायल का सीएचसी मेडिकल कराया गया है।

# मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा एवं हवन का आयोजन



**नहटौर।** मौहल्ला सराय जोखा सिंह में मंदिर में मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा एवं वैदिक हवन का भव्य आयोजन श्रद्धा एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान संपूर्ण मोहल्ला धार्मिक वातावरण में सराबोर नजर आया और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। मंदिर परिसर वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद एवं भक्ति भजनों से गुंजायमान हो गया। विद्वान आचार्यों द्वारा विधि-विधान से मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा कराई गई, जिसके पश्चात विशाल हवन का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति देकर क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम के दौरान जयकारों से पूरा मोहल्ला गूंज उठा और सामाजिक एकता व भाईचारे की भावना देखने को मिली। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में राजेंद्र अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, सोनू त्यागी, प्रमोद त्यागी, रमन त्यागी, रमेश शर्मा, विशाल वर्मा, अनिल कुमार शर्मा, मुकेश शर्मा, अर्पित जैन, नागेंद्र त्यागी, दीपक शर्मा, राहुल त्यागी, शालू जैन, नीतू त्यागी, पुष्पेंद्र शर्मा, मनोज वर्मा, आशुतोष वर्मा, नीलम वर्मा, आशीष त्यागी, मनोज त्यागी, गोविंद वर्मा, विनिल वर्मा, सुरेंद्र अग्रवाल, पूनम वर्मा, ममता वर्मा, बिना वर्मा, रश्मि शर्मा, सुषमा शर्मा आदि का विशेष योगदान रहा। हवन-पूजन के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

# बॉलीबॉल टूर्नामेंट का रोमांचक समापन

## भूतपुरी की टीम बनी विजेता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** ग्राम में आयोजित बॉलीबॉल टूर्नामेंट का भव्य एवं रोमांचक समापन हुआ। इस टूर्नामेंट में जनपद की कुल 12 टीमों ने भाग लेकर खेल प्रतिभा और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम हाफिजाबाद स्थित शिव के पास स्थित खेल मैदान में आयोजित वॉलीबॉल टूर्नामेंट के दौरान सभी टीमों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी। लीग एवं नॉकआउट मुकाबलों के बाद फाइनल में ग्राम भूतपुरी और स्योहारा की टीमें पहुंचीं। भूतपुरी टीम की कप्तानी रजत शर्मा कर रहे थे, जबकि स्योहारा टीम का नेतृत्व संगम ने किया। फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार स्मैश, मजबूत डिफेंस और बेहतरीन तालमेल दिखाया।

दर्शकों की तालियों और उत्साहवर्धन के बीच खेले गए इस मुकाबले में भूतपुरी की टीम ने स्योहारा की टीम को 21-18 के स्कोर से पराजित कर टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। विजेता टीम को ट्रॉफी एवं पुरस्कार मुख्य अतिथि दीपक शर्मा, जिला अध्यक्ष गौ रक्षा प्रकोष्ठ द्वारा प्रदान किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजन युवाओं को नशे व गलत रास्तों से दूर रखकर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाते हैं। इस अवसर पर नाजिम मलिक, आयुष शर्मा, सोनू शर्मा, शिव कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, खेल प्रेमी एवं आयोजक मौजूद रहे। टूर्नामेंट के सफल आयोजन पर ग्रामीणों ने आयोजकों की प्रशंसा की।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास उत्थान सेवा समिति की बैठक

## धूमधाम से मनाई जाएगी गुरु शिरोमणि जी की जयंती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास उत्थान सेवा समिति की बैठक आगामी संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती धूमधाम से मनाने को लेकर समिति अध्यक्ष चंद्रहास सिंह की अध्यक्षता एवं महामंत्री पिंटू कुमार के संचालन में आयोजित हुई।



बैठक में संतराम ने गुरु रविदास जी की जयंती पर शोभायात्रा को सुव्यवस्थित, अनुशासित एवं व्यापक ढंग से करने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक के अंत में सर्वसम्मति से समिति की कार्यकारिणी का पुर्नगठन किया गया। संरक्षक चंदू सिंह, नाथू सिंह, यादराम सिंह, सत्यपाल सिंह, गंगाराम सिंह, बलराम सिंह, गंभीर सिंह, धर्मपाल सिंह, घनश्याम सिंह, मुखराम सिंह, महेंद्र सिंह, सुभाष सिंह, बाबू सिंह, तेजपाल सिंह, बबलू सिंह, सतीश सिंह, जय सिंह, राज. कुमार (राजू), खजान सिंह, नेम. ीशरण सिंह, अध्यक्ष चंद्रहास सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ध्यानचंद सिंह, महामंत्री पिंटू कुमार, कोषाध्यक्ष रजत कुमर, उपाध्यक्ष आकाश कुमार, दीपक कुमार (टिंकल), राहुल कुमार, कैलाश चन्द सिंह, प्रसनजीत सिह, रोहित कुमार, आकाश आय व्यय पर्यवेक्षक (ऑडिटर) अभिलाष कुमार मंत्री - यशपाल सिंह, रोहित कुमार, राहुल कुमार, पंकज कुमार, रचित कुमार, हिमांशु कुमार, प्रशान्त कुमार, रजत कुमार, नितांशु कुमार, संयुक्त मंत्री अमित कुमार, दीपक कुमार, दिनेश कुमार, शुभम कुमार, विशाल कुमार, अनुज कुमार, आक. ाश कुमार, सदस्य प्रमोद कुमार, शिवम् कुमार, राजेश कुमार आदि मनोनीत किए गए।

# धूमधाम से मनाया लोहड़ी का त्यौहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** गुरुद्वारा संत सभा नगीना में लोहड़ी का त्यौहार बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर गुरुद्वारा संत सभा में रात्रि दीवान सजाए गए और गुरु घर के ज्ञानी तारा सिंह द्वारा गुरु महाराज से सभी के लिए सुख शांति एवं संपन्नता की अरदास की गई। लोहड़ी पर्व पर नव दंपतियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। गुरुघर के ज्ञानी तारा सिंह द्वारा समस्त लोगों को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी गई और सभी के जीवन में आने वाला समय सुख शांति से भरा हो यह अरदास गुरु महाराज से की गई। लोहड़ी के अवसर पर सभी लोगों को मूंगफली, रेवड़ी एवं तिल का प्रसाद बांटा गया और सभी लोगों ने अग्नि के चारों तरफ परिक्रमा कर एक-दूसरे को लोहड़ी की बधाई दी तथा अपने-अपने परिवार के लिए मंगल कामना की। इस अवसर पर गुरुघर के ज्ञानी तारा सिंह, सरदार केवल पाल सिंह, मनमीत सिंह, जगप्रीत सिंह, कृष्णवीर सिंह, अनमोल सिंह, रिया कौर, रमींद्र कौर, अवनीत कौर, अजीत कौर, कुश दीप सिंह, राजन सिंह, सतनाम सिंह, चंद्रपाल सिंह, रेनू सिंह, अमन मल्होत्रा, प्रतीक्षा आदि सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जरूरतमंदों को कम्बल बांटे




**बिजनौर।** मकर संक्रांति के पावन पर्व के अवसर पर नागरिक अधिकार एवं विकास समिति ने जरूरतमंदों को कम्बल बांटे। नागरिक अधिकार एवं विकास समिति के सौजन्य से एसआरएस मॉल के सामने, इस ठीठुरन भरी ठण्ड में निर्धन जरुरतमंदों को उच्च गुणवत्ता के लगभग 100 कम्बलों का वितरण एक सादे व भव्य कार्यक्रम का आयोजन करके किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व अपर जिलाधिकारी समिति के कर्मठ सदस्य अशोक कुमार चौधरी, सविता सिंह, संजीव बबली एड. एवं समिति के अध्यक्ष प्रशांत गोयल एड. से कार्यक्रम संयोजक, फारूक बिजनौरी द्वारा संयुक्त रूप से कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सभी सदस्यों ने भरपूर सहयोग दिया। इस अवसर पर जरुरतमंदो को कम्बल बांटने में विशेष सहयोग, सचिव नवदीप सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार कपूर, उपाध्यक्ष देवेंद्रपाल सिंह एड., अनिल गंभीर, कोषाध्यक्ष राजवीर सिंह एड., विवेक गुप्ता एड., योगेंद्र शास्त्री, अतुल विक्रम सिंह एड., जगदीश सचदेवा, कमाल सफदर एड., हरदीप सिंह एड., प्रवीण गंभीर, वीरेंद्र सिंह एड., नाजिश विकार, भूदेव सिंह चंदेल एड., नवीन चंद्र अग्रवाल, मनुप्रताप सिंह एड., यशस्वी गोयल एड., शिवा पाराशर एड., सरदार दिलराज सिंह, मुंशी रामचंद्र आदि ने सहयोग दिया और सभी सदस्यों ने मिलजुलकर कंबल वितरित किये। समिति के अध्यक्ष प्रशांत गोयल एड. ने सभा के अंत में सभी सदस्यों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# सरकारी खलिहान भूमि से अवैध कब्जा हटाया

**नगीना।** थाना क्षेत्र के जीतपुर पलड़ी गांव में खलिहान भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास किया गया था। ग्रामीणों की शिकायत के बाद राजस्व अभिलेखों की जांच में यह अतिक्रमण सही पाया गया। प्रशासन ने कब्जाधारक को स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए कहा लेकिन अनुपालन न होने पर राजस्व विभाग की टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान कानूनगो कमल कुमार शर्मा और उनकी टीम मौजूद रही। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी इकट्ठा हुए थे।

# मानियावाला टीम ने अफजलगढ़ को हराया









**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** मिशन सिंदूर प्रीमियर लीग मैच 2026 के प्रथम लीग मैच में मानियावाला टीम ने अफजलगढ़ टीम को 77 रनों से हराकर जीत का परचम लहराया।

क्षेत्र के जाने-माने क्रिकेट प्रेमी सुंदर सिंह चौहान व जीशान लियाकत द्वारा आयोजित मिशन सिंदूर प्रीमियर लीग मैच 2026 का आयोजन समीपवर्ती ग्राम कासमपुर गढ़ी स्थित एचसीएम इंटर कॉलेज के विशाल मैदान में मुख्य अतिथि तसव्वर कुरैशी प्रधान पति मानियावाला ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

## सुभान गागा मैन ऑफ द मैच घोषित

विशिष्ठ अतिथि शेख मौहम्मद यूसुफ पत्रकार ने प्रथम लीग मैच का टॉस कर मैच प्रारंभ किया। प्रथम लीग मैच इमरान ठेकेदार क्रिकेट क्लब अफजलगढ़ व हबीब कुरैशी नाइट राइडर के दरमियान खेला गया। इमरान ठेकेदार क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का निर्णय लिया। टूर्नामेंट का प्रथम मैच 14 ओवरों का खेलते हुए हसीब कुरैशी नाइट राइडर्स की टीम मानियावाला ने बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट खोकर 206 रन बनाए। जबकि इमरान ठेकेदार क्रिकेट क्लब अफजलगढ़ की टीम ऑल आउट 129 रन ही बना पाई। इस तरह हबीब कुरैशी नाइट राइडर्स टीम ने 77 रनों से विजय हासिल कर प्रथम लीग में विजय पताका फहराई।

हबीब कुरैशी नाइट राइडर्स के ऑलराउंडर खिलाड़ी सुभान गागा ने 25 गेंद की पारी खेलते हुए शानदार 92 रन बनाएं तथा बॉलिंग करते हुए विपक्षी टीम के तीन विकेट लिए, उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

टूर्नामेंट की कमेंट्री करते हुए तनवीर अख्तर शेरकोट व बबलू सिद्दीकी मानियावाला ने खचाखच भरे मैदान में दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

आयोजकों में मुख्य रूप से सुंदर सिंह चौहान, जीशान लियाकत, डॉ. तुफैल अहमद अंसारी, मुस्तकीम मलिक ग्राम प्रधान नाबका, मास्टर अफजाल अहमद, दीपक चौहान, निखिलेश चौहान, रेहान खान, इमरान ठेकेदार, प्रजवाल, व अंकित आदि मौजूद रहे।

## नाम परिवर्तन सूचना

मेरी पुत्री के स्कूली अभिलेखों में पिता का नाम यानि मेरे नाम के स्थान पर गलती से मेरे भाई सतपाल का नाम दर्ज हो गया था। जबकि मेरी पुत्री के पिता का नाम यानि मेरा सही नाम प्रमोद है। अब मैं अपनी पुत्री का प्रवेश हिमालयन पब्लिक स्कूल, जलालाबाद, जनपद बिजनौर में कक्षा आठ में करा रहा हूं। मेरी पुत्री के समस्त स्कूली अभिलेखों में अब से पिता का नाम प्रमोद व माता का नाम ममता देवी दर्ज किया जाये, तथा समस्त स्कूली अभिलेखों व कागजातों में भी इसी प्रकार नाम दर्ज किया जाये। **-प्रमोद पुत्र विशम्भर निवासी मौहल्ला हरिजन बस्ती, कस्बा व पोस्ट जलालाबाद, थाना व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर उ.प्र.।**

# शादी का झांसा देकर सिपाही ने किया शारीरिक शोषण

## पुलिस अधीक्षक से कार्यवाही की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** क्षेत्र की एक युवती ने उत्तर प्रदेश पुलिस में तैनात सिपाही पर शादी का झांसा देकर वर्षों से शारीरिक शोषण करने, निजी फोटो-वीडियो बनाकर धमकी देने एवं मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले में पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता के अनुसार उसका लगभग छह वर्षों से आरोपी सिपाही से प्रेम संबंध था। आरोपी वर्तमान में जनपद खीरी के ओयल चौकी में तैनात बताया गया है। आरोप है कि आरोपी ने शादी का आश्वासन देकर पीड़िता को किराये के मकानों व अन्य स्थानों पर ले जाकर शारीरिक संबंध बनाए। जब पीड़िता ने विवाह की बात कही तो आरोपी टालमटोल करता रहा। पीड़िता का यह भी आरोप है कि आरोपी ने उसकी निजी फोटो व वीडियो बना लिए और उन्हें वायरल करने की धमकी देता रहा। पीड़िता के परिजनों की मौजूदगी में दो बार रिश्ता तय हुआ, जिसमें आरोपी को नकद रुपये व कपड़े भी दिए गए, इसके बावजूद आरोपी ने शादी से इंकार कर दिया। घटना के अनुसार 12 नवंबर 2025 को चांदपुर रेलवे स्टेशन पर आरोपी ने पीड़िता के साथ मारपीट की, वीडियो बनाई और उसका मोबाइल फोन छीन लिया। पीड़िता का कहना है कि आरोपी पुलिस में होने का रौब दिखाकर जान से मारने की धमकी भी देता रहा।

पीड़िता ने थाना चांदपुर में शिकायत करने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी द्वारा दबाव बनाए जाने के कारण कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। बाद में आरोपी ने फोन कर स्पष्ट रूप से शादी से इंकार करते हुए धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि आरोपी सिपाही के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई कर उसे न्याय व सुरक्षा प्रदान की जाए। पुलिस का कहना है कि प्रार्थना-पत्र की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# चिकित्सक ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

## डॉक्टर ने अनोखे ढंग से मनाया जन्मदिन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** एक ओर जहां लोग लाखो रूपए खर्च करके जन्मदिन मनाते है। वहीं कुछ लोग ऐसे भी है जो सादगी के साथ जन्मदिन दिन मनाकर खुशियां बांटते है। ऐसे ही कुछ कर दिखाने की चाह रखती है चिकित्सक मनीषा दक्ष। पिछले दस वर्षो की भांति इस वर्ष भी उन्होंने अपने जन्मदिन पर जरूरतमंदों को कंबल वितरित करते हुए जन्मदिन मनाया है। ठंड के मौसम में जरूरतमंदों की जरूरत को पूरा करने की कोशिश की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार चांदपुर चुंगी के निकट रहने वाले डा. एके दक्ष की पत्नी डॉ. मनीषा दक्ष पिछले कई वर्षों से अपने जन्म दिन को सादगी से मनाते हुए समाजसेवा का संदेश देने का प्रयास कर रही। वह अपने जन्म दिन पर मंदिर में भंडारा करके या फिर गरीबों को कंबल वितरित करते हुए अपना जन्म दिन सादगी के साथ मनाती आ रहे हैं। इस बार डा. मनीषा दक्ष के जन्म दिन पर 50 जरूरतमंद लोगों को कंबल का वितरित किए गए।

इस मौके पर डा. मनीषा दक्ष ने कहा कि जन्मदिन हर वर्ष एक खुशी का पल लेकर आता है। कुछ लोग लाखों रूपए खर्च करके जन्मदिन मनाते है। लेकिन वह अपने जन्मदिन पर कंबल वितरित करते हुए मनाती है। उनके जन्मदिन पर कुछ जरूरतमंदों की जरूरत पूरी हो जाती है, जिससे उन्हें खुशी का एहसास होता है। उनकी इसी खुशी की एक मुस्कराहट उनके जन्मदिन का एक तोहफा होता है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में फूलवती देवी, गोल्डिका दक्ष, प्रशांत, अभिषेक, पंकज प्रजापति आदि का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर

### झालू में आज विशाल हिंदू सम्मेलन

**झालू।** समाज को संगठित करने और राष्ट्रीय एकता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन कल (आज) दोपहर 11 बजे से हृदयानंद सार्वजनिक इंटर कॉलेज में आयोजित होगा। सम्मेलन की अध्यक्षता स्वामी रूपेन्द्र प्रकाश, महाराज (पं. पू. महामंडलेश्वर) करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अरुण काल अखिल भारतीय सह संयोजक, धर्म जागरण (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) अपने विचार रखेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. हरीश रोतैला (क्षेत्र सह संपर्क प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन में हिंदू समाज की एकता, धर्म-संरक्षण और स्वाभिमान को सुदृढ़ करने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के समापन के पश्चात सभी उपस्थितजनों के लिए प्रसाद की व्यवस्था भी रहेगी। हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति, झालू व अगरी मंडल, जिला बिजनौर ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वह परिवार सहित उपस्थित होकर इस सम्मेलन को सफल बनाएं और समाजहित के इस प्रयास में सहभागी बनें।

### छूट पर कृषि यंत्रों के वितरण का शुभारंभ



**धामपुर।** शुगर मिल्स ने आगामी बंसत कालीन गन्ना बुआई हेतु उप गन्ना आयुक्त मुरादाबाद हरपाल सिंह, शुगर मिल्स उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता, गन्ना महाप्रबंधक ओमवीर सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किसानों को भारी छूट पर कृषि यंत्रो जैसे ट्रेंच रीजर ,यंत्र रिवर्सिवल डीपप्ल , पॉवर स्पेयर, टबेट्री चालित, मिट्टी चढ़ाने वाला यंत्र, छोटे ट्रैक्टर व अन्य उपकरण भारी छूट पर किसानों को दिए गए। इस अवसर पर उप गन्ना आयुक्त ने बताया कि सभी किसान इन यंत्रों को छूट से खरीदे तथा इनका लाभ उठाएं और किसान गहरी जुताई अवशय करें। ट्रेच विधि से गन्ने की बुआई करें रेटून मेनेजर द्वारा पेडी प्रबंधन अवश्य करे तथा चार या पांच गन्ना प्रजाति अवश्य रखे। इस अवसर पर चीनी मिल के उपाध्यक्ष ने सभी किसानों को आह्वान किया है, कि पेस्टीसाइड दवाईयां, कृषि यंत्र, व अच्छी-अच्छी गन्ना प्रजातियों को चीनी मिल द्वारा छूट पर दिया जायेगा। छोटे ट्रैक्टर किसानो की गन्ने की खेती में बहुत उपयोगी सिद्ध हुए है। इससे कृषकों की खेती लागत में कमी आयेगी, ट्रेंच विधि से गन्ने की बुआई कर गन्ने की निराई-गुडाई व मिट्टी चढ़ाई में बहुत उपयोगी है, इससे किसानों की पैदावार बढने के साथ-साथ लेबर समस्या भी हल होगी।

### गुलदार पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया



**नांगल सोती।** थाना क्षेत्र के गांव सराय आलम के समीप बीते कुछ दिनों से गुलदार देखे जाने से लोग भयभीत है। बीते दिनों गुलदार ने नांगल सराय आलम मार्ग को काफी देर तक बंद रखा। वही क्षेत्र के किसान विनय कुमार, सत्यपाल सिंह, संतराम सिंह, सुशील कुमार, विजय सिंह ने बताया कि आजकल गन्ना छीलने का सीजन चल रहा है। खेतों पर लगातार गुलदार देखा जा रहा है, जिसके चलते ग्रामीणों और किसानों ने वन विभाग से गुलदार को पकड़े जाने की मांग की थी। बृहस्पतिवार को दरोगा विकास कुमार के नेतृत्व में पहुंची टीम ने सराय आलम नहर के समीप पिंजरा लगाया है।

### आवारा कुत्तों के हमले से महिला घायल



**अफजलगढ़।** मुन्नी देवी (62 वर्ष) पत्नी मुखराम सिंह सैनी निवासी ग्राम झाड़पुरा सुबह लगभग 11 बजे अपने खेत की ओर जा रही थीं। इसी दौरान पहले से ही घात लगाए बैठे करीब एक दर्जन आवारा कुत्तों ने अचानक उन पर हमला कर दिया। कुत्तों के हमले से महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। महिला की चीख सुनकर खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर कुत्तों को भगाकर महिला की जान बचाई। इसके बाद घायल महिला को तत्काल सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए महिला को हायर सेंटर रैफर कर दिया। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। उनका कहना है कि ग्राम व नगर क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जिससे महिलाएं और छोटे बच्चे हर समय भय के साये में जीने को मजबूर हैं। गत वर्ष से भी खेतों में काम कर रही एक महिला को आवारा कुत्तों ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। इसके बावजूद कासमपुर गढ़ी ब्लॉक प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि कभी-कभार एक-दो दिन के लिए कुत्ते पकड़ने का अभियान चलाया जाता है, लेकिन पकड़े गए कुत्तों को पुनः निकट ही छोड़ दिया जाता है। कुछ ही दिनों में वही कुत्ते दोबारा खूंखार हो जाते हैं। इस संबंध में कासमपुर गढ़ी के बीडीओ मनवीर सिंह ने बताया कि आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए विशेषज्ञ टीम की तलाश की जा रही है। जल्द ही अभियान चलाकर आवारा कुत्तों को पकड़ा जाएगा।

### मंदिर पर भंडारे का आयोजन



**राजा का ताजपुर।** मकर संक्रांति पर मौहल्ला बड़वान स्थिति शिव बाला जी धाम मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया। शाम को मंदिर समिति ने अपनी ओर से जरुरतमंदों को सौ कंबल वितरित किए। इस अवसर पर हिन्दू जागरण मंच के अध्यक्ष जितेंद्र बैंस ने कहा कि कड़ाके की सर्दी में गरीब बेसहारा लोगों की खुल कर मदद करनी चाहिए। गरीबों की मदद करने से गरीबों, बेसहारों को कड़ाके की सर्दी से राहत मिल जाती है। इसलिए संपन्न लोगों को गरीबों का ख्याल रखना चाहिए। समाजसेवी ग्राम पंचायत सदस्य अर्जुन गिरी, ऋषिपाल सिंह, रामकुमार कश्यप, रवित गिरी, मोहित कुमार, विनीत, हरी सिंह चौहान, कुवंर सिंह, मदन सिंह सैनी आदि मौजूद थे।

# सफाई कर्मियों को गर्म वस्त्र वितरित

## सफाईकर्मी स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ : चेयरमैन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर पालिका परिषद परिसर में सफाई कर्मियों के सम्मान और सुविधा को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पालिकाध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ने नगर की सफाई व्यवस्था में अहम भूमिका निभा रहे सफाई मित्रों को ट्रैक सूट, जूते तथा महिला सफाई कर्मियों को गर्म सूट वितरित किए।

इस अवसर पर संविदा कर्मी, आउटसोर्सिंग कर्मचारी एवं स्थायी कर्मचारी सहित कुल 177 सफाई कर्मियों को सामग्री वितरित की गई, जिनमें 44 महिला सफाई कर्मी भी शामिल रहीं। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि सफाई कर्मी नगर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं और ठंड के मौसम में उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा का ध्यान रखना नगर पालिका की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सफाई कर्मियों का योगदान सराहनीय है। नगर पालिका भविष्य में भी कर्मचारियों के हित में आवश्यक कदम उठाती रहेगी। कार्यक्रम के दौरान सभासद नितिन अग्रवाल, विकास गुप्ता, संतोष राजपूत, सुमित महेश्वरी एवं हिमांशु कुमार उपस्थित रहे। वहीं सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजीव चैनवाल, उपाध्यक्ष मनजीत सिंह तथा महामंत्री आशीष पवार सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

सफाई कर्मियों ने पालिकाध्यक्ष एवं नगर पालिका प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल से उनका मनोबल बढ़ता है और कार्य करने में नई ऊर्जा मिलती है।

# डिजिटल एवं फायनेन्सियल लिटरेसी के विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अन्तर्गत उपनिदेशक पंचायत, मुरादाबाद मण्डल के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में डिस्ट्रिक्ट पंचायत रिसोर्स सेन्टर अमरोहा के माध्यम से क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, वार्ड नंबरों का डिजिटल एवं फायनेन्सियल लिटरेसी के विषय पर विकास खण्ड सभागार धामपुर में दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है।

इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य निर्वाचित प्रतिनिधियों को कम्पयूटर, स्मार्ट फोन के उपयोग एवं दुरूपयोग, वित्तीय धोखाधडी से बचने के तरीकों को सिखाना है। प्रशिक्षक कुलवीर सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता पंचायत प्रतिनिधियों के लिए एक आवश्यक क्षमता बन गई है। तकनीकी प्रगति और शासन के डिजिटल परिवर्तन के दौर में यह अत्यंन्त आवश्यक हो गया है। प्रशिक्षक प्रीति, हिरदेश ग्राम स्तर के जनप्रतिनिधि न केवल सूचनाओं को सुलभता से प्राप्त करें, बल्कि योजनाओं एवं सेवाओं के प्रभावी क्रियान्यवन में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करें।

## एक नजर

### अखिल भारतीय पाल महासभा की बैठक



**चांदपुर।** अखिल भारतीय पाल महासभा की एक बैठक डा. लाखन सिंह पाल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय पाल महासभा के निवास स्थान चंद्रा नर्सिंग होम में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान डॉ. इंद्रपाल सिंह पाल ने की जबकि संचालन नितिन पाल ने किया। बैठक मे वाराणसी (बनारस) मणिकर्णिका घाट पर बने मंदिर में महारानी अहिल्याबाई की प्रतिमा को सरकार द्वारा ध्वस्त किए जाने की घोर निंदा की गई। डा. लाखन सिंह पाल पूर्व मंत्री ने कहा कि हमारी राजनीति की प्रेरणा स्रोत महारानी अहिल्याबाई होल्कर हमारी आस्था का प्रतीक है। डॉ. पाल ने कहा कि उन्होंने सोमनाथ मंदिर सहित पूरे देश में मंदिरों का निर्माण कराया था। आज ऐसी महान विभूति की प्रतिमा को तोड़ा जाना निंदनीय कार्य है। बैठक में पाल समाज के लोगों ने कहा कि मौजूदा प्रशासन यह घोषणा करें कि उनकी नई प्रतिमा लगाएंगे, यदि बनारस प्रशासन ऐसा नहीं करता है तो अखिल भारतीय पाल समाज देशव्यापी आंदोलन करने पर बाध्य होगा। बैठक में पतराम सिंह पाल, जयप्रकाश सिंह पाल, रोहित पाल, महेंद्र पाल, अनिल पाल, नरेश पाल, डा. दिव्यंक प्रकाश सिंह पाल, डॉ. अंशु पाल, रूपवती पाल, लोकेश पाल, गजरामपाल, जोगिंदर पाल, रामपाल, गुरूदेव पाल आदि ने विचार व्यक्त किए।

### बसपा सुप्रीमो का जन्मदिन मनाया



**स्योहारा।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती का 70वां जन्मदिन बड़े ही उत्साह श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्योहारा निवासी बसपा के वरिष्ठ नेता आदिल चौधरी एवं इफ्तिखार चौधरी ने पार्टी के अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम में सहभागिता कर बहन मायावती को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। जन्मदिन समारोह के दौरान बसपा नेताओं ने बहन मायावती के राजनीतिक जीवन और उनके शासनकाल में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। स्योहारा क्षेत्र में संगठन को मजबूती देने वाले वरिष्ठ नेता आदिल चौधरी ने कहा कि बहन मायावती के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था को नई पहचान मिली। उनके कार्यकाल में सड़क, पुल, शिक्षा, कानून व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक विस्तार हुआ, जिससे गरीब, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग के साथ-साथ सभी को सीधा लाभ पहुंचा। उन्होंने यह भी कहा कि बहन मायावती ने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सम्मान देने का कार्य किया और सामाजिक न्याय की अवधारणा को धरातल पर उतारा। उनके द्वारा कराए गए विकास कार्य आज भी प्रदेश के कई हिस्सों में उनकी मजबूत सोच और दूरदर्शिता का प्रमाण हैं। वहीं बसपा के जमीनी और सक्रिय नेता इफ्तिखार चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि बहन मायावती का नेतृत्व बहुजन समाज के लिए एक मजबूत आवाज रहा है उन्होंने बताया कि उनके शासनकाल में दलित पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज को न केवल सुरक्षा मिली, बल्कि उन्हें प्रशासनिक और सामाजिक स्तर पर सम्मान भी प्राप्त हुआ। इफ्तिखार चौधरी ने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान बसपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने केक काटकर बहन मायावती की दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

# नई किस्मों को अपनाने पर जोर

## गन्ना प्रजातियों की पहचान एवं रोग नियंत्रण पर विशेष प्रशिक्षण संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** चीनी मिलों में विभागीय एवं मिल स्टाफ के लिए गन्ना प्रजाति पहचान एवं रोग प्रबंधन विषय पर वृहद प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

किसान सहकारी चीनी मिल, नजीबाबाद के सभागार में आयोजित सत्र में गन्ना शोध केंद्र, मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. ओमकार सिंह. जोशिया ने मुख्य वक्ता के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने नजीबाबाद और बुन्दकी क्षेत्र के फील्ड स्टाफ को गन्ने की पत्तियों, मध्य शिरा (मिडरीब), पोरियों और जूस की गुणवत्ता (ब्रिक्स) के आधार पर प्रजातियों की पहचान करने के गुर सिखाए। उन्होंने लाइव डेमो के माध्यम से खेत में खड़ी फसल को पहचानने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। इस सत्र में मुख्य गन्ना प्रबंधक, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक नजीबाबाद सहायक प्रबंधक (गन्ना) बुन्दकी सहित लगभग 50 कार्मिकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

इसी क्रम में पीबीएस फूड्स (शुगर), चांदपुर में डॉ. मैनेजर सिंह (पूर्व वैज्ञानिक, गन्ना शोध परिषद) द्वारा स्मार्ट बोर्ड प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. सिंह ने गन्ने में लगने वाले विभिन्न कीटों एवं रोगों के लक्षण व रोकथाम पर विस्तार से चर्चा की। यहां चीनी मिल के मुख्य प्रबंधक, गन्ना प्रबंधक और ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक चांदपुर सहित कुल 55 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के उपरांत जिला गन्ना अधिकारी ने आगामी स्प्रिंग सीजन के लिए निम्न कड़े निर्देश जारी किए जिसमें खड़े गन्ने का सत्यापन अभियान 20 जनवरी से 05 फरवरी 2026 तक विशेष अभियान चलाकर क्षेत्र में खड़े गन्ने, डेमो प्लॉट्स और नर्सरी का गहन सर्वे करें। चीनी मिल एवं विभागीय पौधशालाओं का भौतिक सत्यापन कर उसका डाटा तत्काल सीड ट्रैकिंग ऐप पर फीड करना सुनिश्चित करें।

सभी चीनी मिलों को निर्देशित किया गया कि वे गन्ना बीज रिजर्वेशन हेतु अग्रिम धनराशि का भुगतान समय से करें ताकि किसानों को उन्नतशील बीज उपलब्ध हो सके। यह जानकारी जिला गन्ना अधिकारी पी.एन. सिंह के हवाले से सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक ने दी।

# रालोद के पूर्व प्रत्याशी समेत चार के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

**राजा का ताजपुर।** राज परिवार के कुंवर शैलेन्द्रजीत सिंह की तहरीर पर ताजपुर निवासी राष्ट्रीय लोक दल पार्टी के पूर्व प्रत्याशी योगेश उर्फ टिल्लू त्यागी पुत्र चेतन स्वरूप त्यागी, राहुल त्यागी पुत्र सतवीर त्यागी, अंकुर त्यागी पुत्र सतवीर त्यागी, मोहन त्यागी पुत्र विरेन्द्र त्यागी व एक अज्ञात के विरुद्ध संभावित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। शैलेन्द्रजीत सिंह ने कहा है कि पुराने इंडियन बैंक के पास लगभग 65 वर्ष पूर्व हमारी कुछ खाली जमीन व आगे कि ओर तीन दुकानें बनी हुई है, जिसमें दो दुकानों में मेरे द्वारा कुछ मरम्मत की जा रही थी। 12 दिसंबर 2025 को नामित इन व्यक्तियों ने जबरन कब्जे की नीयत से सुबह के समय दुकान में ताला लगा दिया। 14 दिसंबर को इन्हीं व्यक्तियों ने नवनिर्मित बड़ा दरवाजा की दीवार भी गिरा दी। पुलिस को सूचना देने के बाद पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने पर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया था। इन व्यक्तियों पर अपने भतीजे इंद्रजीत सिंह व परिवार के लोगों को जान-माल के खतरे का आरोप लगाया। नूरपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज होने के बाद उपरोक्त मामले में कार्यवाही शुरू कर दी है। उधर चारों व्यक्तियों पर मुकदमा दर्ज होने पर खलबली मची हुई है। ताजपुर की राजनीति में चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब देखना यह है कि पुलिस इस मामले में क्या कार्रवाई करती है।

# डीएम की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

## विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान और नए वोटर पंजीकरण पर चर्चा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में एसआईआर के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रति. निधियों के साथ बैठक आहूत की गई।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली के अंतर्गत छह जनवरी से आगामी छह फरवरी तक दावे और आपत्तियों का कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि उक्त कार्य को पूर्ण रूप से निष्पक्ष, पारदर्शी और निर्वाध रूप से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अतिरिक्त जिला स्तरीय अधिकारियों को नामित किया गया है तथा उनके लिए स्थान का निर्धारण भी कर दिया गया है। जहां उपस्थित होकर उनके द्वारा दावे और आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि जिला प्रशासन के पास पर्याप्त संख्या में फॉर्म 6, 7 और फॉर्म 8 उपलब्ध हैं, जो बीएलओ एवं संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध करा दिए गए हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि निर्वाचक नामावली में अपना नाम सम्मिलित करने के लिए फार्म 6 भरने हेतु ऐसे मतदाता जिनका जन्म 1987 से पहले भारत में हुआ है, आयोग द्वारा जारी सूची में से स्वयं के लिए कोई भी अभिलेख उपलब्ध कराना होगा, जिससे जन्मतिथि और जन्म स्थान का पता चलता हो। एक जुलाई 1987 और दो दिसंबर 2004 के बीच भारत में पैदा होने वाले मतदाताओं के लिए निर्धारित सूची में से खुद के लिए कोई भी अभिलेख उपलब्ध कराना होगा, जो जन्म तिथि या जन्म स्थान को प्रमाणित करता हो तथा उक्त सूची में से पिता या माता के लिए कोई भी अभिलेख उपलब्ध कराना अनिवार्य है, जो जन्म तिथि या जन्म स्थान को प्रमाणित करता हो तथा 2004 के बाद भारत में जन्म लेने वाले मतदाता के लिए निर्धारित सूची में से कोई भी अभिलेख उपलब्ध कराना अनिवार्य है, जो जन्म तिथि या जन्म स्थान को प्रमाणित करता हो, साथ ही उक्त सूची में से माता-पिता के लिए कोई अभिलेख उपलब्ध कराना अनिवार्य है, जो जन्म तिथि या जन्म स्थान को प्रमाणित करता हो। उन्होंने बताया कि अब तक फार्म 6-5469 फॉर्म 7-45 तथा फार्म 8-2905 की संख्या में भरे जा चुके हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं बीएलओ को निर्देशित किया कि दावे और आपत्ति के निस्तारण के कार्य में तेजी लाएं और आयोग के निर्देशों के अनुसार सभी कार्य संपन्न कराएं। उन्होंने राजनीतिक पार्टियों के प्रति. निधियों का आह्वान किया कि उक्त कार्य में अपेक्षित सहयोग प्रदान करने के लिए अपने-अपने बूथ लेवल अभिकर्ताओं को क्रियाशील करें ताकि इस कार्य में तेजी के साथ-साथ पारदर्शिता भी बनी रहे।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वानिया सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, भाजपा से धीर सिंह, सपा से अहमद खिजर, बसपा से मौहम्मद सिद्दीक तथा कांग्रेस पार्टी से अनिल त्यागी मौजूद थे।

संकल्प के साथ जन्मदिन मनाने मुरादाबाद रवाना हुआ कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का रैला

# पांचवीं बार फिर मायावती सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बसपा मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री के जन्म दिन उत्साह के साथ मनाने को कायकर्ताओं और पदाधिकारियों का रैला मुरादाबाद जाने को उमड़ पड़ा। बड़ी संख्या में जन्मदिन कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पांचवी बार मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प के साथ रवाना हुए।

प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री एवं बहुजन समाज पार्टी की मुखिया कु. मायावती का जन्मदिन कार्यक्रम मंडल स्तर पर मनाने का निर्णय लिया गया था। जिले भर से कार्यकर्ता कई दिनों से जन्मदिन कार्यक्रम यादगार बनाने के लिए जुटे हुए थे। जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन कर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को पहुंचने के लिए प्रेरित किया जा रहा था। गुरूवार को सुबह से ही कार्यकर्ता और पदाधिकारियों का सम्भल गवाँ मार्ग स्थित पूर्व विध ानसभा प्रत्याशी हाजी रफतुल्ला उर्फ नेता छिददा के आवास पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। हांड़ मांस को कंपाती कड़ाके की ठंडक से बेपरवाह कार्यकर्ता दो पहिया वाहनों निजि बसों से पहुंचकर एकत्र होते गए। करीब बारह बजे मुरादाबाद रवाना होने से पूर्व कार्यकर्ताओं और पदाधि कारियों के हुजूम को सम्बोधित करते हुए पूर्व प्रत्याशी हाजी रफतुल्ला उर्फ नेता छिददा ने कहा कि के नेतृत्व में जब-जब प्रदेश में सरकार बनी है तब-तब शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में विकास की लहर दौड़ी है। उन्होने कहा कि प्रदेश में कानून का शासन था और कमज़ोर

**○बसपा नेता हाजी रफतुल्ला उर्फ नेता छिद्दा के आवास पर सुबह से ही जमा होने लगे कार्यकर्ता, हांड़ मांस का कंपाती ठंड पर भारी पड़ा जन्म दिन कार्यक्रम पर**

मजलूम और दलित पिछड़ों के साथ मुस्लिम समाज को स्वाभिमान जीवन जीने का मौका मिला। स्वाभिमान और अधिकारों के साथ फिर से प्रदेश में फिर से कानून का राज लाने को जनता आतुर है। उन्होने कहा कि गरीबों की मसीहा और कमज़ारों की हमदर्द पीड़ितों के साथ हमेशा इंसाफ करने वाली पूर्व मुखिया मायावती के जन्मदिन पर पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प के साथ मुरादाबाद जन्मदिन मनाने को रवाना हो रहे हैं। उन्होने बुल्डोजर कारवाई पर भी तंज कसते हुए कहा कि किसी में इतनी हिम्मत व ताकत नहीं है जो उल्टी सीधी कार्रवाई को रोक सके। जबकि बुल्डोजर को हाथी ही रोक सकता है। इस मौके पर उनके साथ रवाना होने वालों में मुकेश शुक्ला, पूर्व सभासद तय्यब, गौहर, कमरूज़्ज़मां, आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

## महिला शक्ति संगठन में बांटे गर्म कपड़े

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** महिला शक्ति संगठन समाजसेवी दीपा वार्ष्णेय के नेतृत्व में मकर-संक्रांति के उपलक्ष में जरूरतमंदो को खिचड़ी और गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। अध्यक्ष दीपा बार्ष्णेय ने बताया कि लगातार मकर-संक्रांति के दिन इसी मंदिर पर गर्म कपड़ों और खिचड़ी बांटने कार्य महिला शक्ति संगठन के द्वारा होता आया है यहां काफी जरूरत मंदों की भीड़ आज के दिन हो जाती है। गुरूवार को महिला शक्ति संगठन की अध्यक्षा व कार्यकत्रियों ने निर्धनों को गर्म वस्त्रों का वितरण कर सहायता की।



सम्भल। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती का जन्मदिन मनाने मुरादाबाद रवाना होते बसपाई।



सम्भल। खाद्य सुरक्षा और पशु पालन विभाग की बैठक लेकर दिशा-निर्देश देते जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया।

## बबराला से राजघाट मार्ग के चौड़ीकरण का प्रस्ताव भेजने पर हर्ष

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** माँ गंगा जन कल्याण समिति के सदस्यों ने बबराला से राजघाट मार्ग के चौड़ीकरण प्रस्ताव भेजे जाने पर हर्ष व्यक्त किया। बबराला से राजघाट गंगा घाट पर जाने वाले श्रृद्वालुओं को जाम का सामना अब नहीं करना पड़ेगा। क्योंकि अब लोक निर्माण विभाग की ओर बबराला से राजघाट गंगाघाट तक की चार किलोमीटर लंबी सड़क के लिए सात करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा है।

गुन्नौर तहसील क्षेत्र का गंगाघाट राजघाट महत्वपूर्ण घाट है। प्रत्येक माह की पूर्णिमा के साथ साथ कार्तिक पूर्णिमा, मौनी अमावस्या, दशहरा, मकर संक्रांति पर काफी संख्या में श्रृद्वालु राजघाट गंगा के बबराला घाट पर जाते हैं। इसके साथ ही सावन व महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में कांवड़िये भी पहुंचते हैं। स्नान पर्वो पर श्रृद्वालुओं व वाहनों की अधिकता के कारण मार्ग पर जाम लग जाता है। लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन सुनील प्रकाश ने बताया कि श्रृद्वालुओं की इस समस्या के समाधान के लिए

**○चार किलोमीटर लम्बी सड़क के चौड़ीकरण के लिए सात करोड़ का शासन को भेजा प्रस्ताव**

बबराला से राजघाट गंगा घाट तक चार किलोमीटर लंबी सड़क के चौड़ीकरण के लिए सात करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा है। अनुमति मिलने पर कार्य शुरू कराया जाएगा। माँ गंगा जन कल्याण समिति बबराला के अध्यक्ष अतुल गोयल,।महामंत्री योगेन्द्र सिंह,।उमेश चन्द्र गुप्ता, मुनीश कुमार, कार्तिक गोयल आदि ने प्रस्ताव भेजने पर हर्ष जताया है। शासन से इस प्रस्ताव को पास कर जल्द कार्य की अनुमति देने की मांग की है।

## थाना गढ़ी पुलिस ने तीन वारंटी किए गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**सिरसी।** थाना हजरत नगर गढ़ी पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में तीन वारंटी गिरफ्तार कर चालान की कार्रवाई की।

उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह ने हमराहियों, रूचिन कुमार व गोविंद कुमार के साथ ग्राम हाफिजपुर निवासी महेश उर्फ भूरा पुत्र गंगाराम , ग्राम रधोखड़ा निवासी लल्लू पुत्र मुकंदी व ग्राम हाफिजपुर निवासी रमेश पुत्र गंगाराम वारंटी को उनके घरों से गिरफ्तार किया है।

## दो दिन राहत तीसरे दिन रही पूरी आफत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** एक दिन राहत मिलने के बाद दूसरे दिन आफत रही। कोहरा ओर बादल छाये रहने के कारण दिन भर सूरज नहीं निकलने से जनमानस की कंपकपी बंधी रही। दिन भर अलाव के सहारे लोग बैठे रहे जबकि बाज़ार में भी चहल-पहल काफी कम रही।

मौसम लगातार करवट बदलता जा रहा हें जहां एक सप्ताह तक हांड़ मांस को कंपान वाली सर्दी रहने के बाद निकली चटक धूप से काफी राहत महसूस होने लगी थी। एक दिन पूर्व सुबह से ही निकली चिलचिलाती धूप ने मौसम को पूरी तरह से खुशगवार बना दिया था, लेकिन गुरूवार को कोहरे की और आसमान पर छाए बादलों की

**○दिनभर नहीं हुए सूरज के दर्शन, मौसम बना रहा तीखा, अलाव ही बना रहा दिन भर सहारा**

चादर छंट नहीं सकी। दिन भर बादल छाये रहने से सर्दी के तेवर तीखे रहे। जबकि हांड़ मांस को कंपाकर रख दिया। देर दोपहर हल्की सी चमक होने पर मामूली गर्माहट हुई,मगर हवाओं के झोंको ने उसे भी ठंडा कर दिया। जबकि दिन ढलने के बाद सांय होते ही फिर गलन ने घरों में छिपने को मजबूर कर दिया। जगह-जगह अलाव ही लोगों का सहारा बने रहे।

## जनपद में दो दिन ओर बढ़ा स्कूलों का अवकाश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कड़ाके की ठंड और शीत लहर के चलते स्कूलों में अवकाश दो दिन ओर बढ़ा दिया गया है।

जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले में अत्याधिक कोहरा एवं शीतलहर के कारण बच्चों के स्वास्थ्य के मददेनजर कक्षा नर्सरी से कक्षा आठ तक संचालित परिषदीश/माध्यमिक सहायता प्राप्त/सीबीएसई/आईसीएसई/मदरसा बोर्ड आदि सभी शिक्षण संस्थान विद्यालयों में 17 जनवरी तक परीक्षओं को छोड़कर अवकाश रहेगा। जबकि इस अवधि में विद्यालयों में कार्यरत सभी शिक्षक/शैक्षणिक कर्मचारी विभागीय कार्यों एवं दायित्वों का निर्वहन करेंगे। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने आदेश का कड़ाई से पालन करने के आदशि दिए हैं।

कुत्ता काटने की घटना पर लापरवाही न बतरने के निर्देश

## जिले में कुत्तों का किया जाए रेस्क्यू

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** खाद्य सुरक्षा, रिक्त दुकान की समीक्षा बैठक में विकासखंड वार चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलक्ट्रैट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह ब्लॉक को लीड करें। निलंबित राशन की दुकानें तथा मॉडल शॉप पर भी चर्चा की गयी,जबकि जिन स्थानों पर मॉडल शॉप का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है उसकी जानकारी लेकर ज़रूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधि कारी ने कहा कि मॉडल शॉप ग्राम के निकट ही हों। अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डों की जानकारी लेकर सत्यापन रिपोर्ट पर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने कहा की पात्र लाभार्थी का ही राशन कार्ड जारी किया जाए इसको प्रत्येक दशा में देख लें। जिलाधि कारी ने कहा कि एक अभियान चलाकर पात्र लाभार्थियों का भी सत्यापन करना सुनिश्चित करें।

**○खाद्य सुरक्षा, रिक्त दुकानों की डीएम ने की समीक्षा**

तत्पश्चात पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने विस्तार पूर्वक जानकारी ली और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया। हरा चारा को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि पशुओं को हरा चारा खिलाया जाए। उन्होंने कहा कि सर्दी के चलते पशुओं को आवश्यक उपचार भी दिए जाएं। जबकि जनपद में कुत्ते द्वारा काटने से संबंधित घटना को लेकर अधि कारियों को कुत्तों का रेस्क्यू किरने के निर्देश दिये साथ ही इस प्रकार की घटना को प्रत्येक दशा में संज्ञान ले लापरवाही किसी प्रकार की ना होने को भी निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा की गौशाला एवं चारागाह की भूमि को मैपिंग किया जाए जिससे गौशाला में समय से हरा चारा उपलब्ध हो सके।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, जिला खाद्य विपणन अधिकारी संजीव कुमार राय मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. शैलेन्द्र सिंह, जिला पूर्ति अधि कारी शिवि गर्ग, तथा समस्त पूर्ति निरीक्षक, एवं समस्त खंड विकास अधिकारी एवं संबंधित अधि कारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हजरत इमाम काजिम की शबीहे ताबूत बरामद

शाह टाइम्स,संवाददाता

**सिरसी।** कस्बे के शिया समुदाय ने हजरत इमाम मूसा-एकाजिम की शहादत की याद करते हुए इमाम के बताए रास्ते पर चलने को वक्त की जरूरत समझा।

शबीहे ताबूत बरामद किए जाने से पहले अनेक इमामबारगाहों में मजलिसे बरपा की गई। जिसमें उलेमाओं ने बोलते हुए कहा कि यह सिर्फ एक शहादत नहीं है यह उस सब्र की श्खहादत है जिसे जंजीरों में जकड़ दिया गया था। यह उस खामोशी की कुर्बानी है जो जालिमों के शोर से कहीं ज़्यादा बुलंद थीं। उलेमाओं ने कहा कि इमाम मूसा-एकाजिम की शहादत हमें झिंझोड़ती है। वो कहते हैं कि अगर बोल न सको तो किरदार से बोलो, हार मत मानो चाहें जंजीरे हों, अल्लाह देर करता है इन्कार नहीं। उलेमाओं ने कहा कि इमाम की शहादत एक सवाल छोड़ जाती है। क्या हम मजलूम के साथ खड़े हैं या सिर्फ मजालिस तक सीमित है। क्या हम इमाम का नाम तो लेते हैं मगर रास्ता भूल जाते है। मजलिस के शबीहे ताबूत के जुलूस में मातमी अन्जुमनों ने नौहाख्वानी व मातम किया और ताबूत की ज्यारत को बड़ी तादाद में अकीदतमंद मौजूद रहे।

**○इमाम मूसा ए काजिम के बताए रास्ते पर चलने पर दिया ज़ोर, इमाम बारगाहों में मजलिसें बरपा**

## एक नज़र इधर भी



बबराला-पेट्रोल पम्प पर खिचड़ी वितरित करते रोटरी क्लब के सदस्य।

### खिचड़ी भोज कराकर मना मकर संक्रांति का पर्व

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नगर में रोटरी क्लब बबराला गंगा ने पेट्रोल पंप पर खिचड़ी भोज का आयोजन हुआ।इस दौरान अतुल गोयल,सोनू गोयल, कार्तिक,सात्विक उमेश चन्द्र गुप्ता आदि रहे।

मकर संक्रांति पर्व पर अनिल वार्ष्णेय आशुतोष वार्ष्णेय ने नगर के लोगो ने खिचड़ी भोज का आयोजन किया। जिसमे लोगो को खिचड़ी का भोज कराया गया। इस दौरान रवि शर्मा, योगेश गुप्ता,सोनू आदि रहे। मकर संक्रांति पर्व पर खिचड़ी भोज का बड़ा महत्व माना गया है इसलिए लोग खिचड़ी का प्रसाद के रूप में वितरण करते है। इस मौके पर संजीव कुमार, रविराज गुप्ता, नीरज कुमार, हेमंत कुमार, बंटी वार्ष्णेय, भोला पुलकित वार्ष्णेय, रमन कुमार, गणेश वार्ष्णेय, योगेश कुमार, विनोद कुमार, सुबोध वार्ष्णेय, अंशुल, आदि लोग उपस्थित थे। उधर नमामि गंगे के गंगा वारियर्स के द्वारा राजघाट के बबराला घाट पर खिचड़ी वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें सत्यम् मिश्र, पुष्पेंद्र, अमरीश, सूरज, यश, धरुव, मयंक, लकी आदि सदस्य उपस्थित रहें।



बबराला। राजघाट रोड पर हिंदू सम्मेलन को सम्बोधित करते।

हिंदुओं के नाम पर विदेशी चीजों का प्रचार कर आर्थिक धन कमाने के आरोप कमाने पर रोष

## विरोधी ताकतों पर नजर रखना ज़रूरी: महंत रविकांत

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** नगर में स्थित राजघाट रोड योग पार्क पर केशव बस्ती सदस्यों द्वारा हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हिंदू संगठन के लोग सैकड़ो की तादाद में पहुंचे जहां हिंदू एकता को लेकर विशेष जोर दिया गया। हिंदू सम्मेलन के दौरान यजमान समेत पहुंचे महिला पुरुष बच्चों द्वारा यज्ञ में आहुतियां दी गई और मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जहां स्कूली बच्चों ने सुंदर-सुंदर भजन व रंगोली बनाकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल वार्ष्णेय ने की। जहां मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे रविकांत साकरा मठ महंत ने विरोधियों ताकतों को नाम लेकर जमकर निशाना साधा उन्होंने कहा कि कुछ लोग हिंदुओं के नाम पर विदेशी चीजों प्रचार कर आर्थिक धन कमा रहे हैं। अगर उनके विचारों पर ध्यान नहीं दिया गया तो हिंदू समाज में कमजोरी पैदा होंगी। उन्होंने कहा कि सद्भावना विरोध ी ताकतों को खत्म करना यह सभी हम सब हिंदुओं की जिम्मेदारी है इसके लिए हम सबको एकता का परिचय देना होगा और संगठन बनाकर मजबूती से पकड़ बनानी होगी। उन्होंने कहा कि हिन्दू वह जो किसी के आभाव प्रभाव से नहीं बदल सकता है। कार्यक्रम में काफी तादाद में लोग पहुंचे महिला और बच्चों को हलवा पूडी का प्रसाद ग्रहण कराया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सुधा गौतम धर्मेंद्र धावल , नगर संयोजक रामगोपाल, नगर कार्यवाह सोनू यादव, विभाग प्रचारक प्रमुख अरुण कांत, जिला संपर्क प्रमुख जगदीप जिला सह प्रचारक प्रमुख भुवनेश, अमित अनिल संजय विपिन हरिओम मुकेश आदि मौजूद रहे।

**○बबराला में आयोजित हुआ हिंदू सम्मेलन**



सम्भल। आर्य समाज में मकर संक्रांति पर हवन में आहूति देते।

### आर्य समाज में यज्ञ में दी आहूतियां

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** मकर संक्रांति पर आर्य समाज मंदिर में यज्ञ में आहूतियां दी गई।कार्यक्रम में महिला एवं पुरुष एवं बच्चों की भागीदारी रही। यज्ञ उपरांत खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजेश सिंघल, संजय गुप्ता पॉली, हिरदेश यादव, संतोष आर्य, दीपक आर्य, गणेश शर्मा, योगेंद्र यादव, सुरेश अटल, राहुल शर्मा, अनुपम आर्य, वैभव आर्य, मुकुल आर्य, मानव आर्य, नीलांशु वार्ष्णेय, सुमित सर्राफ, पूजा आर्या, प्रभा आर्या, लक्ष्मी आर्या, निशा आर्या, आदि उपस्थित रहे।

## पंचायत चुनावों की सरगर्मियां होने लगी तेज़

**○जनता के बीच पहुंचकर प्राथमिकताएं बताने का दौर हुआ शुरू**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** पंचायत चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज होने लगी हैं। गांव-गांव लोगो ने चुनाव मैदान में आने को कमर कसना शुरू कर दिया है। जबकि मतदाताओं को अपने पाले में लाने के लिए पैंतरेबाजी करने के साथ उनके बीच पहुंचकर उनकी बुनियादी समस्याओं को हल कराने के भरोसे दिलाये जा रहे हैं। वैसे तो गांव-गांव ग्राम प्रधानी के चुनाव में उतरने को अपने पत्ते खोलने शुरू कर दिए हैं जबकि जिला पंचायत सदस्य के चुनाव मैदान में बाजी मारने को सम्भावितो ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर अपनी प्राथमिकताओं को गिनाने लगे है। क्षेत्र के ग्राम सलारपुर कलां निवासी वार्ड नम्बर 11 जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी गुलाम मौहम्मद खां लोगों के बीच पहुंचकर उनके दुख सुख के कार्यक्रमों मे शामिल हो रहे हैं। साथ ही चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह कमर कस चुके हैं और वार्ड मे गांव-गांव उत्पन्न जनता की समस्याओं को देखने के साथ ही आश्वस्त भी कर रहे हैं।हालॉकि अभी पंचायत चुनाव की कोई अधि कारिक घोषणा नहीं हुई है मगर जल्द ही चुनावों की अधिसूचना जारी होने की सम्भावनाओं से लोगों ने अपने अभियान को तेज कर दिया है। पहली बार चुनाव मैदान में आ रहे गुलाम मौहम्मद ने बताया कि गुलाम मौहम्मद ने कहा कि उनके पिता मौलाना इरफान एक इमाम थे और वह कांग्रेस से जुड़े रहे। पूर्व सांसद मरहूम गुलाम मौहम्मद साहब के गांव मे चार साल इमामत की। उनके राजनैतिक सफर से ही सीख मिली और वह सपा विधायक पिंकी यादव से जुड़े रहे।

## युवा अधिवक्ताओं की पहली पसंद बने शाहनवाज राना एड.

**सम्भल।** जैसे-जैसे बार कौन्सिल के सदस्य पद के चुनाव का समय करीब आता जा रहा है वैसे-वैसे चुनाव रोचक होने के साथ प्रत्याशियों को चुनने को लेकर सर्मथन और पसंदीदा प्रत्याशियों की चर्चा तेज हो गयी है। बार कौन्सिल के सदस्य पद पर दूसरी बार मैदान में शाहनवाज राना एड. को युवा अधिवक्ताओं की सबसे अधिक पसंद माना जाने लगा है। कई अधिवक्ताओं ने इसका खुलकर इजहार भी किया है। इनमें मौ. नवाज, सादिक, यासिर वकास, असद बिन गय्यूर, फहद बिन गय्यूर, सै. फरहत अली, पुनीत वार्ष्णेय, मौ. समीर, शब्बू, शीबा मौ. अली, अनवर सैफी आदि अधिवक्ता चर्चा करने के साथ सर्मथन जुटाते देखे गए।

## जनसेवकों की भीड़ में गुम हो गई जनसेवा

शाह टाइम्स संवाददाता

**सिरसी।** कस्बे में कथित जनसेकवाकें की अच्छी खासी भीड़ है,लेकिन सेवा के नाम पर शून्य हैं, ऐंसा लगता है कि जैसये भीड़ में सेवा गुम हो गई हो।

मौसम सर्दी, गर्मी या बरसात जैसा कोई भी हो, हर मौसम कमजोर, गरीब वर्ब के लिए परेशानी लेकर आता है। जिसमें ऐंसे लोगों की मदद की ज़रूरत होती है ओर वो साधन-सम्पन्न कोठी बंगले व चमचमराती गाड़ियों वालों की तरफ उम्मीद भी निगाहों से देखते हैं आर इतना देखते हैं कि मौसम के साथ परेशानी का समय भी गुजर जाता है,लेकिन अपने आप को जन सेवक कहलाने वालों की जेब ढीली नहीं होती। सर्दी की बात करें तब 4-5 डिग्री तापमान में शीतलहर के बीच गरीब, मजदूर व आर्थिक रूप से अन्य कमज़ोर वर्ग अधिक प्रभावित हो रहा है, झूठी शान दिखाने में दिल खोलकर पैसा खर्च करने वाले लोग ज़रूरतमंदों की तरफ से ऑखे फेरे हुए है। प्रशासन ने भी ज़रूरतमंदों के लिए कम्बल आदि गर्म कपड़ों की कोई व्यवस्था अभी तक नहीं की है। इस नेक काम में धर्म समाज के कथित ठेकेदार भागीदार न बनकर चैन की बंसी बजा रहे हैं।

**○ज़रूरतमंदों को कम्बल आदि की अभी तक नहीं व्यवस्था**

## बच्चों को किया पुरस्कृत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** सरस्वती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बबराला में संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति हमारी पहचान के तहत अंतर्गत संस्कृति उत्सव का ब्लाक और तहसील स्तर पर आयोजन किया गया। शासन द्वारा यह कार्यक्रम स्थानीय संस्कृति परंपराओं लोक कला लोकगीत लोक नृत्य हस्तशिल्प सांस्कृतिक विरासत की विशिष्ट पहचान को प्रमुखता से कार्यक्रम के द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए किया गया। जिसमें उड़ान फाउंडेशन के चीफ योगेन्द्र राजपूत ने चयनित नंदिनी कुशवाह, यतिका, खुशी, नंदिनी, माही, मिस्टी, शशि, जयश्री, लक्ष्मी, नंदिनी ग्रुप, निशि ग्रुप,हिमांशी ग्रुप, विशाखा कुशवाहा, शगुन यतिका, नंदिनी, कुमकुम का आर्शीदवाद दिया। जबकि ममता राजपूत व अल्पना चौधरी ने फीता काटकर उदघाटन किया।



सम्भल- सपा सांसद डिम्पल यादव का जन्म दिन मनाती महिला कार्यकत्रियां व जिला सचिव

### सांसद डिम्पल को जन्मदिन पर दीर्घायु की कामना

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** सपा की महिला कार्यकर्ताओं ने सांसद डिम्पल यादव का जन्मदिन मनाया आर उनकी दीर्घायु की कामना की। सपा नेता जिला सचिव सईद अख्तर इसराईली के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में महिला कार्यकत्रियों ने सांसद डिम्पल यादव के जनमदिन पर दीर्घायु की कामना की जबकि केके काटकर जमकर खुशी मनायी। इस दौरान महिला कार्यकत्रियों ने कहा कि संसद से लेकर सड़क तक सांसद डिम्पल यादव महिलाओं की आवाज हैं। इस मौके पर निदा इकबाल, खिजरा, तूबा, अफीफा, आफताब, रिबा हुसैन, अलीशा आदि मौजूद रहीं।

# भोजपुर क्षेत्र में तेंदुए की दहशत सड़क किनारे दिखा तेंदुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** भोजपुर थाना क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी से इलाके में हड़कंप मच गया है। धारक नगला रोड पर तेंदुआ खुलेआम सड़क किनारे घूमता हुआ दिखाई दिया, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों में दहशत फैल गई। अचानक तेंदुए को सामने देखकर सड़क से गुजर रहे लोग सहम गए और कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेंदुआ काफी देर तक सड़क के किनारे टहलता रहा। इस दौरान कार सवार कुछ लोगों ने अपने मोबाइल फोन से तेंदुए का वीडियो रिकॉर्ड कर लिया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद आसपास के गांवों में भी भय का माहौल बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुए के गांवों के नजदीक घूमने की खबर से लोग घरों से बाहर निकलने से कतरा रहे हैं,



खासकर बच्चों और बुजुर्गों को लेकर चिंता बढ़ गई है।घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग और स्थानीय प्रशासन को अलर्ट कर दिया गया है। वन विभाग की टीम तेंदुए की तलाश और उसकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए इलाके में निगरानी बढ़ाने की तैयारी कर रही है। साथ ही ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वह अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें और तेंदुए को देखने या वीडियो बनाने के लिए उसके पास जाने की कोशिश न करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत वन विभाग या पुलिस को दें। फिलहाल तेंदुए की मौजूदगी से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# कोहरे के चलते खड़ी डीसीएम में घुसी पिकअप

## तीन माह के बच्चे की मौत, आधा दर्जन से अधिक लोग हुए घायल

**मुरादाबाद।** शहर के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के चक्कर की मिलक का रहने वाला एक परिवार गुरुवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हो गया। परिवार के लोग पिकअप वाहन में सवार होकर उत्तराखंड के गर्जिया देवी मंदिर, रामनगर में तीन माह के बच्चे का मुंडन संस्कार कराने जा रहे थे। इसी दौरान कटघर थाना क्षेत्र अंतर्गत गुलाबबाड़ी रामगंगा पुल पर घने कोहरे के कारण उनकी पिकअप खड़ी एक डीसीएम से जा टकराई।हादसा इतना भीषण था कि पिकअप में सवार तीन माह के बालक राघव पुत्र जितेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि राघव का ही मुंडन संस्कार कराने के लिए पूरा परिवार यात्रा पर निकला था, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। बच्चे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।इस दुर्घटना में पिकअप सवार आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही कटघर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी



घायलों को आनन-फानन में जिला अस्पताल भिजवाया गया। अस्पताल में सभी घायलों का उपचार चल रहा है, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।घायलों में सावित्री देवी (55) पत्नी कृपाल, रेखा (22) पत्नी अर्जुन, अर्जुन (32) पुत्र किशनपाल सिंह, कैलाश (36) पुत्र किशनपाल सिंह, बबीता (8) पुत्री कैलाश, आशा देवी (40) पत्नी प्रकाश, गीता देवी (32) पत्नी अर्जुन, विवेक (16) पुत्र प्रकाश, मयंक (13) पुत्र कैलाश और प्रकाश (42) पुत्र रोशन शामिल हैं। इसके अलावा कुछ अन्य लोगों को भी मामूली चोटें आई हैं।प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण घना कोहरा बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, कोहरे के चलते पिकअप चालक को पुल पर खड़ी डीसीएम दिखाई नहीं दी, जिससे यह दर्दनाक टक्कर हो गई। पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एक नजर

### राजकीय इंटर कॉलेज लहरावन में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू




**बहजोई ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** राजकीय इंटर कॉलेज लहरावन संभल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सी पी सिंह और पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं शिविर के पर्यवेक्षक दया शंकर जी ने संयुक्त रूप से सरस्वती माता विवेकानंद जी के सामने दीप जलाकर राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वयं सेविकाओं ने सरस्वती वंदना स्वागत गीत गाए। कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में बताया और सातों दिन की रुपरेखा बताई। विद्यालय के प्रधानाचार्य सी पी सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों के बारे में बताया। प्रधानाचार्य दया शंकर जी ने छात्र-छात्राओं को अनुशासन और कर्तव्य के बारे में बताया। श्री गोपाल बाबू वार्ष्णेय ने बच्चों को आशीर्वचन दिया। उद्घाटन के बाद ग्राम लहरावन में कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार के नेतृत्व में स्वच्छता पर एक रैली निकालकर ग्राम वासियों को स्वच्छता के बारे में प्रेषित किया। इस अवसर पर राजीव सिंह राणा, कृष्णकांत शर्मा, श्रीमती रेणु, राजकुमार उपस्थित रहे।

### जम्भवाणी हरिकथा के चौथे 29 नियमो को विस्तार से बताया



**सुरजननगर।** मीरपुर मोहनचक स्थानीय क्षेत्र में आयोजित हो रही सात दिवसीय जम्भवाणी हरिकथा के चौथे दिन आज श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। कथा व्यास स्वामी विश्वात्मा नन्द जी महाराज के मुखारविंद से प्रवाहित हो रही ज्ञान गंगा में डुबकी लगाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। महाराज जी के भजनों और प्रसंगों ने पांडाल में मौजूद हर भक्त को भाव-विभोर कर दिया। घ्कथा के दौरान स्वामी जी ने सुबह-शाम की संध्या और नियमित भक्ति के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में सुबह और शाम की संध्या प्रार्थना न केवल मानसिक शांति प्रदान करती है बल्कि यह हमारे आत्मिक उत्थान के लिए भी अत्यंत लाभदायक है उन्होंने भक्तों को समझाया कि ईश्वर की भक्ति ही वह सेतु है जो मनुष्य को संसार की बाधाओं से पार लगाती है। यज्ञ के दो स्तंभ चित और पित प्रेम यज्ञ की महिमा का वर्णन करते हुए स्वामी विश्वात्मा नन्द जी ने एक गहरा आध्यात्मिक सूत्र साझा किया। उन्होंने बताया कि यज्ञ के दो मुख्य भाव होते हैं चित और पित प्रेम चित एकाग्रता और शुद्ध अंत करण पित समर्पण और निस्वार्थ प्रेम। महाराज जी के अनुसार जब तक यज्ञ में प्रेम और शुद्ध मन का समावेश नहीं होता तब तक वह पूर्ण फलदायी नहीं होता।घ्29 नियमों का पालन ही सच्चा धर्मघ्पर्यावरण और जीव रक्षा के प्रणेता गुरु जम्भेश्वर भगवान के 29 नियमों की चर्चा करते हुए स्वामी जी ने जोर दिया कि इन नियमों का केवल सुनना पर्याप्त नहीं है बल्कि इनका नित प्रतिदिन कड़ाई से पालन करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि ये नियम केवल बिश्नोई समाज के लिए नहीं बल्कि पूरी मानवता के कल्याण और प्रकृति के संरक्षण का मार्ग हैं। कथा के समापन पर आरती का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने झूमते हुए भगवान का गुणगान किया। पूरा वातावरण गुरु जम्भेश्वर भगवान की जय के जयकारों से गुंजायमान रहा।

# खनन में लगे दो डंपरों को पुलिस ने किया सीज , आगे भी कार्रवाई रहेगी जारी



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** खनन में लगे दो डंपरों को पुलिस में रात फिर सीज कर दिया बताया गया कि उक्त डंपरों में ओवर लोडिंग करते हुए मिट्टी ले जाई जा रही थी प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि ऐसे वाहनों पर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। बतादे कि क्षेत्र में बड़े डंपर या ट्रैक्टर डंपर सड़कों से गुजरते रहते हैं जिनकी वजह से सड़के तो कई जगह टूट जाती हैं लेकिन लोगों को भी इससे भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है डम्परों से गिरने वाली मिट्टी सड़कों पर जम जाती है इससे धूल भरा माहौल पैदा होता है और दमा के रोगियो के लिए काफी हानिकारक है। शासन ने मिट्टी लाने ले जाने के लिए भी समय सीमा तय की है इसके उपरांत वाहनों से मिट्टी ले जाना कानून तोड़ने की श्रेणी में आता है और पुलिस ने ऐसे वाहनों के खिलाफ सख्त कदम उठाने का मन बना लिया है।

दो दिन पहले भी समय सीमा के बाद मिट्टी लेकर जा रहे डंपर को पुलिस ने सीज किया था और रात फिर ओवरलोडिंग में दो डम्परों को सीज करते हुए पुलिस ने थाने के पास ले जाकर खड़ा कर दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि कानून तोड़ने वालों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई किए जाने का क्रम जारी रहेगा।

# टीएमयू में लोहड़ी पर खूब थिरके मेडिकल कॉलेज के स्टुडेंट्स

## तीर्थंकर महावीर डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से मकर संक्रांति पर स्टुडेंट्स के संग-संग गुरुजनों ने भी उड़ाई पतंग, सीसीएसआईटी में भी रही लोहड़ी की धूम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के हॉस्टल्स और कैंपस के अलावा तीर्थंकर महावीर डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर, सीसीएसआईटी सरीखे कॉलेजों में लोहड़ी और मकर संक्रांति के पर्व पारम्पारिक तरीके से मनाए गए। इनमें स्टुडेंट्स की सर्वाधिक भागीदारी रही। मेडिकल कॉलेज के ब्वॉयज हॉस्टल, गर्ल्स हॉस्टल और ओल्ड गर्ल्स हॉस्टल में लोहड़ी का त्यौहार उत्साह के संग मनाया गया। लोहड़ी प्रज्जवलन के बाद स्टुडेंट्स ढोल की थाप पर लोहड़ी के गानों पर खूब थिरके। स्टुडेंट्स ने तिल, गुड़, मूंगफली, पॉपकॉर्न आदि पारंपरिक वस्तुएं लोहड़ी को अर्पित कीं। लोहड़ी अनुष्ठान के संग-संग सामूहिक मिलन का पर्व भी है। टीएमयू हॉस्टल्स में बड़ी संख्या में पंजाबी छात्र-छात्राएं रहते हैं। लोहड़ी पर डॉ. करुणा जैन के संग-संग प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा, प्रो. सीमा



अवस्थी, प्रो. अमित सराफ, डॉ. आशुतोष, डॉ. रत्नेश जैन, डॉ. नम्रता जैन, डॉ. मधुसूदन आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। लोहड़ी में एमबीबीएस के स्टुडेंट्स- रोहिन अग्रवाल, आकाश पुरी, वेद प्रकाश, राहुल कुमार, दिव्यांश मेहरोत्रा आदि की भी भागीदारी रही, गर्ल्स हॉस्टल्स की ओर से लोहड़ी पर मेडिकल की छात्राओं- अर्शदीप कौर, हिमांशी कौर, आन्या जैन, सुष्मिता यादव, सोनम कुमारी, स्नेहा श्रीवास्तव, तनु कुमारी ने जमकर नृत्य किया। तीर्थंकर महावीर डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में मकर संक्रांति पर न केवल स्टुडेंट्स बल्कि गुरूजनों ने भी रंग-बिरंगी पतंग उड़ाई। डेंटल कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन ने कहा, मकर संक्रांति सरीखे आयोजन से स्टुडेंट्स में टीम भावना, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना विकसित होती है। इस मौके पर डेंटल के प्रिंसिपल प्रो. प्रदीप तांगड़े, डॉ. विकास सिंह, डॉ. दीपक ठाकुर, डॉ. सिवान सतीश, डॉ. कार्तिकेय सक्सेना, डॉ. अभिनय अग्रवाल, डॉ. सौभाग्य अग्रवाल, डॉ. जैनुअल, डॉ. शुभम मिश्रा आदि की मौजूदगी रही। स्टुडेंट्स को रेबड़िया बांटकर मुंह मीठा कराया गया। इसके अलावा सीसीएसआईटी में भी लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सीसीएसआईटी में डीन प्रो. आरके द्विवेदी, प्रो. शंभू भारद्वाज, डॉ. संदीप वर्मा, श्री नवनीत विश्नोई, श्री ज्योति रंजन लाभ, श्री हरजिंदर सिंह, श्री अनुज राघव, श्रीमती शिखा गंभीर आदि मौजूद रहे। एक-दूसरे को लोहड़ी की बधाई देते हुए मूंगफली, रेबड़ी, गजक आदि का वितरण किया गया।

# मकर संक्रांति पर सेवा और श्रद्धा का संगम, नगर में जगह-जगह खिचड़ी वितरण कार्यक्रम





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ मनाए जाने वाले पावन पर्व मकर संक्रांति पर नगर में धार्मिक व सामाजिक संगठनों द्वारा सेवा कार्यो की सुंदर झलक देखने को मिली। इस अवसर पर श्री गणेश महोत्सव सेवा समिति एवं हरे रामा हरे कृष्णा धार्मिक एवं सामाजिक महिला संगठन द्वारा अलग-अलग स्थानों पर खिचड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं व राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। श्री गणेश महोत्सव सेवा समिति की ओर से सर्राफ बाजार के निकट नेहरू पार्क पर खिचड़ी वितरण किया गया। समिति के सदस्यों ने श्रद्धा भाव से लोगों को प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर सचिन गुप्ता, अमित सिंह, सुमित हवाई, नंदकिशोर, सर्व विष्णु, धर्मेंद्र, राकेश, शीलू गुप्ता, श्याम गुप्ता, शोभित गुप्ता, सनी गुप्ता, सुरेश फाइन, संजीव सर्राफ, आकाश गुप्ता, एकांत गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर हरे रामा! हरे कृष्णा।

धार्मिक एवं सामाजिक महिला संगठन के तत्वाधान में कोतवाली के पीछे भगवान कुमार कार्तिकेय गेट के सामने, ध्रुव एग्रीकल्चर स्टोर के पास टेंट लगाकर खिचड़ी वितरण किया गया। संगठन की महिलाओं ने अपने हाथों से आने-जाने वाले राहगीरों को खिचड़ी प्रसाद परोसा। प्रसाद ग्रहण करने वालों ने महिलाओं की सेवा भावना की सराहना करते हुए दुआएं दीं। बताया गया कि यह कार्यक्रम हर वर्ष नगर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया जाता है और हरे रामा हरे कृष्णा ग्रुप पिछले कई वर्षों से निरंतर यह सेवा कार्य करता आ रहा है।

इस दौरान शालिनी चुग, उमा अग्रवाल, मिली गुप्ता, सरिका गुप्ता, दीपा अग्रवाल, तनु शर्मा, गरिमा गुप्ता, कनिका गुप्ता, पायल सक्सेना, विनीत अग्रवाल, मनोज गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## बसंत पंचमी को सामूहिक विवाह समारोह होगा 23 दिसम्बर को

**मुरादाबाद।** बसंत पंचमी, 23 दिसम्बर ,शुक्रवार को आर्य समाज स्टेशन रोड ,मुरादाबाद पर पूर्व वर्षों की भांति डा एस एन गुप्त एण्ड सन योजनान्तर्गत 77वां निशुल्क सामूहिक विवाह का आयोजन किया जायेगा , इसमे स्वजातीय,जातिबंधनमुक्त नवविवाहित जोड़ों का दहेज विहीन और अपव्यय से बचने के लिये विवाह हेतु सादर आमंत्रित किया जा रहा है। रमेश सिंह आर्य, मंत्री आर्य समाज स्टेशन रोड, मुरादाबाद।

## आज का दिन आपके लिए शुभ और सफल हो!



● बुराई होनी भी जरूरी है, क्योंकि हर रोज तारीफ मिलेगी तो आगे नहीं बढ़ पाएंगे।

● समय कई जख्म देता है, इसलिए घड़ी में फूल नहीं कांटे होते हैं।

● हमेशा अपनी छोटी-छोटी गलतियों से बचने का प्रयास कीजिये, क्योंकि इंसान पहाड़ों से नहीं, हमेशा छोटे पत्थरों से ही ठोकर खाता है।

● बड़ा अजीब दुनिया का चलन है, अपनों को अपनों से ही जलन है।

● अहंकार सत्य सुनने की क्षमता को खत्म कर देता है।

**और अंत में, एक छोटी सी प्रेरणा:**

● चुरा लेना खुबसूरत पल जिंदगी के, वरना जिम्मेदारियां फुरसत नहीं देती।

● तेवर और जेवर सम्भाल कर रखने की चीज है, यूँ बात बात मे हर किसी को दिखाए नही जाते..!

**आदीश कुमार जैन एडवोकेट**
**पूर्व उपाध्यक्ष दि बार एसोसिएशन**
**एण्ड लाईब्रेरी मुरादाबाद।**

# स्वास्थ्य विभाग के लैब पर छापा मारने से मचा हड़कंप

**कांठ ( शाह टाइम्स )** स्वास्थ्य विभाग के लैब पर छापा मारने से हड़कंप मच गया जिनका काम सही था वह तो लैब खोले रहे लेकिन बाकी बंद करके गायब हो गए लोगों ने संचालित लैब को लेकर सवाल खड़े किए हैं।

आज दोपहर को स्वास्थ्य विभाग की गाड़ी महमूदपुर माफी रोड स्थित लैब पर पहुंची और वहां जाकर उन्होंने जांच की इसके बाद गाड़ी ने अलग-अलग कई लैबो पर जाकर जांच की बताया गया कि लैब सील करने के बाद संचालको द्वारा पंजीकरण की कार्रवाई पूरी की जाती है और उसके बाद फिर लैब खुलकर पहले की तरह अपना काम करना शुरू कर देती है। लेकिन कुछ महीनो बाद फिर उन पर छापा पड़ता है और फिर उन पर कमी पाए जाने के बाद कार्रवाई की जाती है लोगों का कहना था कि बार-बार छापामारी के बाद भी आखिर लैब संचालक संबंधित प्रपत्र पूरे क्यों नहीं कर पाते और यदि पूरे नहीं होते तो उस लैब का ताला फिर कैसे खुल जाता है। हालांकि आज की कार्रवाई को लेकर कोई विधिवत जानकारी तो नहीं मिल पाई संबंधित अधिकारियों द्वारा फोन भी नहीं रिसीव किए गए लेकिन इस तरह की छापामारी को लेकर लोगों ने कुछ सवाल जरूर खड़े किए है।

**न्यायालय श्रीमान लघुवाद न्यायाधीश महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**सिविल वाद संख्या :** 1891/2023
**तारीख पेशी:** 29.01.2026
**अतुल चन्द्र शर्मा प्रति**
**श्रीमती सुजाता अतुल शर्मा आदि।**
अतुल चन्द्र शर्मा उम्र 55 वर्ष पुत्र स्व0 वेदव्रत जनार्दन शर्मा नि.मकान नंबर 15-45- 53 मौह0 चन्द्र नगर डाक क्षेत्र 32 निकट नगर निगम पम्प हाउस मुरादाबाद।
**प्रति**
1.श्रीमती सुजाता अतुल शर्मा उम्र 52 वर्ष पत्नी अतुल कुमार शर्मा निवासी मौहल्ला लोहियान तहसील धामपुर जिला बिजनौर हाल निवासी कोटा कॉलोनी पेट्रोल पंप के सामने पंडित रवि शंकर विद्यालय के पीछे जिला रायपुर छत्तीसगढ़ 4950001, 2. सर्वेश चंद्र शर्मा उम्र 68 वर्ष पुत्र स्वर्गीय श्री वेदव्रत जनार्दन शर्मा निवासी ब्लॉक आई 546 गोविंदपुरम गाजियाबाद पिन कोड 201013, 3. श्रीमती सुमनलता शर्मा उम्र 65 वर्ष पत्नी श्री नरेश कुमार शर्मा निवासी मोहल्ला चन्द्र नगर होरी सिंह के मंदिर के पास, लाल कोठी से उत्तर दिशा वाली गली में ब्यूटी पार्लर के बराबर वाली गली में मुरादाबाद 244001, 4. श्रीमती सुरेश कुमारी शर्मा उम्र 86 वर्ष पत्नी स्वर्गीय वेदव्रत जनार्दन शर्मा निवासी 15/45/53 चन्द्रनगर डाक क्षेत्र 32 निकट नगर निगम पंप मुरादाबाद 244001, 5. अमित गौतम उम्र 44 वर्ष, 6.अचित गौतम उम्र 43 वर्ष, 7. मंयक गौतम उम्र 40 वर्ष पुत्रगण स्व0 श्रीमती मंजुलता शर्मा निवासीगण बी-143 जिगर कॉलोनी पुरानी चाँदमारी के सामने मुरादाबाद-**प्रतिवादीगण।** चूंकि उपरिनामांकित वादी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएवं आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये दिनांक 29.01.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो। यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 13.1.2026 दिवस को निकाली गई।
**प्रबंधक**
**न्यायालय लघुवाद न्यायाधीश**
**जनपद-मुरादाबाद।**

## टक्कर मारकर महिला को मौत उतार के घाट उतारने के आरोपी ट्रक चालक पर एफआईआर

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** ट्रक की टक्कर से मौत का शिकार हुई महिला के पति की तहरीर पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है गोपालपुर नत्था नगला निवासी साबिर पुत्र अब्दुल रहीम के मुताबिक वह 14 जनवरी को अपनी पत्नी आशिया के साथ अपने ही गांव के बाजार से सामान खरीदने के लिए गया था बाजार से वापस आते समय शाम लगभग 6:00 बजे उसकी पत्नी आशिया को सुखा हलवाई की दुकान के पास पीछे से आ रहे हैं ट्रक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वाहन चालक दुर्घटना करके मौके से फरार हो गया लोगों ने उसका पीछा करके उसे उचौती पुलिस चौकी के पास पकड़ लिया ट्रक चालक ने अपना नाम गुर्जन सिंह पुत्र लखविंदर सिंह निवासी सालपानी कला थाना जराना कला जनपद कुरुक्षेत्र हरियाणा बताया मृतका के पति की तहरीर पर पुलिस ने चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# नगर में धूमधाम के साथ निकाली गई बाबा खाटू श्याम की निशान यात्रा

## सैकड़ो की तादात में महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने निशान यात्रा में लिया हिस्सा, मंदिर पर हुए विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के मोहल्ला शांतिपुरम् कॉलोनी स्थित बाबा खाटू श्याम के मंदिर में बाबा खाटू श्याम, बाबा सालासर बालाजी महाराज की प्रतिमा के स्थापना दिवस के मौके पर निशान यात्रा निकाली गई। जिसमें भारी तादात में महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। डीजे के धुनों पर श्रद्धालु नृत्य करते हुए चल रहे थे। हाथों में बाबा खाटू श्याम का निशान था, श्रद्धालु बाबा खाटू श्याम, सालासर बालाजी के जयकारे लगाते हुए आगे निर्धारित रास्तों से होकर बढ़े। पुलिस बल व्यवस्था बनाने में जुटा रहा। गुरुवार की सवेरे बिलारी के मंदिर गमादेवत पर भारी तादात में महिला पुरुष श्रद्धालु एकत्र हुए। यहां पर बाबा श्री खाटू श्याम का सिंहासन व सालासर बालाजी महाराज का दरबार सजाया गया। विशेष आरती हुई। जिसके बाद डीजे की धुनों पर श्रद्धालु क्रमबद्ध होते हुए बिलारी के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरे, झंडा चौक, रैली चौक, सराफा बाजार, पुराना डाकखाना रोड, महाराणा प्रताप चौक से होकर शांतिपुरम् कॉलोनी पर पहुंचे। जहां श्रद्धालुओं ने भगवान श्री खाटू श्याम की आरती में हिस्सा लिया। इसके बाद यहां विशेष भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें हजारों की तादात में पहुंचे महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य अतिथि के तौर पर एसडीएम विनय कुमार सिंह, पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव आदि पहुंचे। इसके अलावा भारी तादात में व्यापारी वर्ग के लोगों ने कार्यक्रम में सहयोग दिया। इस मौके पर महंत राहुल सावंरा ने बाबा खाटू श्याम के मंदिर पर माथा टेकने वालों को मोरछड़ी से आशीर्वाद भी प्रदान किया। इस मौके पर मुख्य रूप से मोहित एडवोकेट ,राजीव कुमार, सुरेश कुमार, सुनील कुमार एडवोकेट, अमित गुप्ता, सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान, के अलावा भारी तादात में महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने सहयोग दिया।



**बेदखली सूचना**
हमने अपने पुत्र अभिनव शर्मा व पुत्रवधू श्रीमती सोनम शर्मा निवासीगण फ्लैट नंबर डी 12/4 12वीं मंजिल टावर नंबर 3डी, रेडवुड रेजीडेंसी सेक्टर 78 खेड़ी कलां (113), फरीदाबाद, हरियाणा 121002 को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। सुभाष शर्मा पुत्र बृजभूषण शर्मा व श्रीमती सरिता शर्मा पत्नी सुभाष शर्मा निवासीगण: सी-2/232 मानसरोवर कॉलोनी साईं हॉस्पिटल के पीछे दिल्ली रोड तहसील व जिला मुरादाबाद।

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**
**सार्वजनिक सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अख्तर जमील द्वारा संस्था मदीना मस्जिद इन्तेजामिया कमेटी, मोहल्ला अंसारियान वार्ड नं0 12/2 उमरी कलां, तह0 कांठ, जिला मुरादाबाद का अध्यक्ष दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री. 1. अख्तर जमील-अध्यक्ष, 2. नसीम सचिव 3. नसीमउद्दीन खजांची, 4. मी0 अनवारूल हक, 5. माजिद हुसैन, 6. इनाम अली. 7. मौ0 अजीम मेम्बर दर्शाये गये है।
**अत:** यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो0रजि0 एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।
**आज्ञा से-( आनन्द विक्रम सिंह सहायक निबन्धक )**

# नशे के आदी चोर दिनदहाड़े ब्लॉक परिसर में चोरी करते हुए मौके पर पकड़ा, पुलिस हिरासत में

**ठाकुरद्वारा।** नगर में चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। पुलिस की रात्रिकालीन गश्त और दुकानों को समय से बंद करने के आदेश के बावजूद चोर दिन के उजाले में खुलेआम चोरी कर रहे हैं। गुरुवार को एक नशे के आदी व्यक्ति ने दिनदहाड़े ब्लॉक परिसर में ग्राम सचिव जसपाल सिंह के कार्यालय में सेंध लगाई। जिसमें ब्लॉक कर्मचारी और पड़ोसी ने चोर को पुराना सामान और दस्तावेज चोरी करते हुए मौके पर पकड़ लिया और पुलिस के सुपूर्द कर दिया। चोर ने दो दरवाजों को गुलमें से तोड़कर अंदर घुसा और ग्राम सचिव के कार्यालय में रखा पुराना सामान और दस्तावेज चुराने लगा। हालांकि, ब्लॉक कर्मचारियों और वहां रहने वाले लोगों ने आहट पाकर उसे मौके पर ही पकड़ लिया। कोतवाली पुलिस ने आकर उसे हिरासत में ले लिया। हालांकि, अब पुलिस इस दुविधा में है कि नशे के आदी इस व्यक्ति को जेल भेजा जाए या उसके इलाज का कोई रास्ता ढूंढा जाए। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने शहर में चोरी की घटनाएं रो. कने के लिए रात 10 बजे के बाद सभी दुकानों, होटलों को बंद रहने का आदेश दिया है। इस कदम का मकसद रात्रिकालीन गश्त को प्रभावी बनाना और चोरों को अवसर न देना था।

परंतु, चोरों ने अपनी रणनीति बदल ली है और अब वे दिन के समय बेखौफ होकर वारदात अंजाम दे रहे हैं। बतादें कि इस घटना से पहले भी, ब्लॉक कर्मचारी ने कृषि गोदाम से हजारों रूपये की मशीन चोरी करते हुए चोर को पकड़ कर दिया था। पुलिस को सुपुर्दे कर दिया था। उस



चोर को पुलिस ने नशे का आदी बताते हुए बिना कार्रवाई के छोड़ दिया था। साथ ही नगर में कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर पराग मिलक पार्लर के ताले तोड़कर अज्ञात रात के अंधेरे में गल्ले का लॉक तोड़ कर 10700 रूपये की चोरी घटना को अंजाम दिया था। इसके चार दिन बाद ही कोतवाली से 10 कदमों की दूरी पर सीएससी केंद्र के तोले तोड़कर गल्ले से 70 हजार रूपये की चोरी कर अज्ञात चोर ले गए थे। पुलिस अभी किसी चोरी की घटना को खुलासा नही कर पायी है। पुलिस के लिए नशे आदी चोर सिर दर्द बनने है। पिछली चोरियों का खुलासा पुलिस नही कर पाती है और नशे के आदी चोर नई चोरी की घटना का अंजाम देकर पुलिस के सिर दर्द पैदा कर देते है। बतादें कि मुख्य बाजार में पुलिस की गश्त के बीच दुकानों की चोरी हो चुकी है, जिससे पुलिस के रुतबे पर सवाल उठे हैं। व्यापारी और आम नागरिक असुरक्षा की भावना से ग्रस्त हैं। साथ ही, दिन के समय संवे. दनशील इलाकों में पुलिस की मौजूददगी बढ़ाने और सीसीटीवी निगरानी तंत्र को मजबूत करने की आवश्यकता है।

जन सहयोग से ही इस चुनौती पर काबू पाया जा सकता है। नगरवा. सियों की निगाहें अब पुलिस प्रशासन पर टिकी हैं, कि वह सुरक्षा का भरोसा वापस लौटा पाता है या नहीं।

## कोतवाली में रिक्रूट आरक्षियों को मिला व्यवहारिक पुलिसिंग का प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में चल रही रिक्रूट कांस्टेबलों की प्रशिक्षण प्रक्रिया के तहत कोतवाली ठाकुरद्वारा में एक जानकारी सत्र का आयोजन किया गया।

इस दौरान नवनियुक्त 52 रिक्रूट कांस्टेबलों को थाने की कार्यशैली और पुलिस की विभिन्न डिजिटल प्रणालियों से अवगत कराया गया। यह जानकारी कोतवाली निरीक्षक मनोज परमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक बिजेंद्र सिंह तथा हेड कांस्टेबल मौर्य रनवीर सिंह द्वारा दी गई। अधिकारियों ने रिक्रूट्स को थाने के दैनिक कार्यों, जनसेवा के तौर-तरीकों के साथ-साथ थाने पर संचालित विभिन्न पुलिस पोर्टल्स की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य नए कांस्टेबलों को मैदानी दस्ते के कामकाज और आधुनिक तकनीकी प्रणालियों की बारीकियों से परिचित कराना है, ताकि भविष्य में उनकी कार्यकुशलता बढ़ सके।

## एक नजर

### दो पहिया वाहन पर पीछे बैठने वाले को भी हेलमेट पहनना हुआ जरूरी

**कांठ( शाह टाइम्स )** दोपहिया वाहन के पीछे बैठने वालों को भी हेलमेट पहना जरूरी हो गया है। दोपहिया वाहन पर सवारी करने वाले दोनों व्यक्तियों को आईएसआई प्रमाणित हेलमेट अनिवार्य हैं। बिना हेलमेट सवारी करने पर मोटर वाहन अधिनियम की धारा 194-डी के तहत एक हजार रुपये का जुर्माना या वाहन चालक का ड्राइविंग लाइसेंस तीन माह तक निलंबित किया जा सकता है।यह निर्देश परिवहन आयुक्त किंजल सिंह ने जारी कर दिए हैं, उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में लगातार बढ़ रही मौतों के पीछे दोपहिया वाहन चालकों एवं पीछे बैठने वाली सवारी (पिलियन राइडर) द्वारा हेलमेट न पहनना बड़ा कारण है। इसलिए कड़े कदम उठाने का निर्णय लिया है। परिवहन आयुक्त ने बताया कि प्रदेश के सभी दोपहिया वाहन विक्रेता (डीलर्स) वाहन क्रेता को अनिवार्य रूप से दो बीआईएस मानक के अनुरूप आईएसआई मार्क हेलमेट, चालक और पिलियन सवार के लिए उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही इसका प्रमाण-पत्र वाहन पंजीकरण से संबंधित दस्तावेजों के उपलब्ध कराया जाएगा। वाहन पंजीयन पोर्टल पर भी इसकी जानकारी अपलोड करायी जाएगी।

### सोनू कश्यप हत्याकांड के आरोपियों को फांसी की सजा की

**शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी।** मेरठ में सोनू कश्यप हत्याकांड को लेकर बिलारी में कश्यप समाज के लोगों में गुस्सा व्याप्त हो गया। भारी तादाद में कश्यप समाज के लोग पैदल मार्च करते हुए तहसील पहुंचे। जहां राज्यपाल को संबंधित ज्ञापन एसडीएम बिलारी को सौंपा। गुरुवार को भारी तादाद में कश्यप समाज के लोग पैदल मार्च करते हुए तहसील पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि मेरठ जनपद में सोनू कश्यप की हत्या हुई जो कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाली है। निर्दयता के साथ निर्दोष व्यक्ति की हत्या की गई। ज्ञापन देकर कहा कि सोनू कश्यप हत्याकांड की निष्पक्ष बात और जांच कराई जाए। दोषियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश करके कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए। ज्ञापन देने वालों में ओंकार सिंह कश्यप, हरवीर कश्यप, भीमसेन, हरि सिंह, विपिन, सौरभ कश्यप, लाल सिंह कश्यप, आकाश कश्यप, महेश कश्यप, रामपाल कश्यप, जगदीश सिंह आदि सहित भारी तादाद में लोग मौजूद रहे।

### मकर संक्रांति के पावन पर्व पर काली मंदिर में मनीष शर्मा व सहयोगियों ने कराया खिचड़ी वितरण

**बिलारी।** सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ मनाए जाने वाले पावन पर्व मकर संक्रांति के अवसर पर नगर के काली मंदिर परिसर में श्रद्धा और सेवा भाव के साथ खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मनीष शर्मा एवं उनके सहयोगियों द्वारा श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसाद वितरित किया गया, जिसे बड़ी संख्या में भक्तों ने ग्रहण किया। मकर संक्रांति को हिंदू धर्म में दान, पुण्य, स्नान और सेवा का विशेष पर्व माना जाता है। इस दिन किए गए दान और सेवा कार्य का विशेष महत्व बताया गया है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए काली मंदिर परिसर में पहुंचे श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा।

श्रद्धालुओं ने मां काली के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया और आयोजनकर्ताओं की सेवा भावना की सराहना की। स्थानीय लोगों ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारे और सौहार्द को बढ़ावा देते हैं। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी इसी प्रकार के धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम मैं सानू सिंह अरविंद नीरज शर्मा आदि का सहयोग रहा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।

### जायंट्स ग्रुप महिला ने शक्ति की गोष्ठी

**चन्दौसी।** गुरुवार को जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति द्वारा सीता रोड स्थित श्रीगीता सत्संग भवन में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान ग्रुप की पूर्व अध्यक्ष एवं यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल द्वारा वैधानिक प्रक्रिया के तहत सभी सदस्यों की सहमति से चुनाव सम्पन्न कराए गए। इसमें इंदु अग्रवाल को तीसरी बार ग्रुप अध्यक्ष, डीओए पद पर डॉ. मीना वार्ष्णेय तथा डीओएफ पद पर रेखा रस्तोगी को निर्वाचित किया गया। चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर कुछ जरूरतमंद लोगों को ऊनी वस्त्रों का वितरण भी किया गया। इस दौरान सेवा भावना और सामाजिक सरोकारों पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित अध्यक्ष इंदु अग्रवाल, प्रशास. निक निदेशक डॉ. मीना वार्ष्णेय, वित्त निदेशक रेखा रस्तोगी, यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल, रानी अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, रेशमा, कविता, नीलम, सीमा, आशा, कमलेश, ऋतु, अलका, बीना, माधुरी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

### नगर में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया मकर संक्रांति पर्व

**चन्दौसी।** नगर में गुरुवार को मकर संक्रांति का पर्व पूरे श्रद्धा, आस्था एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर नगर के विभिन्न मोहल्लों, मंदिरों, चौराहों तथा सार्वजनिक स्थलों पर खिचड़ी वितरण के कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सुबह से ही लोगों ने पवित्र स्नान कर भगवान सूर्य देव की पूजा-अर्चना की तथा दान-पुण्य किया। मकर संक्रांति पर्व के महत्व को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं ने तिल, गुड़, खिचड़ी एवं अन्य वस्तुओं का दान किया। इसके उपरांत विभिन्न स्थानों पर खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें महिला-पुरुष, बुजुर्ग एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई।

खिचड़ी वितरण कार्यक्रमों के माध्यम से समाजसेवी संस्थाओं एवं स्थानीय नागरिकों ने सामाजिक समरसता एवं सेवा भावना का संदेश दिया। आयोजन स्थलों पर साफ-सफाई एवं व्यवस्था बनाए रखने में स्वयंसेवकों का भी सराहनीय योगदान रहा। मकर संक्रांति के अवसर पर ज्योति हलवाई की दुकान पर प्रमोद गांधी, प्रशांत खिलाड़ी, अमन वार्ष्णेय, दिनेशचंद्र, पवन कुमार, अशोक वार्ष्णेय ने खिचड़ी प्रसाद वितरण किया। इधर संभल गेट स्थित प्रतिष्ठान पर रोटरी क्लब चन्दौसी द्वारा खिचड़ी वितरण किया गया। नगर में दिनभर उत्सव का माहौल बना रहा। लोगों ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं और परंपराओं का पालन करते हुए पर्व को धूमधाम एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया।

### बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

**ठाकुरद्वारा।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती का 70वां जन्मदिन गुरुवार को ठाकुरद्वारा विधानसभा क्षेत्र में जनकल्याणकारी दिवस के रूप में उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बसपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। विधानसभा क्षेत्र के बसपा कार्यकर्ता विधानसभा प्रभारी आर.पी. गौतम के नेतृत्व में नगर स्थित अंबेडकर पार्क में एकत्र हुए। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने बहन मायावती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और केक काटकर जन्मदिन मनाया। पूरा माहौल बसपा समर्थकों के उत्साह और नारेबाजी से गूंज उठा। इस मौके पर विधानसभा प्रभारी आर.पी. गौतम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बहन मायावती को देशभर में "आयरन लेडी" के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि बहन मायावती का शासनकाल भ्रष्टाचार से मुक्त रहा और उन्होंने समाज के गरीब, पिछड़े, दलित एवं वंचित वर्गों के उत्थान के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अभी से क्षेत्र की जनता को जागरूक करने का कार्य शुरू करें, ताकि बहन मायावती को एक बार फिर प्रदेश की बागडोर सौंपते हुए पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनाया जा सके। विधानसभा प्रभारी ने कहा कि बहन मायावती के सुशासन को प्रदेश की जनता आज भी नहीं भूली है। कानून-व्यवस्था, सामाजिक न्याय और विकास के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए कार्य हमेशा याद किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान बसपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और बहन मायावती के दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर शिवलाल सागर, हाजी बुरे हुसैन अंसारी, राकेश सागर, दयाराम सिंह, अमित कुमार, जगदीश सिंह, हरी सिंह, अजय कुमार, शिव किशोर, धर्मेंद्र, रोहित कुमार, अंकित कुमार, मुनेश कुमार, डॉ. विशंभर सिंह, अमर सिंह सहित बड़ी संख्या में बसपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**ठाकुरद्वारा।** बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष पर पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती का 70वां जन्म दिवस अंबेडकर पार्क में बनाते।

# आयुष्मान योजना: मुरादाबाद में 11.90 लाख लोगों को मिला 'सुरक्षा कवच'

### गंभीर बीमारियों के लिए अब दिल्ली-लखनऊ की राह हुई आसान, पैसो की तंगी नहीं बन रही इलाज में बाधा

- निजी अस्पतालों में इलाज कराने में मुरादाबाद अव्वल, 1.90 लाख से अधिक मरीजों ने मुफ्त उपचार से जीती जिंदगी की जंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के संकल्प का असर अब जमीन पर दिखने लगा है। मुरादाबाद जिले में आयुष्मान भारत योजना न केवल बीमारों का सहारा बनी है, बल्कि हजारों परिवारों के लिए 'जीवनदायिनी' साबित हो रही है। जिले में अब तक 11 लाख 90 हजार से अधिक लोग इस योजना के तहत अपना कार्ड बनवा चुके हैं, जिससे उन्हें सालाना 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की गारंटी मिली है। योजना की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिले के 102 निजी अस्पतालों और 29 सरकारी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारकों का प्राथमिकता के आधार पर इलाज किया जा रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, अब तक 1,90,488 लोगों ने निजी अस्पतालों में अपनी गंभीर बीमारियों का इलाज कराया है, जबकि 17,084 मरीजों ने सरकारी अस्पतालों में इस योजना का लाभ उठाया है। माइनर सर्जरी, हड्डियों के ऑपरेशन और गाइनी (स्त्री रोग) से जुड़ी समस्याओं के लिए जिले में ही विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हैं।

**पैसे की तंगी अब नहीं छीनती अपनों का साथ**-एक समय था जब मुरादाबाद और आसपास के क्षेत्रों के लोग पैसों की तंगी के चलते अपने परिजनों का इलाज सही समय पर नहीं करा पाते थे। लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'आरोग्य' विजन ने इस तस्वीर को बदल दिया है। अब जिले के मरीज सिर्फ स्थानीय स्तर पर ही नहीं, बल्कि कैंसर और हार्ट ट्रांसप्लांट जैसी गंभीर बीमारियों के लिए दिल्ली, लखनऊ और चेन्नई के बड़े सूचीबद्ध अस्पतालों में भी मुफ्त इलाज पा रहे हैं। लाभार्थियों का कहना है कि सरकार की इस योजना ने उनके परिजनों को नया जीवन दिया है।

**लक्ष्य के करीब स्वास्थ्य विभाग: 87% कार्य पूरा**-प्रशासन ने जिले में 13 लाख 62 हजार 878 आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा था, जिसके सापेक्ष अब तक 11 लाख 90 हजार 927 कार्ड बनाए जा चुके हैं। जो लोग अभी भी इस सुविधा से वंचित हैं, उनके लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं।

योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी का नाम सरकारी सूची में होना और आधार कार्ड में सही उम्र दर्ज होना अनिवार्य है। मुरादाबाद में आयुष्मान योजना के तहत पात्रों को शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने के लिए हमारा विभाग पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जिले के 131 अस्पताल इस योजना से जुड़कर सेवा दे रहे हैं। हमारा प्रयास है कि कोई भी जरूरतमंद इलाज के अभाव में न रहे। विशेष अभियान के जरिए हम उन लोगों तक भी पहुंच रहे हैं जिनके कार्ड अभी तक नहीं बन पाए हैं।

**डॉ. कुलदीप सिंह, सीएमओ, मुरादाबाद।**

## बूथ संख्या 144 पर मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य तेज, फोटो स्कैन व नए मतदाताओं के फार्म भरे गए

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय चुनाव आयोग के आदेशानुसार उत्तर प्रदेश में नई मतदाता सूची तैयार करने का कार्य तेजी से चल रहा है। इसी क्रम में नगर ठाकुरद्वारा के बूथ संख्या 144 पर मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य किया गया। इस दौरान जिन मतदाताओं के वर्तमान फोटो मतदाता सूची में स्कैन



नहीं हो पाए थे, उनके फोटो स्कैन कराए गए, वहीं 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवक-युवतियों के नए वोट बनवाने के लिए मतदाता फार्म भरवाए गए। बूथ संख्या 144 के बीएलओ शमीम अख्तर द्वारा यह कार्य सुचारू रूप से कराया गया। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि सभी पात्र नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने के लिए मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं और किसी भी प्रकार की त्रुटि को समय रहते ठीक कराएं। इस अवसर पर बूथ संख्या 144 के कई मतदाता उपस्थित रहे, जिनमें अब्दुल रब अंसारी, मुस्तकीम अंसारी, असलम अंसारी, जैद, सलमान, मोहम्मद आशिक, शकील ठेकेदार, शहरोज अंसारी सहित अन्य लोग शामिल थे। सभी ने निर्वाचन प्रक्रिया में सहयोग करते हुए फोटो स्कैन और फार्म भरवाने की प्रक्रिया पूरी कराई। बीएलओ शमीम अख्तर ने बताया कि मतदाता सूची का यह पुनरीक्षण कार्य पारदर्शिता और शुद्धता बनाए रखने के उद्देश्य से किया जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदान से वंचित न रहे। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर आवश्यक दस्तावेजों के साथ बूथ पर पहुंचकर अपने नाम, फोटो एवं विवरण की जांच अवश्य करा लें।

## कोहरे के कारण अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरी बस, छह यात्री घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** भूतपुरी-ठाकुरद्वारा मार्ग पर गुरुवार सुबह कोहरे के चलते एक बड़ा हादसा हो गया। शेरगढ़ गांव के समीप एक निजी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने गहरे गड्ढे में जा गिरी। यह दुर्घटना सुबह करीब 9 बजे हुई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बस में सवार छह यात्री हादसे में घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह के समय मार्ग पर घना कोहरा छाया हुआ था, जिससे दृश्यता बेहद कम थी। इसी दौरान तेज गति से आ रही निजी बस अचानक नियंत्रण खो बैठी और सड़क के दाईं ओर स्थित गड्ढे में जा समाई। बस के गड्ढे में गिरते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की सहायता से बस में फंसे यात्रियों को बाहर निक. ाला गया। सभी छह घायलों को तत्काल पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायल खतरे से बाहर हैं और उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। बस चालक की पहचान ठाकुरद्वारा निवासी सोनू कुमार पुत्र शिव कुमार के रूप में हुई है। चालक का कहना है कि घने कोहरे के कारण सामने का रास्ता साफ दिखाई नहीं दे रहा था, जिससे बस पर नियंत्रण नहीं रह पाया और यह हादसा हो गया। वहीं, बस में सवार कुछ यात्रियों ने आरोप लगाया है कि चालक नशे की हालत में था, जिसके चलते बस अनियंत्रित हुई। फिलहाल पुलिस ने बस को गड्ढे से निकलवाने की कार्रवाई शुरू कर दी है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही दुर्घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। इस हादसे के बाद से क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और कोहरे के दौरान वाहन चलाने में सावधानी बरतने की आवश्यकता को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

# जिलाधिकारी पहुंचे एसएम डिग्री कॉलेज

### प्राचार्य डा. दानवीर सिंह यादव व स्टॉफ के साथ की बैठक, एसएम कॉलेज की प्रबंध समिति भंग

**चन्दौसी।** शासन द्वारा एस.एम. कॉलेज चन्दौसी की प्रबंध समिति को भंग कर दिया गया है। इसके साथ ही जिलाधिकारी संभल को महाविद्यालय का प्राधिकृत नियंत्रक नियुक्त किया गया है। यह व्यवस्था तब तक लागू रहेगी, जब तक महाविद्यालय की प्रबंध समिति का विधिपूर्ण गठन कर चुनाव सम्पन्न नहीं हो जाता। बताया गया कि उच्च शिक्षा अनुभाग-2 द्वारा 14 जनवरी को उच्च शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश प्रयागराज के पत्र संख्या डिग्री-27 (मई 2025) के माध्यम से एस.एम. कॉलेज चन्दौसी की प्रबंध समिति के विरुद्ध प्राप्त वित्तीय अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार की शिकायतों के संबंध में विशेष ऑडिट कराए जाने की अनुमति मांगी गई थी, लेकिन प्रबंध समिति द्वारा सहयोग न किए जाने के कारण जांच नहीं हो सकी। वहीं, प्रबंध समिति की पांच वर्ष की अवधि समाप्त होने के बाद भी



विधिपूर्ण प्रबंध तंत्र का गठन नहीं किया गया। विधिक प्रावधानों के आलोक में उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 58(1) के अंतर्गत राज्यपाल द्वारा प्रबंध समिति को भंग करते हुए आगामी एक वर्ष अथवा वैध प्रबंध समिति के गठन व अनुमोदन तक जिलाधिकारी संभल को प्राधिकृत नियंत्रक नियुक्त किया गया है, ताकि छात्र हितों एवं शिक्षा व्यवस्था को सुचारु रखा जा सके। इसी क्रम में गुरुवार को जिलाधिकारी संभल डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एस.एम. कॉलेज पहुंचे और आयोग से चयनित प्राचार्य डॉ. दानवीर सिंह यादव, प्रोफेसर डॉ. प्रवीण कुमार एवं समस्त स्टाफ के साथ बैठक की। कॉलेज भ्रमण के दौरान प्राचार्य कक्ष पर ताला लगे होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। साथ ही प्राचार्य डॉ. दानवीर यादव के विरोध में लगाए गए बोर्डों को सामा. जिक रूप से अनुचित बताया। जिलाधिकारी ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति के अनुसार पूर्व में जारी आदेश निरस्त कर दिए गए हैं। आयोग से चयनित प्राचार्य डॉ. दानवीर यादव अपना पक्ष रखेंगे, जिसके बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। वहीं डॉ. दानवीर यादव ने कहा कि उनका उद्देश्य छात्र-छात्राओं के हितों की रक्षा करते हुए शैक्षिक वातावरण को सुदृढ़ करना है तथा हॉस्टल शुरू करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सामाजिक समरसता के रूप में मनाया मकर संक्रांति उत्सव

**ठाकुरद्वारा।** नगर ठाकुरद्वारा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा गुरुवार को मकर संक्रांति का पर्व सामाजिक समरसता के संद. ेश के साथ श्रद्धा और उत्साहपूर्वक मनाया गया। यह आयोजन नगर के खाकेश्वर मंदिर परिसर में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों और नगर के गणमान्य लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर प्रचारक शिवांशु ने उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए मकर संक्रांति पर्व के धार्मिक, सांस्कृतिक और सामा. जिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा मकर संक्रांति का उत्सव सामाजिक समरसता के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है, जिसमें जातिगत भेदभाव, ऊंच-नीच या किसी प्रकार का भेद नहीं होता। इस अवसर पर सभी लोग समान भाव से एक साथ बैठकर खिचड़ी के प्रसाद का सेवन करते हैं, जो आपसी भाईचारे और समानता का संदेश देता है। नगर प्रचारक शिवांशु ने बताया कि मकर संक्रांति के दिन सूर्य भगवान मकर राशि में प्रवेश करते हैं, जिसे भारतीय संस्कृति में अत्यंत शुभ माना गया है। उन्होंने जानकारी दी कि वर्ष 2008 से पूर्व मकर संक्रांति 14 जनवरी को मनाई जाती थी, लेकिन खगोलीय गणना के अनुसार वर्ष 2008 से लेकर वर्ष 2072 तक यह पर्व 15 जनवरी को ही मनाया जाएगा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## थाना मुगलपुरा का सीओ कोतवाली ने पुलिस प्रशिक्षण उपाधीक्षकों को कराया भ्रमण

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी कोतवाली सुनीता दहिया के द्वारा थाना मुगलपुरा पर आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुलिस प्रशिक्षण उपाधीक्षकों को थाने का भ्रमण कराया गया। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों को थाना स्तर पर होने वाले कार्यों और व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।भ्रमण के दौरान क्षेत्राधिकारी सुनीता दहिया ने महिला मिशन शक्ति केंद्र, मालखाना, संपत्ति गृह, सीसीटीएनएस कार्यालय, हवालात, डाक कार्यालय, मैस, साइबर हेल्प डेस्क, बीट बुक एवं यक्ष ऐप सहित थाने की समस्त कार्यप्रणाली से अवगत कराया। उन्होंने प्रत्येक विभाग के उद्देश्य, कार्यप्रणाली और रिकॉर्ड संधारण की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाया। इस अवसर पर प्रशिक्षण उपाधीक्षकों ने थाने की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा और व्यवस्थाओं की सराहना की।

## मकर संक्रांति पर्व पर ताड़ीखाना चौक समेत शहरभर में भंडारों की धूम

**मुरादाबाद।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर शहरभर में उत्सव और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। ताड़ीखाना चौक सहित मुरादाबाद के विभिन्न प्रमुख चौराहों और बाजारों में व्यापारियों, सामाजिक संगठनों और समाजसेवियों द्वारा जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया।

पूरे क्षेत्र में धार्मिक आस्था, सेवा और उल्लास का वातावरण बना रहा। व्यापारियों और समाजसेवियों ने भी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए पर्व को सेवा भाव के साथ मनाया, जिससे मकर संक्रांति का पर्व और भी यादगार बन गया।

# समरस, स्वाभिमानी और संस्कारयुक्त समाज के आहवान के साथ संपन्न हुआ हिंदू सम्मेलन

**चन्दौसी।** नगर के सीतारोड स्थित पं हनुमान सिंह ग्राउंड में आयोजित हिंदू सम्मेलन में समाज, संस्कृति, पर्यावरण और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित कर समरस, स्वाभिमानी और कर्तव्यनिष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता रही। भारतमाता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ववलन एवम गणेश वंदना के बाद विभिन्न सांस्कृतिक एवं देशभक्ति के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। मुख्य वक्ता संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य गुणवंत ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'हिंदू धर्म कोई संकीर्ण पूजा पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र कला है।' उन्होंने कहा कि विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए भारत में हिंदू समाज का एकजुट रहना आज नितांत आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि भारत एक शरीर है तो हिंदू उसकी आत्मा हैं और यह संबंध सनातन काल से चला आ रहा है। सामा. जिक समरसता पर विचार रखते हुए कहा कि 'एक पनघट और एक मरघट पर सभी भेद समाप्त हो जाते हैं, यही समरसता का वास्तविक स्वरूप है।' उन्होंने कहा कि भारत में जन्म लेना हमारा सौभाग्य है और प्रत्येक परिवार को वर्ष में कम से कम एक बार धार्मिक स्थलों की यात्रा अवश्य करनी चाहिए। उन्होंने मातृशक्ति की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि परिवार को एकजुट रखने और



धार्मिक-सांस्कृतिक संस्कार देने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कुटुंब प्रबोधन पर बल देते हुए मुख्य अतिथि ज्ञानेश्वर स्वरूप ब्रह्मचारी जी महाराज ने कहा कि प्रत्येक घर में ओउम् और स्वस्तिक जैसे सांस्कृतिक प्रतीकों का सम्मान, तुलसी का पौधा, स्वदेशी परिधान और मातृभाषा में संवाद होना चाहिए। उन्होंने भोजन के समय मोबाइल के स्थान पर पारिवारिक संवाद को प्राथमिकता देने, परिवार के साथ धार्मिक यात्राएँ करने और प्रात:काल धरती माता के चरण स्पर्श जैसे संस्कारों को जीवन में अपनाने का आग्रह किया।

कथाव्यास ऋतुपर्ण शर्मा ने कहा कि हिंदुत्व मानवता, करुणा, प्रकृति संरक्षण और विश्व कल्याण पर आधारित एक सनातन विचारधारा है। संगठित, स्वाभिमानी और संस्कारयुक्त समाज ही भारत को पुन: विश्वगुरु बनाने की दिशा में अग्रसर कर सकता है। सम्मेलन की अध्यक्षता आयोजन समिति अध्यक्ष शिवम चौधरी ने की एवं संचालन डॉ0 टी.एस. पाल व ऋतुपर्ण शर्मा ने संयुक्त रूप में किया। इस दौरान विभाग प्रचारक शरद कुमार, जिला कार्यवाह अशोक शर्मा, नगर प्रचारक रौनक, साध्वी गीता प्रधान, अमित अग्रवाल, गिरीश बंधु, सचिन्द्र यादव, उमेश अग्रवाल, विजय यादव, दुर्गेश गुप्ता, राहुल चौधरी, सुनील कुमार, छत्रपाल सिंह, नवनीत चौधरी, संजय चौहान, श्याम ठाकुर, माधव मिश्र, डॉ अनामिका यादव, रिमझिम वाल्मीकि, चंद्रसेन छोटू, परमेश्वर लाल सैनी, अभिनव शर्मा, शुभम अग्रवाल, कुलदीप, दिनेशचंद्र, विश्वजीत, वीरपाल सिंह, पुष्पलता पाल, चंद्रपाल सिंह, सुधीर मल्होत्रा, सुखलेश, मंजू दिलेर, नंदकिशोर, राखी सिरोही, अंकुर अग्रवाल, उदय तिवारी, आशा गोस्वामी, भूदेव शर्मा, प्रभात अग्रवाल, राजश्री अग्रवाल, शशांक वार्ष्णेय, सचिन बिंदल, देवेंद्र गुप्ता, गौरव बंसल आदि उपस्थित रहे।

# ऑरेंज कैप-पर्पल कैप में हरमनप्रीत व नंदनी शीर्ष पर




● मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने तीन मैचों में 165 रन बनाते हुए तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया

● डीसी की तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा तीन मैचों में आठ विकेट लेकर गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर है

**नवी मुंबई, वार्ता।** डब्ल्यूपीएल 2026 के शुरुआती चरण में व्यक्तिगत प्रदर्शनों ने सबका ध्यान खींचा है। आइए एक नजर डालते हैं दिल्ली कैपिटल्स और यूपी वॉरियर्ज के बीच बुधवार की रात खेले गए मैच के बाद ऑरेंज और पर्पल कैप की रेस कैसी चल रही है।

ऑरेंज कैप टेबल मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने तीन मैचों में165 रन बनाते हुए तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर रखा है। मंगलवार को गुजरात जॉयंट्स के खिलाफ उन्होंने 43 गेंदों में नाबाद 71 रनों की एक मैच जिताने वाली पारी खेली थी जिससे एमआई ने आसानी से 193 रनों का लक्ष्य हासिल किया था। इससे पहले हरमनप्रीत ने शनिवार को डीसी के खिलाफ भी 42 गेंदों में नाबाद 74 रन बनाए थे।

डीसी की ओपनर लिजेल ली 163 रन बनाकर दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने बुधवार को यूपीडब्ल्यू के खिलाफ 67 रनों की पारी खेली और इससे पहले जीजी के खिलाफ रविवार को 86 रन भी बनाए थे। सीजन के उनके दूसरे अर्द्धशतक ने डीसी को इस डब्ल्यूपीएल में पहली जीत दिलाई है। जीजी की ओपनर सोफी डिवाइन 141 रनों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। यूपीडब्ल्यू के खिलाफ अपनी टीम के पहले मैच में 38 रन बनाने के बाद न्यूजीलैंड की ओपनर ने डीसी के खिलाफ केवल 42 गेंदों में 95 रनों की विस्फोटक पारी खेली।

पर्पल कैप टेबल-डीसी की तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा तीन मैचों में आठ विकेट लेकर गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं। इस दौरान उनकी इकॉनमी 8-80 की रही है। उन्होंने जीजी के खिलाफ फाइव विकेट हॉल लिया और साथ ही डब्ल्यूपीएल में हैट्रिक लेने वाली चौथी गेंदबाज भी बनीं। बुधवार को यूपीडब्ल्यू के खिलाफ उन्होंने 29 रन देकर एक विकेट लिया। छह विकेट के साथ तीन खिलाड़ी संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं जो एमआई की एमेलिया कर, आरसीबी की नडीन डी क्लर्क, और एमआई की निकोला कैरी हैं। केवल 6-41 की इकॉनमी के कारण सबसे ऊपर हैं क्योंकि डी क्लर्क (6.75) और कैरी (9.00) की इकॉनमी उनसे अधिक है।

## हरमनप्रीत कौर को पंसद हैं छोले भटूरे और बटन चिकन

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला टीम और मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत को छोले भटूरे और बटर चिकन बेहद पंसद है। जियो हॉटस्टार पर बात करते हुए, मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने यह बात कही। जब उनसे पूछा गया कि मैच के बाद उनका पसंदीदा खाना कौन सा है।

उन्होंने कहा कि छोले भटूरे और बटर चिकन। इस बातचीत के दौरान उन्होंने उन खिलाड़ियों के नाम बताए जो सबसे बड़े शरारती हैं। उन्होंने कहा, ष्हेली मैथ्यूज और शबनीम इस्माइल को जब भी उन्हें मौका मिलता है, वे युवा लड़कियों की टांग खींचती रहती हैं। हरमनप्रीत कौर ने कहा कि उन्हें क्रिकेट के अलावा फुटबॉल बेहद पंसद है। जब उनसे पूछा गया कि अगर क्रिकेट नहीं तो वह कौन सा खेल खेलेंगी। उन्होंने कहा, ष्फुटबॉल, मुझे फुटबॉल बहुत पसंद है। ड्रेसिंग रूम में सबसे अधिक बजने वाले गाने और उनके पसंदीदा गाने को लेकर उन्होंने कहा कि पंजाबी बीट गाने। अभी मुझे पंजाबी गाना बैड बॉय बेहद पसंद है।

उन्होंने कहा कि शबनीम इस्माइल सबसे मुश्किल गेंदबाज है। उन्होंने कहा कि प्रैक्टिस नेट में मैं कह सकती हूं शबनीम इस्माइल का सामना करना बहुत मुश्किल है। अपनी कप्तानी के अंदाज में वह एक चीज जो कभी नहीं बदलना चाहेंगी। उन्होंने कहा कि मेरी कप्तानी के अंदाज में एक चीज जो मैं कभी नहीं बदलना चाहती, वह है मैदान पर आक्रामकता। क्योंकि मुझे लगता है कि यह मेरे अंदर से सबसे अच्छा निकालता है। मैदान के बाहर मुझे गुस्सा नहीं आता।

## खेल विशेष

### जय शाह ने अंडर-19 विश्व कप टीमों को दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने आज से जिम्बाब्वे और नामीबिया में शुरु हो रहे आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप से पहले सभी टीमों और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किए गए एक संदेश में, शाह ने क्रिकेट की अगली पीढ़ी के सितारों को बनाने में टूर्नामेंट की भूमिका पर बल देते हुए लिखा, ष15 जनवरी से मेजबान देशों जिम्बाब्वे और नामीबिया में शुरू हो रहे आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्वकप के लिए सभी टीमों और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं। हमारी यूथ प्रतियोगिता लंबे समय से क्रिकेट के कुछ सबसे बड़े सितारों के लिए रास्ता रही है और मुझे यकीन है कि इस बार भी ऐसा ही होगा।

### बीसीबी ने नजमुल इस्लाम को कारण बताओ नोटिस दिया

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के क्रिकेटर्स को लेकर सार्वजनिक रूप से की गई 'आपत्तिजनक टिप्पणी' को लेकर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने अपने निदेशक एम नजमुल इस्माल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बीपीएल मैच के शुरू होने के कुछ घंटे पहले ही ए नोटिस आया है क्योंकि खिलाड़ियों की संस्था सीडब्ल्यूएबी ने इस्लाम के इस्तीफा नहीं देने पर पूरे देश में सभी तरह की क्रिकेट के बॉयकॉट की घोषणा की थी। गुरुवार की सुबह ढाका क्रिकेट लीग के निर्धारित चार फर्स्ट-डिवीजन मैच शुरू नहीं हुए जिससे बीसीबी की चिता गंभीर हो गई। ऐसी जानक. ारी है कि आज होने वाले मुकाबले का सीआर और नोखली एक्सप्रेस के खिलाड़ी बॉयकॉट के पक्ष में हैं। बीसीबी के बयान में कहा गया कि बोर्ड के जिन सदस्यों से समस्या है उनके खिलाफ बोर्ड ने औपचारिक अनुशासनात्मक कार्यवाई शुरू कर दी है।

## भारतीय सीनियर महिला टीम तुर्की में तीन मैत्री मैच खेलेगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने गुरुवार को बताया कि भारतीय सीनियर महिला टीम तुर्की में तीन फुटबॉल क्लबों के साथ मैत्री मैच खेलेंगी। एआईएफएफ के अनुसार भारतीय सीनियर महिला टीम 26 खिलाड़ियों के साथ तुर्की में ट्रेनिग कैंप के लिए रवाना हो गई है। एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 की तैयारी कर रही भारतीय टीम ने 12 से 14 जनवरी तक हरियाणा के गुरुग्राम में तीन दिन का छोटा ट्रेनिग कैंप किया था। यहां भारतीय टीम 18 जनवरी को यूक्रेन के फुटबॉल क्लब मेटलस्ट 1925 खार्किव, 21 जनवरी को स्विट्जरलैंड के जड़ूरिख शहर के महिला फुटबॉल क्लब ज्यूरिख फाउएन और 24 जनवरी को आयरलैंड के फुटबॉल क्लब शिलएरेन के खिलाफ तीन मैत्री मैच खेलेगी।

भारतीय महिला फुटबॉल टीम इस प्रकार है:-

**गोलकीपर:** एलंगबाम पंथोई चानू, सौम्या नारायणसामी, श्रेया हुड्डा, अद्रिजा सरखेल।

**डिफेंडर:** स्वीटी देवी नगांग. बाम, शिल्की देवी हेमाम, जूली किशन, निर्मला देवी फांजोबाम, संजू, अस्तम ओरांव, सरिता युमनाम, सुष्मिता लेप्चा, मार्टिना थोकचोम।

**मिडफील्डर:** संगीता बासफोर, बबीना देवी लिशम, प्रियदर्शिनी सेलादुरई, अंजू तमांग, जसोदा मुंडा, सैनफिडा नोंग्रम।

**फॉरवर्ड:** ग्रेस डांगमेई, करिश्मा शिरवोइकर, रिम्पा हलदर, मालविका पी, प्यारी जाक्सा, लिडा कोम सेर्टो, काव्या पक्कीरिसामी।

## न्यूजीलैंड-भारत सीरीज से बाहर हुए सुंदर



● वाशिंगटन सुंदर की चोट बाई निचली पसली में अचानक हुई तकलीफ बताया है

**नई दिल्ली, वार्ता।** चोट के कारण ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर न्यूजीलैंड के विरु( होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। सात फरवरी से शुरु होने वाले टी-20 विश्व से पहले होने वाली यह सीरीज महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वॉशिंगटन वडोदरा में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय के दौरान वे साइड स्ट्रेन का शिकार हो गए थे और अभी तक इस चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं। यह एकदिवसीय सीरीज 21 से 31 जनवरी खेली जाएगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने वॉशिंगटन की चोट को बाईं निचली पसली में अचानक हुई तकलीफ बताया है, हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वे विश्व कप तक पूरी तरह फिट हो पाएंगे या नहीं। भारत को टी-20 विश्व कप के उद्घाटन मैच में मुंबई में अमेरिका से भिड़ना है। वनडे सीरीज के लिए चयनकर्ताओं ने वॉशिंगटन की जगह दिल्ली के ऑलराउंडर आयुष बदोनी को टीम में शामिल किया था, लेकिन टी-20 स्क्वॉड में उनकी एंट्री होगी या नहीं, इस पर अभी कोई पुष्टि नहीं है। न्यूजीलैंड के विरुद्ध टी-20 सीरीज में वॉशिंगटन की गैरमौजूदगी को लेकर भारतीय खेमा चितित नहीं है। अगले हफ्ते कई ऑलराउंडर टीम से जुड़ने वाले हैं, जिनमें हार्दिक पांड्या, अभिषेक शर्मा और शिवम दुबे शामिल हैं। इसके अलावा अक्षर पटेल की भी वापसी हो रही है, जो न्यूजीलैंड सीरीज और टी-20 विश्व कप दोनों में उपकप्तान की भूमिका निभाएंगे। हालांकि टीम को एक और झटका लगा है। वॉशिंगटन के अलावा तिलक वर्मा भी ग्रो. इन इंजरी की सर्जरी के बाद शुरुआती तीन टी-20 मैचों के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए भारत की टीम इस प्रकार है:-

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा (पहले तीन मैचों के लिए उपलब्ध नहीं), हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल (उपकप्तान), रिकू सिंह, जसप्रीत बुम. राह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, वॉशिंगटन सुंदर और इशान किशन (विकेटकीपर)।

## वाइल्ड कार्ड प्रेस्टन ने टॉप सीड राडुकानू को हराकर तहलका मचाया

**होबार्ट, वार्ता।** वाइल्ड कार्ड टेलाह प्रेस्टन ने होबार्ट इंटरनेशनल में नंबर 1 सीड एम्मा राडुकानू को 6-2, 6-4 से हराकर अपने घरेलू फैंस को खुश किया और अपने करियर के पहले डब्ल्यूटीए टूर सेमीफाइनल में पहुंची। 20 साल की, नंबर 204 रैंक वाली खिलाड़ी ने इस हफ्ते से पहले सिर्फ एक टूर-लेवल मैच जीता था। सैन डिएगो 2024 में लेकिन नंबर 5 सीड जेसिका बोजास मानेइरो और रेबेका् ामकोवा को हराने के बाद, उन्होंने नंबर 29 रैंक वाली राडुकानू पर अपने करियर की पहली टॉप 30 जीत हासिल की।

प्रेस्टन ने अपना पहला मैच प्वाइंट पक्का करने के लिए फोरहैंड विनर लगाने के बाद कहा कि मुझे सच में नहीं पता कि क्या कहूं। मैं बस बहुत खुश हूं कि मैं अगले राउंड में पहुंच गई हूं और यहां सबके सामने फिर से खेलने का मौका मिलेगा। राडुकानू के खिलाफ, प्रेस्टन ने साफ, आक्रामक बॉल-स्ट्राइकिग का टॉप-क्लास लेवल दिखाया, पूर्व यूएस ओपन चैंपियन के नौ विनर्स के मुकाबले 21 विनर्स लगाए।

## हेनिल पटेल के पंजे से भारत ने अमेरिका को 107 रन पर लुढ़काया



**बुलावाया, वार्ता।** हेनिल पटेल (पांच विकेट) की अगुवाई में गें. दबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने गुरुवार को अंडर-19 विश्व कप के पहले मुकाबले में अमेरिका को 35.2 ओवरों में 107 रनों के स्कोर पर समेट दिया। यहां भारत की अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अमेरिका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में अमरिदर गिल (एक) का विकेट गंवा दिया। उन्हें हेनिल पटेल ने आउट किया। इसके बाद अर्जुन महेश और साहिल गर्ग ने पारी को संभालने का प्रयास किया, लेकिन भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे उसके बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके। अर्जुन महेश और साहिल गर्ग (16-16) रन बनाकर आउट हुए। अदनित झांब (18) रन बनाकर आउट हुए। शेष सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। 36वां ओवर कर रहे वैभव सूर्यवंशी दूसरी गेंद पर नीतीश सुदिनी को आउटकर अमेरिका की पारी का 107 के स्कोर पर अंत कर दिया। नीतीश सुदिनी ने टीम के लिए सर्वाधिक 36 रनों की पारी खेली। भारत की ओर से हेनिल पटेल ने सात ओवर में 16 रन देकर पांच विकेट लिए। दीपेश देवेंद्रन, अमब्रिश, खिलन पटेल और वैभव ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## म्बोको ने मेडिसन कीज को चौंकाया

● म्बोको ने आखिरकार 1:53 मिनट में अपने छोटे से करियर की दूसरी टॉप 10 जीत हासिल की



एडिलेड, वार्ता। 19 साल की कनाडाई खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको ने गुरुवार को एडिलेड इंटरनेशनल में मैडिसन कीज के टाइटल डिफेंस को 6-4, 4-6, 6-2 से हराकर खत्म कर दिया। यह इस हफ्ते डब्ल्यूटीए 500 इवेंट में खेले गए उतने ही मैचों में उनकी तीसरी तीन-सेट वाली जीत थी। एक सेट और एक ब्रेक से आगे होने के बाद, कीज के खिलाफ म्बोको के लिए चीजें मुश्किल हो गईं, जिन्होंने 2022 में एडिलेड से एक ट्रॉफी भी जीती थी। लेकिन मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन आखिरी सेट में थक गईं और म्बोको ने आखिरकार 1 घंटे और 53 मिनट में अपने छोटे से करियर की दूसरी टॉप 10 जीत हासिल की।

कृकनाडाई खिलाड़ी ने कीज के आखिरी सेट की शुरुआत में सर्व होल्ड करने के बाद लगातार पांच गेम जीते और जीत हासिल की। उन्हें डिफेंडिग चैंपियन के उतार-चढ़ाव वाले प्रदर्शन का फायदा मिला, जिन्होंने कुल 41 अनफोर्स्ड एरर किए और - नौ ऐस मारने के बावजूद - 12 ब्रेक पॉइंट का सामना किया और छह बार सर्व गंवाई। म्बोको ने बाद में कहा, ष्मुझे पता है कि उसने पिछले साल यह टूर्नामेंट जीता था, और बेशक, ऑस्ट्रेलियन ओपन भी, और मुझे इस मैच में आने से पहले पता था कि यह एक बड़ी लड़ाई होगी। आठवीं सीड अब सेमीफाइनल में पसंदीदा स्थिति में होंगी क्योंकि वह डब्ल्यूटीए टूर पर अपने तीसरे करियर फाइनल की तलाश में हैं, जो सभी पिछले अगस्त में मॉन्ट्रियल में अपने घरेलू मैदान पर डब्ल्यूटीए 1000 टाइटल जीतने के बाद से आए हैं। उस टूर्नामेंट के पहले राउंड में, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की किम्बर्ली बिररेल को हराया था और यह जोड़ी इस बार फिर खेलेगी, जिसमें बिना सीड वाली बिररेल को अब घरेलू दर्शकों का फायदा मिलेगा। 27 साल की गोल्ड कोस्ट की रहने वाली खिलाड़ी ने अपने करियर में पहली बार डब्ल्यूटीए 500-लेवल के सेमीफाइनल में जगह बनाई, जिसमें उन्होंने तीन सेट में जीत हासिल की - रोमानिया की जैकलिन क्रिस्टियन के खिलाफ 5-7 6-1, 7-5 का एक शानदार मैच जो 3 घंटे और 4 मिनट तक चला।

## फीफी विश्व कप के लिए 50 करोड़ से ज्यादा टिकट रिक्वेस्ट

**लुसाने, वार्ता।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए दुनिया भर में उत्साह पहले कभी नहीं देखा गया, रैंडम सिलेक्शन ड्रॉ टिकट बिक्री फेज के दौरान आधे बिलियन से ज्यादा टिकट रिक्वेस्ट सबमिट की गईं, जो गुरुवार, 11 दिसम्बर 2025 से मंगलवार, 13 जनवरी 2026 तक चला। सिर्फ 33 दिनों में सभी 211 फीफा मेंबर एसोसिएशन के देशों/टेरिटरी में रहने वाले फैन्स से एप्लीकेशन मिलीं। मेजबान यूनाइटेड स्टेट्स, मेक्सिको और कनाडा टॉप एप्लीकेंट देशों में शामिल हैं, साथ ही जर्मनी, इंग्लैंड, ब्राजील, स्पेन, पुर्तगाल, अर्जेंटीना और कोलंबिया भी शामिल हैं। फैन्स को उनके टिकट एप्लीकेशन के नतीजे के बारे में 5 फरवरी से पहले ईमेल से बताया जाएगा।

हर एप्लीकेशन को यूनिक क्रेडिट कार्ड डेटा से वैलिडेट किया गया, फैन्स ने 33-दिन की एप्लीकेशन विडो में हर दिन एवरेज 15 मिलियन टिकट रिक्वेस्ट कीं, जिसने दुनिया के खेल के इतिहास में डिमांड के लिए एक नया बेंचमार्क सेट किया। उन सभी देशों और इलाकों में रहने वाले फैंस से एप्लीकेशन मिले, जहां फीफा के 211 मेंबर एसोसिएशन खेल को कंट्रोल करते हैं। इससे पता चलता है कि पहली बार हुए 48 टीमों वाले फीफा वर्ल्ड कप की दुनिया भर में कितनी अपील है। होस्ट देशों - यूनाइटेड स्टेट्स, मेक्सिको और कनाडा - के अलावा, सबसे ज्यादा एप्लीकेशन जर्मनी, इंग्लैंड, ब्राजील, स्पेन, पुर्तगाल, अर्जेंटीना और कोलंबिया में रहने वाले फैंस से आए। इस सेल्स फेज में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला मैच शनिवार, 27 जून को मियामी में कोलंबिया बनाम पुर्तगाल था। टॉप 5 में गुरुवार, 18 जून को ग्वाडलहारा में मेक्सिको बनाम कोरिया रिपब्लिक रविवार, 19 जुलाई को न्यूयॉर्क न्यू जर्सी में फाइनल( गुरुवार, 11 जून को मेक्सिको सिटी में मेक्सिको और दक्षिण अफ्रीका के बीच टूर्नामेंट का पहला मैच( और गुरुवार, 2 जुलाई को टोरंटो में राउंड-ऑफ-32 मैच शामिल हैं - जिससे तीनों होस्ट देशों में बड़े मैचों और नॉकआउट-स्टेज मुकाबलों की जबरदस्त अपील का पता चलता है। फीफा प्रेसिडेंट जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि सिर्फ एक महीने में आधा बिलियन टिकट रिक्वेस्ट, डिमांड से ज्यादा हैं , यह एक ग्लोबल स्टेटमेंट है।

## लॉस एंजेलिस ओलंपिक के लिए टिकट पंजीकरण शुरू

**जिनेवा, वार्ता।** आईओसी ने बुधवार को घोषणा की कि 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक खेलों के टिकट खरीदने के लिए रजिस्ट्रेशन की अवधि शुरू हो गई है। आईओसी ने कहा कि रजिस्ट्रेशन की अवधि 14 जनवरी से 18 मार्च तक चलेगी, जिसके दौरान जो भी टिकट खरीदना चाहता है, उसे एलए 28 वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करना होगा और एक प्रोफाइल बनानी होगी।

जो प्रशंसक सफलतापूर्वक रजिस्ट्रेशन करेंगे, वे टिकट ड्रॉ में शामिल होंगे, जिसमें टिकट खरी. दने के लिए एक रैंडम टाइम स्लॉट दिया जाएगा। ए टाइम स्लॉट अप्रैल 2026 में खुलेंगे, जिसमें पहली टिकट विडो के दौरान 30 लाख से ज्यादा टिकट उपलब्ध होंगे।

आईओसी ने कहा कि टिकट की कीमतें 28 अमेरिकी डॉलर से शुरू होंगी और हर अकाउंट से ज्यादा से ज्यादा 12 टिकट खरीदे जा सकते हैं।

## प्रणय-श्रीकांत दूसरे दौर में हारे




**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की उम्मीद एच एस प्रणय और किदांबी श्रीकांत इंडिया ओपन के दूसरे दौर में गुरुवार को तीन गेमों के संघर्षपूर्ण मुकाबले में हार कर बाहर हो गए। प्रणय को आठवीं सीड सिगापुर के लोह कीन यियू ने 18-21, 21-19, 21-14 से हराया। प्रणय पहला गेम जीतने का फायदा नहीं उठा पाए और अगले दो गेम हारकर मुकाबले से बाहर हो गए। श्रीकांत को पांचवीं सीड फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव ने 21-14, 17-21, 21-17 से हराया। पूर्व नंबर एक श्रीकांत ने पहला गेम हारने के बाद दूसरे गेम में संघर्ष दिखाते हुए जीत हासिल की, लेकिन निर्णायक गेम हारकर वह भी टूर्नामेंट से बाहर हो गए। इस बीच महिला एकल में मालविका बंसोड़ को भी हार का सामना करना पड़ा। बंसोड़ को पांचवीं सीड हान युई ने 21-18, 21-15 से हराया। महिला एकल में भारत की सबसे बड़ी उम्मीद पीवी सिधु बुधवार को पहले ही दौर में बाहर हो गई थी।

## जोकोविच-सिनर ऑस्टेलिया ओपन ड्रॉ के एक ही हाफ में

● जेनिक सिनर लेक्सस एटीपी हेड2हेड सीरीज में नोवाक जोकोविच से 6-4 से आगे हैं

**मेलबर्न, वार्ता।** नोवाक जो. कोविच और जानिक सिनर ऑस्ट्रेलियन ओपन ड्रॉ के एक ही हाफ में हैं, जिसका खुलासा गुरुवार को मेलबर्न में हुआ। रिकॉर्ड 10 बार के चैंपियन जोको. विच और दो बार के मौजूदा चैंपियन सिनर सीजन के पहले मेजर में एक ब्लॉकबस्टर सेमीफाइनल में भिड़ सकते हैं। सिनर लेक्सस एटीपी हेड2हेड सीरीज में जोकोविच से 6-4 से आगे हैं, जिसमें सर्बियाई खिलाड़ी एक समय 4-1 से आगे थे। 24 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी ने 2024 के ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल में जोकोविच को हराकर अपना पहला मेजर खिताब जीता था। इस पखवाड़े में एक रीमैच की संभावना है। कार्लोस अल्काराज, एटीपी रैंकिग में विश्व नंबर 1, अपना सातवां मेजर खिताब जीतने और करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने का लक्ष्य बना रहे हैं। स्पेनिश खिलाड़ी अपने प्रतिद्वंद्वी अलेक्जेंडर ज्वेरेव के साथ उसी हाफ में हैं। 22 वर्षीय खिलाड़ी घरेलू उम्मीद एडम वाल्टन के खिलाफ शुरुआत करेंगे। 38 वर्षीय जोकोविच अपने 25वें मेजर खिताब का लक्ष्य बना रहे हैं, जो टेनिस इतिहास में सबसे अधिक मेजर सिगल्स खिताब के लिए मार्गरेट कोर्ट के साथ उनकी बराबरी को तोड़ देगा। दूसरी वरीयता प्राप्त सिनर मेलबर्न पार्क में लगातार तीसरी जीत और कुल मिलाकर अपने पांचवें मेजर खिताब का पीछा कर रहे हैं। सर्बियाई खिलाड़ी अपने अभियान की शुरुआत पेड्रो मार्टिनेज के खिलाफ करेंगे, जबकि सिनर पहले दौर में फांसीसी बाएं हाथ के खिलाड़ी ह्यूगो गैस्टन का सामना करेंगे। सिनर, जिनका टूर्नामेंट रिकॉर्ड 22-4 है, ड्रॉ समारोह से पहले उपस्थित हुए और टूर्नामेंट के लिए अपने दृष्टिकोण के बारे में बात की।उन्होंने कहा कि ड्रॉ बहुत मुश्किल है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप किसके साथ खेलते है। हम दुनिया के सबसे अच्छे खिलाड़ी हैं और रास्ता बहुत, बहुत लंबा और बहुत दूर है। हम दिन-ब-दिन आगे बढ़ेंगे। 24 साल के खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलियाई कोच डैरेन काहिल के साथ अपनी पार्टनरशिप के बारे में भी बात की। सिनर ने कहा, ष्साल के आखिर में हमारी अच्छी बातचीत हुई और उनके साथ कम से कम एक और सीजन शेयर करना बहुत अच्छा है। वह बहुत शांति देते हैं और मुझे उनके साथ कोने में बहुत सुरक्षित महसूस होता है, न सिर्फ मुझे, बल्कि बाकी टीम को भी। यह बहुत अच्छा है, खासकर यहां खेलना, एक ऑस्ट्रेलियाई टीम मेंबर के साथ ऑस्ट्रेलिया में खेलना। पहले राउंड के दो सबसे दिलचस्प मैच छठे सीड एलेक्स डी मिनौर बनाम पूर्व नंबर 6 माटेओ बेरेटिनी और ज्वेरेव का बघी सर्विस करने वाले गैब्रियल डियालो के साथ मुकाबला है। डी मिनौर और बेरेटिनी ने 2025 में हार्ड-कोर्ट पर अपनी मुलाकातें बांटीं, जिसमें इटैलियन खिलाड़ी लेक्सस हेड2हेड सीरीज में 3-2 से आगे हो गया। ज्वेरेव और डियालो पहली बार मिलेंगे। फैंस के पसंदीदा थानासी कोकिनाकिस ने ड्रॉ सेरेमनी से कुछ समय पहले अपना नाम वापस लेने की घोषणा

## कोकिनाकिस ऑस्ट्रेलियन ओपन सिगल्स से हटे

**मेलबर्न, वार्ता।** थानासी कोकिनाकिस ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन सिगल्स इवेंट से हटने की घोषणा की। कोकिनाकिस ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर लिखा कि दुर्भाग्य से अपनी टीम और डॉक्टरों से बात करने के बाद मैंने ऑस्ट्रेलियन ओपन सिगल्स से हटने का फैसला किया है।एक अविश्वसनीय रूप से कठिन साल के बाद यह वह इवेंट था जिसका मैं सबसे ज्यादा इंतजार कर रहा था, लेकिन मैं अभी तैयार नहीं हूं। मैं हर दिन 100प्रतिशत ठीक होने के लिए सब कुछ कर रहा हूं। कोकिनाकिस ने पिछले हफ्ते एडिलेड इंटरनेशनल में लगभग एक साल बाद अपना पहला सिगल्स मैच खेला, जहां उन्होंने फाइनल-सेट टाई-ब्रेक में सेबेस्टियन कोर्डा को हराया। लेकिन पूरे मैच के दौरान, पिछले फरवरी में पेक्टोरल सर्जरी के बाद ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को अपने दाहिने कंधे में परेशानी हो रही थी। वह बुधवार को एडिलेड से हट गए। 29 वर्षीय खिलाड़ी मेलबर्न पार्क में डबल्स में प्रतिस्पर्धा करने की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने 2022 में निक किर्गियोस के साथ खिताब जीता था। कोकिनाकिस ने लिखा कि हम अभी भी डबल्स के लिए कोर्ट पर उतरने और कुछ मजे करने की कोशिश करेंगे।मेरा समर्थन करने वाले सभी लोगों को धन्यवाद।

# 'जनकल्याणकारी दिवस' के रूप में मनाया मायावती का जन्मदिन






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** गुरुवार को बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व सांसद बहन कुमारी मायावती का जन्मदिन 'जनकल्याणकारी दिवस' के रूप में डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क, सिविल लाइंस में गरिमामय ढंग से मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत गिरीश चंद्र पूर्व सांसद नगीना / प्रभारी उत्तराखंड / मुख्य सेक्टर प्रभारी मुरादाबाद मंडल द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यदि आज बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता बहन मायावती को सच्चा तोहफा देना चाहते हैं, तो उन्हें एकजुट होकर उत्तर प्रदेश में फिर से बहन जी को मुख्यमंत्री बनाना होगा। उन्होंने कहा कि बहुजन आंदोलन की मजबूती ही सामाजिक न्याय की गारंटी है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जाफर मलिक मुख्य सेक्टर प्रभारी मुरादाबाद/ अलीगढ़/ मेरठ मंडल ने मायावती के जीवन संघर्ष, त्याग और समर्पण पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर कांशीराम साहब के संघर्षपूर्ण जीवन और उनके विचारों को याद करते हुए कहा कि बसपा की नीतियां शोषित, वंचित और सर्व समाज के उत्थान पर आधारित रही हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में बसपा की चार बार सरकार बनी और हर कार्यकाल में बहन मायावती ने बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों के हित में ऐतिहासिक कार्य किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रणविजय सिंह एडवोकेट मुख्य सेक्टर प्रभारी मुरादाबाद मंडल ने की। उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनाव को निर्णायक बताते हुए कहा कि यदि कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और ईमानदारी से जुट जाएं, तो बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनना तय है। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष मुरादाबाद निर्मल सिंह सागर एडवोकेट ने किया। उन्होंने सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश की 85 प्रतिशत आबादी को यह संकल्प लेना होगा कि बहन कुमारी मायावती को उत्तर प्रदेश का पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनाना है।कार्यक्रम में अमर सिंह, अरुण कुमार टिंकू, फैसल रजा अंसारी, गजेंद्र सिंह, वेद प्रकाश, सुनील आजाद एडवोकेट, शिव शंकर सागर एडवोकेट, चंद्रपाल सिंह सैनी, हाजी शकील अहमद, राधेश्याम पाल, करतार सिंह सहित मुरादाबाद मंडल के समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म व गर्भपात कराने का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** थाना बिलारी पुलिस ने शादी का झांसा देकर एक महिला का शारीरिक शोषण करने और गर्भपात कराने के आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सुमनेश उर्फ सुबनेश पुत्र हरनाम सिंह, निवासी ग्राम इमरतपुर थाना बिलारी, उम्र लगभग 21 वर्ष के रूप में हुई है।

पीड़िता भूरी पत्नी स्व. धर्मपाल, निवासी ग्राम इमरतपुर स्योडारा थाना बिलारी ने आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर आरोप लगाया था कि युवक ने उसे शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए और बाद में उसका गर्भपात करा दिया। मामले में थाना बिलारी पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। बरामदगी के संबंध में कोई सामग्री नहीं मिली है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

## एक नजर

### मकर संक्रांति पर समाजसेवा की मिसाल: नितिन गुप्ता ने गरीबों को बांटे कंबल



**मूंढापांडे।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर वैश्य समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष नितिन गुप्ता ने समाजसेवा का अनुकरणीय कार्य करते हुए जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। यह कार्यक्रम उनके कार्यालय गुप्ता ब्रिक फील्ड, महेशपुर भीला में आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में गरीब व असहाय लोगों को सर्दी से राहत पहुंचाई गई।

कार्यक्रम के दौरान नितिन गुप्ता ने कहा कि मकर संक्रांति दान और सेवा का पर्व है, इस दिन जरूरतमंदों की सहायता करना ही सच्ची पूजा है,उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को आगे आकर गरीबों की मदद करनी चाहिए,ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड में असहाय न रहे,कंबल वितरण कार्यक्रम में स्थानीय लोगों और समाज के पदाधिकारियों की मौजूदगी रही,सभी ने नितिन गुप्ता के इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

### भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी के बड़े भाई राजेश कुमार बिश्नोई का लंबी बीमारी के बाद निधन: अंतिम यात्रा में सैकड़ों लोग हुए शामिल

**कांठ( शाह टाइम्स )।** भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई के बड़े भाई राजेश बिश्नोई का आज लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया वे 68 वर्ष के थेस मोक्ष धाम पर आज दोपहर उनका अंतिम संस्कार किया गया स अचानक निधन की खबर से नगर में शोक की लहर दौड़ गई थी उनके बड़े बेटे चित्रमणि विश्नोई ने मुखग्नि दी स उनकी अंतिम यात्रा में शामिल लोगो ने गहरा शोक व्यक्त कियास अंतिम यात्रा में शामिल होने वालों में डॉ पंकज बिश्नोई (डॉक्टर ऑफ मेडिसिन ), भाजपा के वरिष्ठ नेता मुकेश माहेश्वरी, वैश्य सभा के अध्यक्ष मोहित माहेश्वरी, भाजपा के जिला महामंत्री राजन विश्नोई, व्यापार मंडल के अध्यक्ष निरुपम बिश्नोई, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष महेश चंद गुप्ता, तहसील बार एसोसिएशन के महासचिव एडवोकेट दीपक बिश्नोई, नगर के वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा, ओमवीर सिंह बिश्नोई, पंकज भदौरिया, आर के कश्यप, व्यापार मंडल के अध्यक्ष निरुपम बिश्नोई, तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा, फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर अशोक चौहान, सरदार रविंद्र सिंह गांधी, सेवानिवृत्त शिक्षक भूपाल सिंह, विकास शर्मा आदि लोगों ने दुख व्यक्त किया है।



### कैसटेकिंग के द्वारा गंभीर रोग को होम्योपैथी से आसानी से किया जा सकता हैं ठीक



**मुरादाबाद।** होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की मासिक बैठक कांठ रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष डॉक्टर आर के शर्मा ने की इस अवसर पर मुख्य वक्ता एस पी गंगवार ने उनके द्वारा ठीक हुए कैंसर केसेस का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। डॉक्टर गंगवार ने आगे बताया कि एक अच्छी कैसटेकिंग के द्वारा गंभीर से गंभीर रोग को होम्योपैथी से आसानी से ठीक किया जा सकता है। डॉक्टर गंग. वार ने बताया कि डी एन ए फाइंडिंग तथा नैनो टेक्नोलॉजी के समावेश से होम्योपैथी में क्रांतिकारी अनुसंधान हुए हैं। बैठक में होम्योपैथी के पुराने स्वरूप व आधुनिक अनुसंधानों से होम्योपैथी के स्वरूप को नई दिशा मिली है। बैठक में डॉक्टर एम पी सिंह डॉक्टर, एस पी सिंह ने होम्योपैथी को नवीन अनुसंधानों से अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। बैठक का संचालन शाखा सचिव कुलदीप शर्मा ने किया इस अवसर पर डॉक्टर एस पी सिंह, डॉक्टर एम पी सिंह,डॉक्टर रजनी, डॉक्टर दिनेश चौहान, डॉक्टर अंशुमान गौड़,डॉक्टर अखलाख,डॉक्टर एकता, डॉक्टर सुरभि, आदि चिकित्सकों ने भाग लिया।

### शहीद नवाब मज्जू खां की मजार के सौंदर्यकरण व व्यवस्थाओं की मांग

**मुरादाबाद।** 1857 की क्रांति के महान क्रांतिकारी शहीद-ए-आजम नवाब मज्जू खां की मजार पर 26 जनवरी को हर वर्ष की भांति श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी क्रम में नगर निगम के नगर आयुक्त को एक प्रार्थना पत्र देकर मजार परिसर एवं आसपास के ऐतिहासिक स्थलों के सौंदर्यकरण व मूलभूत सुविधाओं की मांग की गई है।प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि 26 जनवरी को मंडल प्रशासन, जिला प्रशासन, नगर निगम, पुलिस प्रशासन, सामाजिक व राजनीतिक संगठनों शहीद नवाब मज्जू खां को फूलपोशी कर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। ऐसे में नवाब मज्जू खां की मजार का सौंदर्यकरण, हाईमास्ट लाइटों की व्यवस्था, 1857 के क्रांतिकारियों से जुड़े इमली के पेड़ का संरक्षण, गलशहीद चौराहे के फव्वारे का सौंदर्यकरण, नवाब मज्जू खां द्वार का पक्का निर्माण एवं जिगर पार्क के सौंदर्यकरण की मांग की गई है। जहां तिरंगा यात्रा, राष्ट्रधुन और स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित होते हैं। आयोजकों ने नगर निगम से इन कार्यों को प्राथमिकता देने की मांग की है।

### श्री शिरडी सांई करुणा संस्थान में मकर संक्रांति पर्व धूमधाम से मनाया गया, चिकित्सा कैंप भी लगाया गया

**मुरादाबाद।** शिरडी सांई करुणा संस्थान मुरादाबाद के तत्वावधान में गुरुवार को मकर संक्रांति का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह से नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के आयोजन से हुई, जिसमें कुल 18 मरीजों की जांच की गई।

जांच के दौरान कुछ मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए सूचीबद्ध किया गया, जबकि 33 लोगों को चश्मा बनाने की सलाह दी गई। संस्थान की ओर से मोतियाबिंद ऑपरेशन और चश्मे पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे दिन चले इस कार्यक्रम में श्रद्धा, सेवा और सामाजिक सहयोग का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## सांसद व महामंडलेश्वर डॉ. साक्षी महाराज का भव्य स्वागत, लोधी समाज के पदाधिकारियों ने किया अभिनंदन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** उन्नाव सांसद एवं भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, महामंडलेश्वर डॉ. साक्षी महाराज का मुरादाबाद जनपद की टीम द्वारा बिलारी में भव्य स्वागत किया गया। वह शाहबाद रोड स्थित एक मेडिकल स्टोर पर अल्प प्रवास के दौरान रुके, जहाँ उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया गया। स्वागत कार्यक्रम में लोधी समाज के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर राजेश सिंह लोधी (पूर्व सभासद), देवेंद्र सिंह लोधी, महेश कुमार लोधी, महेंद्र सिंह लोधी, मंगल सिंह लोधी, हिमांशु, सुमित, बॉबी, विशाल, अमित, आकाश, प्रमोद कुमार लोधी, राजेंद्र सिंह चौधरी, अशोक कुमार, गनेशी लाल लोधी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने डॉ. साक्षी महाराज से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और समाजहित व क्षेत्रीय विकास से जुड़े विषयों पर संक्षिप्त संवाद भी हुआ। आयोजन शांतिपूर्ण और अनुशासित माहौल में संपन्न हुआ।



## टिमिट परिसर में स्वामी विवेकानंद साहित्य पर आधारित पुस्तक प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (टिमिट) परिसर में स्वामी विवेकानंद, श्रीरामकृष्ण एवं वेदांत साहित्य पर आधारित पुस्तक प्रदर्शनी सह बिक्री का भव्य एवं प्रेरणादायक आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का आयोजन रामकृष्ण मठ, पुणे द्वारा किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को भारतीय आध्यात्मिक, दार्शनिक एवं नैतिक साहित्य से परिचित कराना रहा। पुस्तक प्रदर्शनी में स्वामी विवेक. ानंद के जीवन, शिक्षाएं, पत्र, प्रेरणादायक एवं ओजस्वी व्याख्यानों पर आधारित पुस्तकों का विस्तृत संग्रह उपलब्ध कराया गया। प्रदर्शनी में ध्यान, एकाग्रता, योग, व्यक्तित्व विकास, इच्छाशक्ति का विकास, चरित्र निर्माण, राष्ट्र निर्माण तथा समग्र मानव विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों द्य पर आधारित साहित्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इसके साथ ही स्वामी विवेकानंद का पूर्ण संग्रह (अंग्रेजी में 9 खंड एवं हिंदी व मराठी में 10 खंड) भी प्रदर्शित की गई। प्रदर्शनी में बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई चित्रात्मक कहानियां, पेंटिंग बुक्स, महान भारतीय महिलाओं पर आधारित पुस्तकें, साथ ही गीता, उपनिषद एवं अन्य आध्यात्मिक ग्रंथ, पोस्टर एवं पुस्तक उपहार द्य पैकेट भी उपलब्ध रहे। विद्यार्थियों ने इस प्रदर्शनी में उत्साहपूर्वक भाग लिया और बड़ी संख्या में द्य पुस्तकों का अवलोकन एवं क्रय किया। इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रोफेसर विपिन जैन ने द्य पुस्तक प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के बौद्धिक, नैतिक और व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज के युवाओं को आत्मनिर्भर, अनुशासित एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। प्रोफेसर जैन ने इस सार्थक एवं ज्ञानवर्धक आयोजन के लिए रामकृष्ण मठ, पुणे का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पुस्तक पढ़ने की रुचि विकसित करना, भारतीय सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों से उन्हें जोड़ना तथा सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करना रहा।

कुल मिलाकर यह पुस्तक प्रदर्शनी टिमिट परिसर में ज्ञान, प्रेरणा और आत्मविकास का एक सशक्त माध्यम सिद्ध हुई।




## मकर संक्रांति के अवसर पर कुंदरकी विस में सामूहिक खिचड़ी भोज का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी/मूंढ़ापांडे।** मकर संक्रांति के अवसर पर कुंदरकी विधानसभा के सभी ग्रामों और कुंद. रकी नगर में अलग - अलग 305 स्थानों पर कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह द्वारा सामूहिक खिचड़ी भोज का आयोजन कराया गया। प्रत्येक स्थान पर 400 से अधिक लोग खिचड़ी भोज में सम्मिलित हुए। कुल सवा लाख लोग सामूहिक खिचड़ी कार्यक्रम के साक्षी बने। ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, लेखपाल, कानूनगो, सचिव, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, स्वच्छता कर्मी, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकत्री, सहायिका, रसोईया माता, शिक्षा मित्र, सहायक अध्यापक, प्रधानाध्यापक, खंड शिक्षा अधिकारी, बीट इंचार्ज, बीट कांस्टेबल सहित सभी थानाध्यक्ष, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, ग्राम और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने एक साथ बैठकर खिचड़ी का आनंद लिया। कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह भदासना, मुंडापांडे, अहरौला, रोंडा, लालाटीकर, रसूलपुर नंगली, नानपुर, नया गांव, सैफपुर पल्ला, मछरिया, डोमघर, कुंदरकी, डींगरपुर, जटपुरा आदि में उपस्थित रहे। विधायक प्रति. निधि विक्की ठाकुर भी 2 दर्जन ग्रामों में पहुंचे और ग्रामवासियों के साथ बैठकर खिचड़ी का स्वाद लिया। इस अवसर पर कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि मकर संक्रांति का त्योहार हमें एकता और भाईचारे का संदेश देता है। खिचड़ी भोज जैसे आयोजन आपसी सौहार्द बढ़ाते हैं और मेल-मिलाप का अवसर प्रदान करते हैं। ऐसे कार्यक्रम सामाजिक एकता और अखंडता का संदेश देते हैं और भेदभाव को समाप्त करते हैं। भारतीय संस्कृति में सहभोज कार्यक्रम आदि काल से चला आ रहा है, जो हमारी समृद्ध परंपरा का द्योतक है। आज प्रथम बार कुंदरकी विधानसभा में ये आयोजन किया गया ,भविष्य में भी इस तरह के आयोजन कराता रहूंगा। कार्यक्रमों में मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप, बबलू जाटव , महेंद्र सैनी, नीरज चंद्रा, ब्लॉक प्रमुख डॉ नवदीप यादव, मनोज ठाकुर, अरविंद ठाकुर, संजय दिवाकर, गौरव ठाकुर, अजीम मलिक, सुभान, बाबू पाशा, मंसूर रजा, अरकान आदि उपस्थित रहे।



## कनरपुर अलीगंज मार्ग पर सड़क हादसा, बेटे की मौत

**मूंढापांडे।** मूंढापांडे थाना क्षेत्र के करनपुर मार्ग पर सुबह के समय थाना शहजादनगर क्षेत्र के गांव ककरऊ निवासी रामपुर शीशपाल सिंह अपनी पत्नी आशा, 10 वर्षीय बेटी मानवी और 6 वर्षीय पुत्र अभिषेक के साथ 1:30 बजे बाइक से करनपुर की ओर जा रहे थे। परिवार दूधिया पीर हाइवे से होकर गुजर रहा था। इसी दौरान दूधिया पीर मजार के पास पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे कैंटर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दम्पत्ति उछलकर सड़क पर जा गिरे। इस दर्दनाक हादसे में 6 वर्षीय मासूम अभिषेक जो कि बाइक पर बीच मे बैठा था उसकी मौके पर ही मौत हो गई है ,जब कि पिता शीशपाल सिंह, उनकी पत्नी आशा और बेटी मानवी गंभीर रूप से घायल हो गए है, घटना के बाद चीख-पुकार मच गई। बहा मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, और घायलों को उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र मूंढापांडे भिजवाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुरादाबाद भेज दिया है, हादसे के बाद चालक मौके पर कैंटर छोड़कर फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने अपने कब्जे मे लेकर मामला दर्ज कर लिया है, उधर मृतक बच्चे के पिता,माता,बहन का घायल अवस्था मे स्वास्थ्य केन्द्र पर उपचार चल रहा है,बेटे की मौत से परिवार गहरे सदमे में है।



## मकर संक्रांति पर भंडारे का किया गया आयोजन



**मुरादाबाद।** मानव सेवा समिति के तत्वाधान में मकर संक्रांति पर गंज गुरहठी चौराहे के पास खिचड़ी, चटनी पापड़ मूली अचार संघ स्वादिष्ट वितरण किया गया स्वादिष्ट खिचड़ी का सभी वर्गों के लोगों ने आनंद लिया भंडारे के क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई कानपुर निवासी राकेश गुप्ता ने मकर संक्रांति पर खिचड़ी वितरण की विशेष व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए सबको बधाई देते शुभकामनाएं दी। व्यवस्था में अतुल जौहरी, गौरव गुप्ता, राकेश गुप्ता, रिचा गुप्ता, सार्थक गुप्ता, दक्ष गुप्ता, संजीव कांत, नीरू गुप्ता, भारत भूषण अग्रवाल, आशा गुप्ता, अभय गुप्ता, शालू मल्होत्रा, दीपेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

## डायट स्थित अमृत वाटिका खत्म उसकी जगह तैयार हो गई बहुत बड़ी बिल्डिंग

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** भव्य समारोह के साथ स्थापित कराई गई अमृत वाटिका अपने हाल पर रोते-रोते आज खत्म हो गई इस वक्त उसके स्थान पर एक बड़ी बिल्डिंग का निर्माण चल रहा है कुछ साल पहले जिलाधिकारी द्वारा अमृत वाटिका का भव्य समारोह के साथ पौधारोपण करके शुभारंभ किया गया था। उस वक्त बताया गया था कि इस वाटिका के पूरी तरह से तैयार हो जाने पर नगर वासियों को यहां भृमण करने योगाभ्यास करने एवं पर्यावरण सुरक्षित वातावरण भी उपलब्ध होगा लेकिन अमृत वाटिका खत्म होने के साथ-साथ प्रशासन द्वारा दिखाए गए सपने खत्म हो गए हैं। बतादे की सरकार ने जगह-जगह पर काफी रुपया खर्च करके अमृत वाटिका स्थापित कराई थी इन अमृत वाटिका में विभिन्न तरह के पौधे लगाए गए और एक सुंदर स्थान नगर वासियों के घूमने बैठने और आराम के लिए तैयार होने वाला था।

तरह की वाटिकाओं की स्थापना नगर सहित अन्य भी गांव में की गई थी लेकिन डायट परिसर स्थित अमृत वाटिका अपना अस्तित्व पूरी तरह से खो चुकी है हमारे प्रतिनिधि द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक वहां पर एक भवन का निर्माण चल रहा है जोकि लगभग 15 करोड़ की लागत से बनाया जाना है इसमें डायट ऑफिस के साथ-साथ विज्ञान संबंधित भी कुछ कार्य संचालित होंगे हालांकि इससे भी क्षेत्र को ही फायदा पहुंचेगा लेकिन सरकार की अमृत वाटिका जैसी योजना को अमली जामा पहना कर खत्म कर देने के बाद फिर उसी स्थान पर दूसरी योजना को लाना भी एक सवाल खड़ा कर रहा है।






शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 16 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# पीएम का संबोधन

गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी ने संसद परिसर में 28वें कॉमनवेल्थ स्पीकर्स और प्रेसाइडिंग ऑफिसर्स कान्फ्रेंस (सीएसपीओसी) का उद्घाटन किया। इसमें 42 देशों के 61 स्पीकर शामिल हुए हैं। यह सम्मेलन 14 से 16 जनवरी तीन दिन तक चलेगा। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने भारत के सामने चुनौतियां और उससे निपटने के तौर-तरीकों को लोगों के सामने रखा। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और पिछले कुछ सालों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। इतना ही नहीं भारत में यूपीआई दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पेमेंट सिस्टम है। उनके अनुसार भारत दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन प्रोड्यूसर भी है। दुनिया का नंबर 2 स्टील प्रोड्यूसर है और सबसे बड़ी बात पीएम मोदी ने बेबाक अंदाज में कहा कि भारत में लोकतंत्र की पहचान है कि आखिरी व्यक्ति तक फायदे पहुंचें और लोक कल्याण की भावना से हर व्यक्ति के बिना भेदभाव के काम कर रहे हैं। उन्होंने लोगों को याद दिलाया कि जब भारत आजाद हुआ तब आशंका व्यक्त की गई थी कि इतनी विविधता में भारत में लोकतंत्र टिक नहीं पाएगा, लेकिन आगे चलकर भारत ने यह साबित किया कि उसकी यही विविधता सबसे बड़ी ताकत है। दुनिया ने देखा कि भारत ने अपनी विविधता को अपनी लोकतंत्र की ताकत में बदल दिया। कोविड 19 का भी जिक्र किया। जब महामारी के दौरान पूरी दुनिया संकट में थी और भारत भी इस चुनौती से जूझ रहा था तब भारत ने उन कठिन परिस्थितियों में भी 150 से अधिक देशों को दवाइयां और वैक्सीन उपलब्ध कराई। यह भारत के सिद्धांत को दर्शाता है कि पहले लोग पहले मानवता। वह पुरानी संसद का भी जिक्र करने से नहीं चूके, जिसमें यह सम्मेलन हो रहा है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के अंतिम सालों में इसी सेंट्रल हॉल में संविधान सभा की बैठक हुई थी। स्वतंत्रता के बाद 75 साल तक यह भारत की संसद रही। उन्होंने याद दिलाया कि यह भारत की लोकतांत्रिक सफलता है। देश के भविष्य से जुड़े कई निर्णय इसी में लिए गए और अब इसी जगह संविधान सदन रखा गया है। उन्होने लोकतंत्र में महिलाओं के प्रतिनिधित्व पर भी बात की और कहा कि हमारे देश की प्रथम राष्ट्रपति महिला हैं, दिल्ली की सीएम महिला हैं और ग्रामीण व स्थानीय निकायों में लगभग 15 लाख महिलाएं निर्वाचित प्रतिनिधि हैं। ये सारे आंकड़े अपनी जगह पर सही हैं और उसमें कोई दोराय नहीं कि भारत बराबर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है, लेकिन यहां यह कहना भी जरूरी है कि यह विकास जमीनी स्तर पर उस तरह दिखाई नहीं देता, जिस तरह सरकारी आंकड़ों में दिखाई देता है। विपक्ष भी भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर सरकार की आलोचना करता रहता है।

## पांचवीं बार बसपा की सरकार बनानी है



बसपा आगामी चुनाव किसी से गठबंधन नहीं करेगी और अकेले दम पर मैदान में उतरेगी, गठबंधन से पार्टी को नुकसान होता है, क्योंकि अपर कास्ट का वोट दूसरे दलों में चला जाता है, जब अपर कास्ट का भरोसा पूरी तरह बसपा पर हो जाएगा, तब गठबंधन पर विचार होगा, लेकिन इसमें अभी समय लगेगा, प्रदेश की मौजूदा और पूर्व की सरकारें बसपा सरकार की योजनाओं का नाम बदलकर चला रही हैं, लेकिन उससे आमजन को कोई वास्तविक लाभ नहीं हो रहा, बसपा को रो. कने के लिए भाजपा, कांग्रेस और अन्य जातिवादी दल लगातार भ्रम फैलाकर पार्टी को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं,कांग्रेस, बीजेपी सहित अन्य जातिवादी पार्टियां अलग-अलग हथकंडे अपना रही हैं, इनको मुंहतोड़ जवाब देकर यूपी में पांचवीं बार बसपा की सरकार बनानी है। **-सुश्री मायावती, राष्ट्रीय अध्यक्ष, बसपा**

# बीच चुनाव में बिखर गई नेपाली कांग्रेस





यशोदा श्रीवास्तव

नेपाल की सबसे पुरानी और सबसे लंबे समय तक सरकार में रही नेपाली कांग्रेस अंतत: दो फाड़ हो गई। पार्टी में व्याप्त असंतोष और अंतर्विरोध का यह परिणाम है। पार्टी के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा पर कमजोर नेतृत्व का आरोप लग रहा था। युवाओं की उपेक्षा और दिशा हीन होने का भी आरोप था। उन पर इन सब मसलों के हल और विचार विमर्श के लिए विशेष राष्ट्रीय अधिवेशन की मांग जोर पकड़ रही थी। देउबा इसके लिए तैयार नहीं थे। उनका कहना था कि राष्ट्रीय अधिवेशन सहित अन्य मुद्दों पर चुनाव बाद विचार और मंत्रणा होगी।

पार्टी के दो महामंत्री गगन थापा और विश्व प्रकाश शर्मा इसके लिए तैयार नहीं थे। इन दोनों ने पिछले रविवार को ही दो दिवसीय विशेष राष्ट्रीय अधिवेशन आमंत्रित किया था। अधिवेशन की वैधता के सवाल पर गगन थापा का कहना था कि पार्टी विधान की धारा 17/2 के तहत यदि राष्ट्रीय परिषद के 54 प्रतिशत सदस्य और पदाधिकारी सहमत हैं तो विशेष राष्ट्रीय अधिवेशन कभी भी बुलाया जा सकता है। पार्टी में प्रदत्त इसी विधान के तहत अधिवेशन बुलाया गया। इस अधिवेशन में शेर बहादुर देउबा सहित उनके निकटवर्ती अन्य पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया था लेकिन वे लोग अधिवेशन में नहीं आए।

पूर्व में आयोजित दो दिवसीय यह अधिवेशन चार दिवसीय हो गया जो काठमांडू के भृकुटी मंडप में आयोजित था। शेर बहादुर देउबा की सहमति के बिना आयोजित इस राष्ट्रीय अधिवेशन में पार्टी के विभाजन की आशंका न केवल पार्टी के अन्य तमाम वरिष्ठ नेताओं को थी दूसरे राजनी. तिक दलों को भी ऐसा ही अंदेशा था। देउबा और उनके गुट के वरिष्ठ सदस्यों ने पार्टी को विभाजन से बचाने की पूरी कोशिश की लेकिन वे असफल रहे। अधिवेशन के चौथे दिन मामला तब बिगड़ गया जब देउबा गुट के कार्यवाहक सभापति पूर्ण बहादुर खड़का ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में में बैठक कर दोनों महामंत्री गगन थापा और विश्व प्रकाश शर्मा सहित उप महामंत्री फरकुल्लाह मंसूर को पार्टी से निष्कासित कर दिया। इस निष्कासन के बाद ही पार्टी में विभाजन की रूपरेखा तैयार हुई। बुधवार को देर रात अधिवेशन में ही गगन थापा को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया। विश्व प्रकाश शर्मा और कमला भुसाल को उपसभापति और फरकुल्लाह मंसूर को महामंत्री चुना गया। पार्टी के अन्य सदस्यों का चुनाव भी बहुत सोच समझकर किया गया। सभी क्षेत्र,जाति और धर्म का ख्याल रखा गया। पार्टी में विभाजन के बाद देउबा का अपने नेतृत्व वाली पार्टी का असली नेपाली कांग्रेस का दावा है तो गगन थापा का कहना है कि पार्टी विभाजित नहीं हुई,यह और मजबूत और संगठित हुई है। बहरहाल नेपाली कांग्रेस के विभाजन का मामला चुनाव आयोग में जाना तय है और वहीं असली नकली का फैसला भी होगा। हां यह एक मामला जरूर पेचीदा हो गया कि चुनाव में देउबा के चयनित उम्मीदवार मैदान में होंगे या गगन थापा के? उच्च सदन के नामांकन की तिथि समाप्त हो गई है और उसके उम्मीदवार भी तय हो गए हैं जबकि निचले सदन के उम्मीदवारी के नामांकन की तिथि अभी शेष है। चुनाव पांच मार्च को है। इसके पहले यदि देउबा और गगन थापा के नेतृत्व वाली कांग्रेस में फैसला नहीं आया तो देउबा द्वारा चयनित उम्मीदवार और रूख चुनाव चिन्ह पर ही उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। लेकिन पार्टी के विभाजन का दंश उम्मीदवारों को झेलना तय है। नेपाली कांग्रेस में मतभेद और असंतोष नया नहीं है लेकिन पार्टी कभी विभाजन के कगार पर नहीं पहुंची। स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला और केपी भट्टराई के बीच का विवाद किसे नहीं याद होगा। गिरिजा प्रसाद कोइराला ने तब अपने समर्थक पार्टी के 32 सांसदों के समर्थन से कम्युनिस्ट नेता मनमोहन अधिकारी को प्रधानमंत्री बनवा दिया लेकिन पार्टी नहीं टूटी। आज वैसी विकट स्थिति भी नहीं थी फिर भी पार्टी टूट गई। नेपाली कांग्रेस नेपाल की राजनीति में केवल एक पार्टी भर नहीं है। इसके साथ स्वर्गीय वीपी कोइराला, गिरिजा प्रसाद कोइराला, केपी भट्टराई, सुशील कोइराला आदि का नाम जुड़ा होने के नाते इसकी एक विचारधारा है जो समावेशी विकास और जनसरोकार की बात करती है। स्वर्गीय वीपी कोइराला ने राजशाही के वक्त 1960 में ही लोकतंत्र का बिगुल बजा दिया था। इसके लिए उन्हें तत्कालीन राजा महेन्द्र के षड्यंत्रों का शिकार होना पड़ा था। लंबे समय तक जेल में रहना पड़ा और निर्वसन तक का जीवन जीने को मजबूर होना पड़ा था। हालांकि वीपी कोइराला लो. कतंत्र की जंग जीत नहीं पाए थे। राजा महेन्द्र अपनी कुटिल चालों से नेपाली कांग्रेस में फूट डालकर राजशाही बचाने में सफल रहे थे जो लंबे समय तक चला। राजशाही विरोधी कई दलों के एक जुट विरोध और लंबे आंदोलन के बाद 2008 में नेपाल राजशाही से मुक्त हो पाया और यहां गणतंत्र का उदय हुआ। लोकतंत्र बहाली आंदोलन में नेपाली कांग्रेस के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता जिसका नेतृत्व वीपी कोइराला के बाद स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला ने किया था। गिरिजा प्रसाद कोइराला को नेपाल में गांधी के नाम से जाना जाता है। राजशाही के खिलाफ चले लंबे आंदोलन में जहां कम्युनिस्ट धड़ा हिंसा का रास्ता अख्तियार कर लिया था वहीं नेपाली कांग्रेस शांति पूर्वक आंदोलन का पक्षधर रहा है। इस आंदोलन को जनयुद्ध भी कहा गया क्योंकि इसमें हजारों लोगों की जानें भी गई थी। नेपाल में प्रतिनिधि सभा चुनाव की सरगर्मी भी है। पार्टियां चुनाव की तैयारी में व्यस्त हैं। प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया भी तेज है ऐसे में नेपाली कांग्रेस का यह हाल इस पुरानी और भारत समर्थक राजनीतिक दल को कमजोर कर गई। पिछले दिनों नेपाल को जेन जी के हिंसात्मक आंदोलन से गुजरना पड़ा। तब एमाले नेता केपी शर्मा ओली प्रधानमंत्री थे जो नेपाली कांग्रेस के गठबंधन के साथ सरकार में थे। इस हिंसक आंदोलन में सारी दुनिया ने देखा कि आंदोलन कारियों ने किस तरह देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा को दौड़ा दौड़ा कर पीटा था। आंदोलन कारियों के निशाने पर यूं तो लगभग सभी पार्टियों के नेता थे, लेकिन सर्वाधिक नुकसान देउबा और उनकी पत्नी को पहुंचाया गया। पार्टी के भीतर इसे कमजोर नेतृत्व माना गया और तभी से पार्टी के भीतर नेतृत्व परिवर्तन की बात भी उठनी शुरू हुई थी। नेपाली कांग्रेस संघर्ष, त्याग और लोकतांत्रिक आंदोलनों की जीवंत विरासत है। जिस पार्टी ने नेपाल में लोकतंत्र की नींव रखी, राजतंत्र को चुनौती दी और गणतंत्र की स्थापना में ऐतिहासिक भूमिका निभाई, उस पार्टी का आज यह हाल चिंता जनक है। पार्टी के युवा नेताओं की अपेक्षा पर खरा नहीं उतर पाने वाले देउबा यदि स्वेच्छा से हट जाते तो पार्टी को विभाजन से बचाया जा सकता था। देउबा के नेतृत्व में नेपाली कांग्रेस देश में तेजी से बदलते राजनीतिक हालात के बीच पीछे छूट जा रही था जो एक सच्चाई है। फिलहाल संख्या बल और स्वीकार्यता के लिहाज से गगन थापा के नेतृत्व वाली कांग्रेस का पलड़ा भारी है। आसन्न संसदीय चुनाव में देउबा अथवा थापा के नेतृत्व वाली कांग्रेस में कितना दम है यह देखना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# रामबाण है सर्दियों में काली गाजर का सेवन

**काली गाजर में एंथोसायनिन होता है, एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट जो उम्र बढ़ने और कैंसर के लिए जिम्मेदार मुक्त कणों से लड़ता है। ये फाइटोन्यूट्रिएंट्स कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकने में मदद करते हैं। फाइबर से भरपूर, काली गाजर स्वस्थ पाचन को बढ़ावा देती है और कब्ज और पेट की अन्य समस्याओं को कम करने में मदद करती है। काली गाजर रक्तचाप को नियंत्रित करने और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकती है, जिससे हृदय रोगों का खतरा कम हो जाता है। काली गाजर का हलवा भी आपके दिल को फायदा पहुंचा सकता है।**



सर्दियों के दौरान बाजारों में हरी सब्जियों से भरे हुए है। ठंड के मौसम में मेथी, बथुआ, सरसों का साग और चने के साग खाने का एक अलग ही स्वाद मिलता है और शरीर को भी गर्म रखता है। इसके साथ ही बाजारों में गाजर और मूली भी मिल रही है, इसे कच्ची खाओ या फिर पकाकर खाएं, यह अलग स्वाद ही देती है। कम लोग ही जानते हैं काली गाजर, जिसे अक्सर श्देसी गाजरश कहा जाता है। जबकि लाल गाजर आम हैं। काली गाजर में फाइबर, पोटेशियम, विटामिन ए और विटामिन जैसे आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं, काली गाजर पाचन, हृदय स्वास्थ्य और समग्र कल्याण के लिए अत्यधिक फायदेमंद बनाता है।

**काली गाजर के खाने के फायदे**

**कैंसर से बचाव**

काली गाजर में एंथोसायनिन होता है, एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट जो उम्र बढ़ने और कैंसर के लिए जिम्मेदार मुक्त कणों से लड़ता है। ए फाइटोन्यूट्रिएंट्स कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकने में मदद करते हैं।

**बेहतर पाचन**

फाइबर से भरपूर, काली गाजर स्वस्थ पाचन को बढ़ावा देती है और कब्ज और पेट की अन्य समस्याओं को कम करने में मदद करती है।

**हृदय स्वस्थ रहता**

काली गाजर रक्तचाप को नियंत्रित करने और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकती है, जिससे हृदय रोगों का खतरा कम हो जाता है। काली गाजर का हलवा भी आपके दिल को फायदा पहुंचा सकता है।

**बेहतर दृष्टि होती है**

लाल गाजर की तरह, काली गाजर में विटामिन ए और बीटा-कैरोटीन उच्च मात्रा में होता है, जो आंखों के स्वास्थ्य में सहायता करता है और रेटिना को अच्छी स्थिति में रखकर .ष्टि में सुधार करता है।

**ब्लड शुगर लेवल नियंत्रित करता**

कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स के साथ, काली गाजर ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करती है, जिससे यह मधुमेह के रोगियों के लिए उपयुक्त हो जाती है।

**ग्लोइंग स्किन**

काली गाजर के सेवन से झुर्रियां कम होती और सूजन-रोधी लाभ प्रदान करके त्वचा के स्वास्थ्य को बढ़ाती है, जो त्वचा की समस्याओं को हल करने में मदद कर सकती है।

**इम्यूनिटी मजबूत होती है**

विटामिन सी और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर, काली गाजर प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देती है, सर्दी और संक्रमण से बचाती है।

# आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती: क्या हो समाधान





रजनीश कपूर

भारत में आवारा कुत्तों की समस्या एक गंभीर सामाजिक और स्वास्थ्य संकट बन चुकी है, जो न केवल नागरिकों के जीवन को प्रभावित कर रही है बल्कि पशु कल्याण के सवाल भी उठा रही है। दुनिया के किसी अन्य देश में यह समस्या इतनी विकराल रूप नहीं लेती जितनी भारत में। अनुमानों के अनुसार, भारत में आवारा कुत्तों की संख्या 3 से 6 करोड़ तक है, जो विश्व में सबसे अधिक है। जबकि अमेरिका, ब्रा. जील और चीन जैसे देशों में कुत्तों की कुल संख्या अधिक है, लेकिन आवारा कुत्तों का अनुपात भारत जितना नहीं। रेबीज से होने वाली मौतों का 36 प्रतिशत हिस्सा भारत में है और हर साल लाखों लोग कुत्तों के काटने से प्रभावित होते हैं। यह समस्या क्यों इतनी गंभीर है? इसका कारण हमारी सांस्कृतिक परंपराएं, अपर्याप्त स्वच्छता व्यवस्था और कानूनी ढांचे की कमी है। लोग धार्मिक भावनाओं से कुत्तों को भोजन देते हैं, लेकिन इससे उनकी संख्या अनियंत्रित रूप से बढ़ती जाती है। अन्य देशों जैसे नीदरलैंड्स में 'कलेक्ट, न्यूटर, वैक्सीनेट एंड रिटर्न' नीति से आवारा कुत्तों को समाप्त कर दिया गया है, बिना किसी हत्या के। भारत में भी ऐसी नीतियां हैं, लेकिन क्रियान्वयन की कमी है।

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाया है। जनवरी 2026 में सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकारों को चेतावनी दी कि हर कुत्ते के काटने, मौत या चोट के लिए भारी मुआवजा तय किया जाएगा, खासकर बच्चों और बुजुर्गों के मामलों में। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकारें कुछ नहीं कर रही हैं और पिछले पांच सालों में पशु जन्म नियंत्रण नियमों का पालन नहीं हुआ। इसके अलावा, कुत्तों को भोजन देने वालों को भी जिम्मेदार ठहराया जाएगा। कोर्ट ने सुझाव दिया कि अगर कोई कुत्तों की देखभाल करना चाहता है, तो उन्हें अपने घर ले जाएं, न कि सड़कों पर छोड़कर लोगों को डराएं। कोर्ट ने स्कूलों, अस्पतालों और रेलवे स्टेशनों जैसे सार्वजनिक स्थलों से आवारा कुत्तों को हटाने और शेल्टर में रखने का आदेश दिया है, लेकिन उन्हें वापस उसी जगह न छोड़ने की हिदायत दी। यह सख्ती आवश्यक है क्योंकि कुत्तों के हमलों से हर साल हजारों लोग प्रभावित होते हैं और रेबीज जैसी घातक बीमारी फैलती है। कोर्ट का यह कदम मानव सुरक्षा और पशु कल्याण के बीच संतुलन बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। लेकिन सवाल यह है कि क्या केवल अदालती हस्तक्षेप से समस्या हल हो जाएगी? नहीं, इसके लिए समाज, पशु प्रेमियों और कॉर्पोरेट जगत की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। पशु प्रेमी इस समस्या के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। वे आवारा कुत्तों की समस्या को खत्म करने के लिए शांतिपूर्ण वातावरण बनाने में मदद कर सकते हैं। सबसे पहले, जिम्मेदार फीडिंग अपनाएं। सड़कों पर भोजन फेंकने के बजाय, निर्धारित जगहों पर या अपने घरों में कुत्तों को रखकर ही खिलाएं। इससे कुत्ते आक्रामक नहीं बनेंगे और लोगों को डर नहीं लगेगा। दूसरा, एडॉप्शन को बढ़ावा दें। पशु प्रेमी आवारा कुत्तों को गोद लें, उन्हें घर दें और उनकी देखभाल करें। भारत में कई एनजीओ जैसे वीओएसडी और स्ट्रे एनिमल फाउंडेशन इंडिया इस काम में लगे हैं। पशु प्रेमी समुदाय बनाकर स्थानीय स्तर पर कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण अभियान चला सकते हैं। तीसरा, शिक्षा और जागरूकता फैलाएं। लोगों को बताएं कि आवारा कुत्तों को नियंत्रित करने से सभी का लाभ है। पशु प्रेमी सोशल मीडिया और कम्युनिटी ग्रुप्स के माध्यम से यह संदेश फैला सकते हैं कि पशु कल्याण मानव सुरक्षा से अलग नहीं है। यदि पशु प्रेमी इन कदमों को अपनाएं, तो आवारा कुत्तों की समस्या कम हो सकती है और यह सभी के लिए शांतिपूर्ण वातावरण बन सकता है। अब सवाल है कि कॉर्पोरेट कंपनियां और पशु प्रेमी मिलकर आवारा कुत्तों का प्रबंधन कैसे करें ताकि नागरिकों को नुकसान न हो? कॉर्पोरेट सामा. जिक दायित्व द्धसीएसआरत्र के तहत कंपनियां बड़ा योगदान दे सकती हैं। वे एनजीओ के साथ साझेदारी करके शेल्टर बना सकती हैं, जो सरकारी डॉग शेल्टर से बेहतर बने, जहां आवारा कुत्तों को रखा जाए, उनकी नसबंदी और वैक्सीनेशन किया जाए। मसलन, दिल्ली जैसे शहर में 10 लाख आवारा कुत्तों को शेल्टर में रखने का खर्च करीब 700-800 करोड़ रुपए सालाना हो सकता है, लेकिन कॉर्पोरेट फंडिंग से यह संभव हो सकता है। पशु प्रेमी इन शेल्टर में वॉलंटियर के रूप में काम कर सकते हैं, कुत्तों की देखभाल कर सकते हैं और एडॉप्शन इवेंट आयोजित कर सकते हैं। कंपनियां स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित कर सकती हैं जो कुत्तों के लिए फूड डिलीवरी या हेल्थ सर्विसेस प्रदान करें। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों के साथ मिलकर शिक्षा कार्यक्रम चला सकते हैं, जहां कुत्तों को वैक्सीनेट किया जाए और अनावश्यक कुत्तों को शेल्टर में भेजा जाए। शहरों में, पशु प्रेमी और कंपनियां मिलकर 'ट्रैप, न्यूटर, रिलीज' प्रोग्राम चला सकते हैं, जो कानूनी रूप से अनुमत है। इससे कुत्तों की संख्या नियंत्रित होगी और वे आक्रामक नहीं बनेंगे। कंपनियां अपने कर्मचारियों को एडॉप्शन के लिए प्रोत्साहित कर सकती हैं और पशु प्रेमी क्लब बना सकती हैं जहां अनुभव साझा किए जाएं। इस संयुक्त प्रयास से न केवल आवारा कुत्तों की समस्या हल होगी बल्कि पशु कल्याण भी सुनिश्चित होगा। सरकार को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी, लेकिन समाज की भागीदारी के बिना कोई बदलाव संभव नहीं। भारत में यह समस्या इसलिए गंभीर है क्योंकि हम पशु प्रेम और मानव सुरक्षा को अलग-अलग देखते हैं, जबकि दोनों एक सिक्के के दो पहलू हैं। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती एक अवसर है कि हम सभी मिलकर एक ऐसा भारत बनाएं जहां कुत्ते और इंसान शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व में रहें। पशु प्रेमी आगे आएं, कॉर्पोरेट सहयोग दें और सरकार क्रियान्वयन करे। तभी हम इस समस्या से मुक्ति पा सकेंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत से संघर्ष के बाद हमारे फाइटर-जेट्स डिमांड में

## पाकिस्तान पीएम शहबाज का दावाः बांग्लादेश समेत 6 मुस्लिम देशों को जेएफ-17 बेचने की बात चल रही

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ का दावा है कि भारत के साथ पिछले साल मई में हुए संघर्ष के बाद पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों की डिमांड बढ़ गई है। रेडियो पाकिस्तान के मुताबिक, उन्होंने कहा किया कि कई देश पाकिस्तानी फाइटर जेट्स खरीदने के लिए बातचीत कर रहे हैं। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि किन फाइटर जेट्स की डिमांड बढ़ी है।

हालांकि कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि कई देश पाकिस्तान जेएफ-17 थंडर फाइटर जेट्स खरीदने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। इनमें बांग्लादेश, सूडान, लीबिया, सऊदी अरब, इराक और इंडोनेशिया जैसे देश शामिल हैं। रायटर्स के मुताबिक, इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री ने 12 जनवरी को पाकिस्तान के वायु सेना प्रमुख जहीर अहमद बाबर सिद्धू से मुलाकात की और करीब 40 जेएफ-17 खरीदने पर बात की। वहीं बांग्लादेश के अखबार डेली स्टार के मुताबिक, पाकिस्तान, बांग्लादेश को भी जेएफ-17 फाइटर जेट बेचेगा। इसको लेकर



■ पाक सेना ने अभी तक लीबिया या सऊदी अरब के साथ इस समझौतों को लेकर कोई औपचारिक बयान नहीं दिया

दोनों देशों के वायुसेना प्रमुखों के बीच बातचीत हो चुकी है। इसी तरह रायटर्स की रिपोर्ट मे दावा किया गया है कि पाकिस्तान ने 7 जनवरी को सऊदी अरब को जेएफ-17 बेचने को लेकर बात की है। पाकिस्तान सऊदी अरब से मिले 2 अरब डालर के लोन के बदले यह सौदा कर रहा है। हालांकि, रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि पाकिस्तानी सेना ने अभी तक लीबिया या सऊदी अरब के साथ इस समझौतों को लेकर कोई औपचारिक बयान नहीं दिया है। बांग्लादेश ने भी अभी तक पाकिस्तान के साथ किसी कान्ट्रैक्ट पर साइन नहीं किए हैं। पिछले 10 सालों में कई देशों ने पाकिस्तान का जेएफ-17 थंडर फाइटर जेट खरीदने की इच्छा जताई है। नाइजीरिया, म्यांमार और अजरबैजान के मिलिट्री बेड़े में पहले से ही यह जेट शामिल है। अल-जजीरा के मुताबिक, इसके पहले पाकिस्तान ने दिसम्बर 2025 में लीबिया के विद्रोही गुट, लीबियाई नेशनल आर्मी (एलएनए) को 4 अरब डालर में एक दर्जन से ज्यादा जेएफ-17 फाइटर जेट बेचने का सौदा किया था। ये पाकिस्तान के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी हथियारों की डील कही जा रही है। रायटर्स की रिपोर्ट में ये भी दावा किया गया है कि पाकिस्तान सुडान के साथ भी 12500 करोड़ रूपए की डिफेंस डील करने वाला है, जिसमें जेएफ-17 फाइटर जेट भी शामिल हैं। पाकिस्तान सरकार के मुताबिक, जेएफ-17 थंडर एक मल्टी-रोल काम्बैट एयरक्राफ्ट है, जिसे पाकिस्तान ने चीन के साथ मिलकर जून 2007 में तैयार किया था।

### इसके अलावा भी जेएफ-17 फाइटर जेट में कुछ खामियां हैं

**कम पावर वाला इंजनः** विमान में एक ही आरडी-93 इंजन होने की वजह से इसका थ्रस्ट कम है, जिससे भारी हथियार ले जाते समय स्पीड कम हो जाती है।

**ज्यादा हथियार नहीं ले जा सकताः** जेएफ-17 लगभग 3.6 टन हथियार ही ले जा सकता है। यानी ज्यादा हथियार ले जाना हो, तो फ्यूल कम करना पड़ता है।

**एवियोनिक्स सिस्टम कमजोरः** एवियोनिक्स विमान के वह इलेक्ट्रानिक सिस्टम होते हैं जो उसे उड़ाने, रास्ता तय करने और युद्ध लड़ने में मदद करते हैं।

**इलेक्ट्रानिक वारफेयर सिस्टम सामान्यः** इसका जैमिंग और सेंसर सिस्टम की खतरे को पहचानने और विमान की सुरक्षा करने में क्षमता सीमित है।



ईरान। सरकार विरोधी प्रदर्शनों के समर्थन में बर्लिन में एक रैली में भाग लेते लोग।

## रोड्रिग्ज, ट्रम्प ने द्विपक्षीय 'अनसुलझे मुद्दों' पर पहली बार बात की

**मेक्सिको सिटी।** वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से तेल, खनिज, व्यापार और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर टेलीफोनिक संवाद करके अपनी सरकारों के बीच 'अनसुलझे मुद्दों' पर चर्चा की। रोड्रिग्ज ने कहा कि उनकी ट्रम्प के साथ लम्बी और सौहार्दपूर्ण माहौल में बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि बातचीत में दोनों देशों के लिए एक सहयोगी एजेंडा के साथ-साथ बकाया द्विपक्षीय मामलों पर ध्यान केंद्रित किया गया। गौरतलब है कि रोड्रिग्ज के 5 जनवरी को वेनुजुएला के राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद दोनों नेताओं का यह पहला संवाद है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन ने ऊर्जा क्षेत्र में आपातकाल लागू किया

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोडिमिर जेलेंस्की ने रूसी हमलों और खराब मौसम की वजह से देश के ऊर्जा क्षेत्र सेक्टर में आपातकाल लागू करने की घोषणा की है। श्री जेलेंस्की ने बुधवार को टेलीग्राम पर कहा कि इस कदम का मकसद 'बैकअप पावर इक्विपमेंट' को बिजली नेटवर्क से जोड़ने से जुड़ी औपचारिक प्रक्रियाओं को आसान बनाना है। उन्होंने कहा कि उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बिजली आयात बढ़ाने का निर्देश दिया है। इसके अलावा सरकार बहुत ज्यादा ठंड के मौसम में निषेधज्ञा नियमों की समीक्षा करेगी और शिक्षा प्रक्रिया के तरीकों पर विचार करेगी। जेलेंस्की ने बताया कि यूक्रेन की राजधानी कीव, ओडेसा और मध्य यूक्रेन के निप्रोपेट्रोव्स्क क्षेत्र में ऊर्जा की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है।

### उत्तरी कैलिफोर्निया में सड़क हादसे में छह की मौत, एक घायल

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के उत्तरी कैलिफोर्निया में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। कैलिफोर्निया की पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना बुधवार को स्थानीय समय के अनुसार सुबह करीब 10 बजे उत्तरी सैक्रामेंटो घाटी के तेहामा काउंटी में घटित हुई, जहां एक पिकअप ट्रक सेंटर लाइन पार करके सामने से आ रही एक बस को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि बस में पांच यात्री और एक चालक सवार थे। टक्कर के बाद बस में आग लग गई और दोनों चालक और चार यात्रियों को मौके पर ही मौत हो गई।

### जापान के होक्काइडो में 5.5 तीव्रता का भूकंप

**बीजिंग।** जापान के होक्काइडो में बुधवार को 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। इसमें जान-माल के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है। जर्मन भूविज्ञानशोध केंद्र (जीएफजेड) ने यह जानकारी दी है। शोध केन्द्र ने बताया कि शुरू में भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई पर 42.81 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 145.36 डिग्री पूर्व अक्षांश पर था।

# ईरान की ओर बढ़ रहा अमेरिकी वॉरशिप

## रिपोर्टः एयरक्राफ्ट कैरियर यूएस अब्राहम लिंकन भी शामिल, अमेरिका ने वेनेजुएला में हमले से पहले ऐसे ही घेराबंदी की थी

वाशिंगटन। ईरान में जारी सरकार विरोधी प्रदर्शन के बीच अमेरिका ईरान के आस-पास अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ाने की तैयारी में है। अमेरिकी नौसेना का यूएस अब्राहम लिंकन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप के साथ साउथ चाइना सी से मिडिल ईस्ट की ओर रवाना हो गया है। यूएस अब्राहम लिंकन अमेरिकी नौसेना का एक न्यूक्लियर-पावर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर है। यह दुनिया के सबसे बड़े और सबसे ताकतवर वारशिप में से एक माना जाता है।

अमेरिकी न्यूज वेबसाइट न्यूज नेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, ये फैसला ईरानी एयरस्पेस के बंद होने के ठीक एक घंटे बाद लिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, स्ट्राइक ग्रुप को चीन की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए साउथ चाइना सी में तैनात किया था, लेकिन अब इसकी मूवमेंट देखी गई है। इसे मिडिल ईस्ट पहुंचने में करीब एक हफ्ता लग सकता है। हालांकि, अभी तक अमेरिकी अधिकारियों की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। अमेरिका ने वेनेजुएला में भी हमले से पहले इसी तरह तैनाती बढ़ाई थी। यूएस अब्राहम लिंकन ने साउथ चाइना सी में 12 जनवरी को लाइव फायरिंग अभ्यास किया न्यूज नेशन की व्हाइट हाउस संवाददाता केली मेयर ने सूत्रों के हवाले से बताया कि यह ग्रुप अब साउथ चाइना सी से सेंट्रल कमांड क्षेत्र की ओर जा रहा है। जो मिडिल ईस्ट, उत्तर-पूर्वी अफ्रीका, सेंट्रल एशिया और साउथ एशिया के 21 देशों को कवर करता है। फिलहाल मिडिल ईस्ट में कोई अमेरिकी कैरियर स्ट्राइक ग्रुप मौजूद नहीं है। इससे पहले यूएस अब्राहम लिंकन साउथ चाइना सी में रूटीन ऑपरेशन कर रहा था। इसमें एक सुपरकैरियर, 3-6 डिस्ट्रायर्स, 1-2 पनडुब्बियां, 7000-8000 सैनिक और 65-70 विमान (एफ-35, एफ/ए-18 आदि) शामिल हैं। यूएस अब्राहम लिंकन अमेरिका के कैरियर स्ट्राइक ग्रुप-3 (सीएसजी-3) का हिस्सा है, जिसमें एक न्यूक्लियर-पावर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर के साथ कई युद्धपोत और पनडुब्बियां शामिल होती हैं। अमेरिकी नेवी की आधिकारिक वेबसाइट एपरपैक नेवी के मुताबिक, इस ग्रुप में 1 एयरक्राफ्ट कैरियर यूएस अब्राहम लिंकन के साथ आम तौर पर 3 से 4 गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रायर्स होते हैं, जो एयर डिफेंस, एंटी-सबमरीन और लैंड-अटैक ऑपरेशन कर सकते हैं। इस ग्रुप में 1 क्रूजर भी शामिल किया जाता है, जो आपरेशंस के दौरान कमांड और कंट्रोल का काम करता है। हालांकि पिछले कुछ सालों में क्रूजर की जगह डिस्ट्रायर्स शामिल किए जाने लगे हैं। इसके अलावा इस ग्रुप में 1 से 2 न्यूक्लियर अटैक सबमरीन तैनात रहती हैं, जो दुश्मन के जहाजों और पनडुब्बियों को ट्रैक करने के साथ-साथ 'टोमाहाक' मिसाइलें दाग सकती हैं। लाजिस्टिक सपोर्ट के लिए सपोर्ट जहाज (जैसे आयलर और सप्लाई शिप) भी साथ चलते हैं। कुल मिलाकर, कैरियर स्ट्राइक ग्रुप-3 1 कैरियर, 3-6 सर्फेस वारशिप, 1-2 पनडुब्बियां और सपोर्ट शिप्स के साथ चलता है। ट्रम्प ने कहा कि ईरान की धार्मिक सरकार गिर सकती है, लेकिन ईरान के आखिरी शाह कहे जाने वाले रेजा पहलवी नई सरकार बनाने जितना समर्थन जुटा पाएंगे, इस पर कुछ कहा नहीं जा सकता।

ट्रम्प ने कहा कि ईरान की मौजूदा सरकार गिरे चाहे न गिरे, ये समय बहुत दिलचस्प होने वाला है। ट्रम्प ने कहा कि उन्हें भरोसा दिलाया गया है कि ईरान की सरकार ने तेजी से मुकदमे चलाने और फांसी देने की योजनाओं को फिलहाल रोक दिया है। ट्रम्प ने कहा कि रेजा पहलवी अच्छे इंसान हैं, लेकिन मुझे नहीं पता कि वह अपने देश में कैसे लौट पाएंगे। मुझे नहीं पता कि उनका अपने देश के लोगों के साथ रिश्ता कैसा है। यह भी नहीं पता कि देश के लोग उनके नेतृत्व को स्वीकार करेंगे या नहीं। अगर वे स्वीकार कर लेते हैं तो मुझे इससे कोई आपत्ति नहीं होगी। अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में अपने कुछ सैन्य अड्डों से कर्मचारियों को निकालना शुरू कर दिया है। रायटर्स के अनुसार, कतर में स्थित अल उदैद एयर बेस (जो मिडिल ईस्ट का सबसे बड़ा अमेरिकी बेस है और करीब 10,000 सैनिक तैनात है) से कुछ कर्मचारियों को बुधवार शाम तक निकालने को कहा गया है।



■ दुनिया के सबसे बड़े और सबसे ताकतवर वारशिप में से एक माना जाता है, अब्राहम लिंकन अमेरिकी न्यूक्लियर-पावर्ड एयरक्राफ्ट

### ईरान ने अपने हवाई क्षेत्र को उड़ानों के लिए बंद किया

**तेहरान।** ईरान ने बुधवार रात को हवाई सफर को लेकर अलर्ट जारी किया, जिसमें देश की पहले से अनुमति वाली अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को छोड़कर सभी उड़ानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया गया है। नोटिस में कहा गया है कि यह रोक स्थानीय समय अनुसार सुबह 4:00 बजे तक दो घंटे से ज्यादा समय तक लागू रहेगी, लेकिन इसे बढ़ाया भी जा सकता है। ईरान में अमेरिकी वर्चुअल दूतावास ने मंगलवार को अमेरिकी नागरिकों से देश छोड़ने का आग्रह किया था।

# जून में जो गलती की, उसे दोबारा न करे अमेरिका

**तेहरान।** ईरान में जारी विरोध प्रदर्शन के बीच तनाव बना हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हाल ही में एक बयान में प्रदर्शनकारियों का समर्थन करते हुए उनसे विरोध प्रदर्शन जारी रखने की अपील की थी। उन्होंने ये भी कहा मदद आ रही है। इस पोस्ट के बाद कयास लगने लगे कि शायद अमेरिका, ईरान पर हमला कर सकता है। अब इन कयासों के बीच ईरान की सरकार ने चेतावनी दी है कि पिछली गलती न दोहराएं।

माना जा रहा है कि ईरान ने जून 2025 में ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले से जोड़ते हुए ये बात कही। अमेरिकी मीडिया चैनल फाक्स न्यूज के साथ बातचीत में ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर तीखा हमला बोला। फाक्स न्यूज के होस्ट ब्रेट बेयर ने जब ये सवाल किया कि क्या उनके पास राष्ट्रपति ट्रम्प के लिए कोई संदेश है, जो प्रदर्शनकारियों की मदद के लिए किसी तरह की कार्रवाई पर विचार कर रहे हैं? इस पर ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि मेरा संदेश है कि जून में आपने जो गलती की थी, उसे दोबारा न दोहराएं। आप जानते हैं, अगर आप एक असफल अनुभव को दोहराते हैं, तो आपको वही परिणाम मिलेगा। अब्बास अराघची ने कहा कि आपने जून में हमारे परमाणु केंद्रों पर हमला किया, मशीनों को नष्ट कर दिया, लेकिन तकनीक पर बमबारी नहीं की जा सकती और दृढ़ संकल्पों पर भी बमबारी नहीं की जा सकती। विदेश मंत्री अराघची ने आगे कहा कि ईरान हमेशा बातचीत और कूटनीति के लिए तैयार रहा है, लेकिन उन्होंने अमेरिका पर इससे बचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ईरान बातचीत और कूटनीति के लिए तैयार है। हमने पिछले 20 वर्षों में यह साबित किया है, लेकिन यह अमेरिका है जो हमेशा कूटनीति से बचता रहा, जिसने कूटनीति को खत्म किया और युद्ध को चुना। मेरा संदेश है कि युद्ध और कूटनीति के बीच, कूटनीति एक बेहतर तरीका है।



■ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की धमकी के बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची की चेतावनी

# कनाडा की मांगः भारत गोल्ड चोरी के आरोपी को सौंपे

**ओटावा।** कनाडा ने भारत सरकार से अनुरोध किया है कि 2023 में हुई 400 किलो सोने की चोरी के मामले में मुख्य आरोपी सिमरन प्रीत पनेसर को भारत से कनाडा भेजा जाए। पनेसर पर 2023 में टोरंटो पियर्सन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुई सोने के चोरी की साजिश रचने का आरोप है।

कनाडाई अधिकारियों का कहना है कि अपराध करने के बाद वह भारत भाग गया। इसके बाद पनेसर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। 33 साल का पनेसर, पहले एयर कनाडा का कर्मचारी था। पुलिस के मुताबिक, उसने फ्लाइट से शुद्ध सोने की 6600 ईंटें और लगभग 2.5 मिलियन डालर (21 करोड़ रुपये से ज्यादा) की फारेन करेंसी चुराई। सोने का कुल वजन करीब 400 किलो था, जिसकी कीमत 180 करोड़ रुपये थी। अधिकारियों ने कहा कि पनेसर ने एयरलाइन सिस्टम से छेड़छाड़ करके चोरी को संभव बनाया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय अधिकारी इस अनुरोध पर विचार करेंगे और फिर पनेसर को सौंपने का फैसला लेंगे। इस मामले में कनाडा पुलिस ने 12 जनवरी को अर्सलान चौधरी नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने एक आरोपी के भारत में होने का दावा किया था।

■ दो साल पहले 180 करोड़ का 400 किलो सोना चुराया था

■ अपराध करने के बाद वह भारत भाग गयाः कनाडाई अधिकारी

## ब्रिटेन ने अपने नागरिकों को इजरायल की यात्रा नहीं करने की दी हिदायत

**लंदन।** ब्रिटेन ने अपने नागरिकों को इजरायल की यात्रा नहीं करने की सहाल दी है। ब्रिटिश सरकार बुधवार को 'बहुत जरूरी यात्रा' को छोड़कर सभी यात्राओं को लेकर चेतावनी जारी की। सरकार ने इसके पीछे क्षेत्र में बढ़ते तनाव का हवाला दिया है, जिससे यात्रा में रुकावट और दूसरे अप्रत्याशित असर हो सकते हैं। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी यात्रा दिशानिर्देश में कहा गया है कि बिगड़ता सुरक्षा माहौल यात्रियों के लिए जोखिम बढ़ा रहा है और क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में सावधानी बरतने का आग्रह किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह दिशानिर्देश इजरायल और फिलिस्तीनी क्षेत्रों दोनों पर लागू होगी और इसकी लगातार समीक्षा की जा रही है।

# गोल्डन डोम प्रोजेक्ट के लिए ग्रीनलैंड की जरूरतः अमेरिका

## कुछ न कुछ हल निकालेंगे, ग्रीनलैंड की विदेश मंत्री बोलीः अमेरिका का गुलाम नहीं बनना

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फिर से ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने की अपनी इच्छा दोहराई है। उन्होंने कहा कि कुछ न कुछ हल निकल आएगा। ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को गोल्डन डोम नामक बड़े रक्षा प्रोजेक्ट के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया है। गोल्डन डोम अमेरिका का मिसाइल रक्षा प्रोजेक्ट है। यह प्रोजेक्ट इजरायल के आयरन डोम से प्रेरित है।

गोल्डन डोम का मकसद चीन, रूस जैसे देशों से आने वाले खतरे से अमेरिका को बचाना है। ट्रम्प का यह बयान व्हाइट हाउस में अमेरिका, डेनमार्क और ग्रीनलैंड के अधिकारियों के बीच हुई हाई कमेटी बैठक के बाद आया है। इस बैठक में कोई बड़ा समझौता नहीं हुआ। बैठक के बाद ग्रीनलैंड की विदेश मंत्री विवियन मोट्जफेल्ड ने कहा कि उन्हें अमेरिका के साथ संबंधों को मजबूत करने की उम्मीद है। लेकिन ग्रीनलैंड पर अमेरिका का राज स्वीकार नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ अपने सहयोग को मजबूत करना हमारे लिए ठीक है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम अमेरिका के गुलाम होना चाहते हैं। डेनमार्क और ग्रीनलैंड के विदेश मंत्री व्हाइट हाउस में चल रही बातचीत को निर्धारित समय से डेढ़ घंटे पहले ही छोड़कर निकल गए। उन्होंने आगे कहा कि अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड नहीं लिया, तो रूस या चीन इसे ले लेंगे और वे ऐसा कभी नहीं होने देंगे। ट्रम्प का कहना है कि नाटो को इस मामले में आगे आना चाहिए और अमेरिका को ग्रीनलैंड दिलाने में मदद करनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि ग्रीनलैंड अमेरिका के हाथ में होने से नाटो और ज्यादा मजबूत और प्रभावी हो जाएगा। व्हाइट हाउस में हुई बातचीत में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोक्के रासमुसेन और ग्रीनलैंड की विदेश मंत्री विवियन मोट्जफेल्ट शामिल हुईं। इस बैठक में कोई बड़ा समझौता नहीं हुआ है। हालांकि, बैठक के बाद तीनों पक्षों ने ग्रीनलैंड से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए एक संयुक्त वर्किंग ग्रुप बनाने पर सहमति जताई, जिसकी बैठकें आने वाले हफ्तों में होंगी। रासमुसेन ने साफ कहा कि अमेरिका के साथ असहमति बनी हुई है। हमारा रुख काफी अलग है। उन्होंने ट्रम्प के ग्रीनलैंड को खरीदने या कब्जा करने के विचार को पूरी तरह अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा कि हमने बहुत स्पष्ट रूप से कहा है कि यह डेनमार्क के हित में नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देश आर्कटिक में सुरक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार हैं, जिसमें ग्रीनलैंड में और ज्यादा अमेरिकी सैन्य अड्डे बनाने की संभावना भी शामिल है।



■ गोल्डन डोम अमेरिका का मिसाइल रक्षा प्रोजेक्ट है, यह प्रोजेक्ट इजरायल के आयरन डोम से प्रेरित है

# ट्रम्प पाक सहित 75 देशों के लिए वीजा सर्विस रोकेंगे

## लिस्ट में बांग्लादेश समेत भारत के 6 पड़ोसी, मकसद-अमेरिका आने वाले विदेशियों की संख्या घटे

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने 75 देशों के लिए 21 जनवरी से वीजा जारी करने की पूरी प्रोसेस रोकने का फैसला किया है। इसमें पाकिस्तान और बांग्लादेश समेत भारत के 6 पड़ोसी देश हैं। फाक्स न्यूज के मुताबिक, यह फैसला अमेरिकी विदेश मंत्रालय के एक मेमो के आधार पर लिया गया है।

इस फैसले का मकसद अमेरिका आने वाले विदेशियों की संख्या कम करना है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बताया कि अब वह अपनी उस कानूनी शक्ति का इस्तेमाल करेगा, जिसके तहत ऐसे लोगों को वीजा देने से रोका जा सकता है, जिनके बारे में आशंका हो कि वे अमेरिका आकर सरकारी मदद या वेलफेयर योजनाओं पर निर्भर हो सकते हैं। अमेरिकी दूतावासों और कांसुलर अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे वीजा आवेदनों को तब तक खारिज करें, जब तक जांच और सत्यापन की प्रक्रिया की दोबारा समीक्षा नहीं हो जाती। इस रोक को कितने समय तक लागू रखा जाएगा, इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता टामी पिगाट ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन अमेरिका की इमिग्रेशन व्यवस्था के गलत इस्तेमाल को खत्म करना चाहता है और उन लोगों को रोकना चाहता है जो अमेरिकी जनता के पैसे का फायदा उठाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इन 75 देशों के लिए इमिग्रेंट वीजा की प्रक्रिया तब तक रोकी जाएगी, जब तक विदेश मंत्रालय यह दोबारा जांच नहीं कर लेता कि ऐसे लोगों की एंट्री कैसे रोकी जाए जो सरकारी मदद और सार्वजनिक लाभ ले सकते हैं। इस नए फैसले का असर टूरिस्ट, बिजनेस या अन्य अस्थायी वीजा पर नहीं पड़ेगा। इसमें इस साल होने वाले फुटबाल वर्ल्ड कप को देखने आने वाले लोग भी शामिल हैं, हालांकि ट्रम्प प्रशासन ने सभी वीजा आवेदकों के सोशल मीडिया अकाउंट्स की जांच करने की बात कही है। दुनिया के कई देशों को शामिल करते हुए एक पूरी लिस्ट जारी की गई है। इस लिस्ट में एशिया, अफ्रीका, यूरोप, कैरिबियन और नार्थ-साउथ अमेरिका के देश शामिल हैं। एशिया महाद्वीप के देश- अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, बांग्लादेश, भूटान, बर्मा (म्यांमार), कंबोडिया, ईरान, इराक, जार्डन, कजाकिस्तान, कुवैत, किर्गिस्तान, लाओस, लेबनान, मंगोलिया, नेपाल, पाकिस्तान, सीरिया, थाईलैंड, उज्बेकिस्तान और यमन। अफ्रीका महाद्वीप के देश। अल्जीरिया, कैमरून, केप वर्डे, कोटे डी आइवर, कांगो, मिस्र, इरिट्रिया, इथियोपिया, गैम्बिया, घाना, गिनी, हैती, लाइबेरिया, लीबिया, मोरक्को, नाइजीरिया, कांगो गणराज्य, रवांडा, सेनेगल, सिएरा लियोन, सोमालिया, दक्षिण सूडान, सूडान, तंजानिया, टोगो, ट्यूनीशिया और युगांडा। यूरोप महाद्वीप के देश-रूस, अल्बानिया, बेलारूस, बोस्निया, जार्जिया, कोसोवो, मैसेडोनिया (नार्थ मैसेडोनिया), मोल्दोवा और मोंटेनेग्रो। उत्तर अमेरिका (कैरिबियन सहित) एंटीगुआ और बारबुडा, बहामास, बारबाडोस, बेलीज, क्यूबा, डोमिनिका, ग्रेनाडा, हैती, जमैका, सेंट किट्स और नेविस, सेंट लुसिया, सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइन्स। दक्षिण और सेंट्रल अमेरिकी देश-ब्राजील, कोलंबिया, उरुग्वे, ग्वाटेमाला और निकारागुआ। ट्रम्प गैर यूरोपीय देशों का इमिग्रेशन कम करना चाहते हैं- मास्को

■ जब तक विदेश मंत्रालय यह दोबारा जांच नहीं कर लेता कि ऐसे लोगों की एंट्री कैसे रोकी जाए जो सरकारी मदद और सार्वजनिक लाभ ले सकते हैं




